पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण

PENSION FUND REGULATORY AND DEVELOPMENT AUTHORITY

वार्षिक रिपोर्ट

Annual Report

2021-22

वार्षिक रिपोर्ट
Annual Report
2021-22

पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण
Pension Fund Regulatory and Development Authority

बी–14/ए, छत्रपति शिवाजी भवन, कुतुब संस्थानिक क्षेत्र कटवारिया सराय, नई दिल्ली–110016

B-14/A, Chhatrapati Shivaji Bhawan, Qutub Institutional Area,
Katwaria Sarai, New Delhi-110016

यह रिपोर्ट पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (रिपोर्ट, रिटर्न और विवरणी) नियम, 2015 में निर्धारित वार्षिक रिपोर्ट के प्रारूप के अनुरूप है।

नोटः अंग्रेजी और हिन्दी संस्करणों के बीच सन्देह या विसंगति होने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

Note:- In case of any conflict between the Hindi version and the English version, the English version will prevail.

पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण
PENSION FUND REGULATORY AND DEVELOPMENT AUTHORITY

सत्यमेव जयते

Azadi Ka Amrit Mahotsav

सुप्रतिम बंदोपाध्याय
अध्यक्ष
Supratim Bandyopadhyay
Chairperson

<u>प्रेषण पत्र</u>

फा.स. पीएफआरडीए/09/02/11/0002/2022– वार्षिक रिपोर्ट विभाग 11 नवंबर 2022

सचिव
वित्तीय सेवाएं विभाग
वित्त मंत्रालय
भारत सरकार
संसद मार्ग, जीवनदीप भवन
नई दिल्ली –110001

विषय– वित्त वर्ष 2021–22 के लिए पीएफआरडीए की वार्षिक रिपोर्ट ।

महोदय,

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम 2013 की धारा 46(2) के प्रावधान के अनुसार, पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण के 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियाँ आपको प्रेषित करते हुए मुझे अति प्रसन्नता हो रही है।

भवदीय

(सुप्रतिम बंदोपाध्याय)

विषयवस्तु तालिका

लक्ष्य एवं उद्देश्यों का वक्तव्य		11
उद्देश्य		11
परिकल्पना		11
अध्यक्ष महोदय का संदेश		13
बोर्ड के सदस्य		15
प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारीगण		16
संक्षिप्तियां		17
भागू-I		
नीतियां और कार्यक्रम		20
1.1	वैश्विक आर्थिक परिदृश्य	20
1.1.1	मुद्रास्फीति	20
1.1.2	वैश्विक वस्तुओं की कीमतें	21
1.1.3	वैश्विक आर्थिक परिवेश	21
1.1.4	बॉन्ड और इक्विटी बाजार	22
1.2	घरेलू अर्थव्यवस्था	22
1.2.1	भारत में समष्टि अर्थव्यवस्था का विकास	22
1.2.2	मुद्रास्फीति.	22
1.2.3	मौद्रिक प्रबंधन	23
1.3	वित्तीय बाजार	24
1.3.1	जी–सेक बाजार	24
1.3.2	कॉर्पोरेट बांड बाजार	25
1.3.3	इक्विटी बाजार	25
1.4	वैश्विक पेंशन बाजार की समीक्षा	25
1.4.1	वर्ष 2021 में ओईसीडी क्षेत्र में पेंशन निधि आस्तियां	25
1.4.2	वर्ष 2021 में इक्विटी निवेश	27
1.5	पेंशन अनुभाग के लिए बजट 2022 में प्रमुख घोषणा	28
1.6	भारतीय जनसांख्यिकी और वृद्धावस्था आय सुरक्षा	29
1.7	भारतीय पेंशन परिदृश्य	29
1.8	पीएफआरडीए के लक्ष्यों की संक्षेप में समीक्षा	33
1.9	एनपीएस के तहत मध्यस्थ इकाईयां	34
1.9.1	राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली से संबंधित मध्यस्थ तथा अन्य इकाईयां तथा अधिनियम के तहत आने वाली अन्य पेंशन योजनाएं	34
1.9.2	खाते के प्रकार	37

1.9.3	लोकसंपर्क	37
भाग-II		
एनपीएस के तहत निधियों का निवेश		
2.1	पेंशन निधियां (पीएफ्स)	38
2.1.1	पेंशन निधियों के कार्य	38
2.1.2	सरकारी क्षेत्र एनपीएस योजनाओं अर्थात् (सीजी और एसजी), एनपीएस स्वावलम्बन और एपीवाई के लिए पेशन निधियों की सूची	39
2.1.3	निजी क्षेत्र एनपीएस योजनाओं के लिए पेंशन निधियों (पीएफ्स) की सूची	39
2.2	योजनाएं	39
2.3	पेंशन निधियों से संबंधित विनियम, अधिसूचनाएं, जारी प्रमुख परिपत्र/दिशानिर्देश	46
2.4	निरीक्षण	48
भाग-III		
प्राधिकरण के कार्य		
3.1	मध्यस्थों का पंजीकरण तथा स्थगन, निरसन आदि	49
3.2	योजनाओं, उनकी नियम और शर्तों का अनुमोदन	54
3.3	राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली से अभिदाताओं का निकास	54
3.3.1	पीएफआरडीए (एनपीएस के तहत निकास और प्रत्याहरण) विनियम, 2015,और उसके तहत किए गए संशोधन	54
3.3.2	एनपीएस के तहत आंशिक प्रत्याहरण	57
3.4	राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली तथा अधिनियम के अंतर्गत अन्य पेंशन योजनाओं के तहत अभिदाताओं के हितों की रक्षा के लिए की गई गतिविधिया	63
3.5	अभिदाताओं की शिकायतों के निवारण के लिए तंत्र तथा ऐसी शिकायतों के निवारण के लिए किये गए क्रियाकलाप	66
3.5.1	वित्त वर्ष 2021–22 के लिए प्राप्त, सुलझाई गई और लंबित शिकायतों की संख्या.	71
3.5.2	वित्त वर्ष 2021–22 के लिए राज्यवार प्राप्त शिकायतें	71
3.5.3	पीएफआरडीए द्वारा उठाए गए कदम	72
3.6	सेवानिवृत्ति सलाहकारों के लिए प्रमाणन कार्यक्रम	73
3.7	प्राधिकरण तथा मध्यस्थों द्वारा आंकड़ों का संकलन,जिनमें अध्ययन, अनुसंधान तथा परियोजनाओं को शुरू करना शामिल है	73
3.8	अभिदाताओं तथा सामान्य जनता के लिए पेंशन, सेवानिवृत्ति बचत तथा सम्बंधित मुद्दों पर उठाये गए कदम तथा मध्यस्थ इकाईयों के प्रशिक्षण विवरण	74
3.8.1	वित्तीय साक्षरता वित्तीय अभिकरणों और अन्य अभिकरणों के साथ समन्वय कार्यक्रम	74
3.8.2	पीएफआरडीए द्वारा उठाए गए कदम	74
3.8.3	मीडिया और संचार पर पीएफआरडीए के प्रयास और एनपीएस/ एपीवाई जागरूकता	75
3.8.4	सोशल मीडिया पर पीएफआरडीए	78
3.8.5	जनसंपर्क अभिकरण	78
3.8.6	प्रशिक्षण	78

3.8.7	एनपीएस और एपीवाई सूचना सहायता पटल	79
3.9	वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान आयोजित सम्मेलन/बैठकें और उठाए गए अन्य कदम	79
3.9.1	केंद्र और राज्य सरकार क्षेत्र के तहत सम्मेलन	79
3.9.2	सरकारी/निजी क्षेत्र में एनपीएस के सुलभ कार्यान्वयन के लिए उठाए गए कदम	82
3.9.3	कोर्पोरेट क्षेत्र के तहत सम्मेलन	89
3.9.4	अटल पेंशन योजना के तहत कार्यक्रम	90
3.10	पेंशन निधियों के प्रदर्शन	93
3.11	विनियमित आस्तियां	96
3.12	वित्त वर्ष के दौरान प्राधिकरण द्वारा प्रभारित या संकलित किए जाने वाले अन्य शुल्क या प्रभार	97
3.13	मध्यस्थ इकाईयों की लेखापरीक्षा के दौरान मांगी गई सूचना, किये गए निरीक्षण, जांच, अन्वेषण तथा पेंशन निधियों से सम्बंधित अन्य इकाईयां संगठन	99
3.13.1	जांच और अन्वेषण	99
3.13.2	निरीक्षण और लेखापरीक्षा	99
3.14	अन्य	100
3.14.1	राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली तथा अधिनियम के अधीन अन्य पेंशन योजनाओं के तहत शामिल अभिदाताओं (श्रेणीवार) की संख्या	100
3.14.2	उपस्थिति अस्तित्व	104
3.14.3	प्रबंधन के अधीन आस्तियां	104
3.14.4	केन्द्रीय अभिलेखपाल अभिकरण	105
3.14.5	पेंशन निधियां	114
3.14.6	न्यासी बैंक	115
3.14.7	राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत अभिरक्षक	120
3.14.8	राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास	122
3.14.9	सेवानिवृत्ति सलाहकार	124
3.14.10	पेंशन के क्षेत्र में प्राधिकरण द्वारा की गई अन्य गतिविधियाँ	124
भाग-IV		129
4.1	पेंशन सलाहकार समिति	129
4.2	नव निर्मित और संशोधित विनियम	130
4.3	अभिदाता शिक्षा तथा सुरक्षा निधि के उपयोगीकरण पर समिति का गठन	130
4.4	पीएफआरडीए में सूचना तकनीकी और साइबर सुरक्षा पर स्थायी समिति	131
भाग-V		
पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण के संगठनात्मक मुद्दे		
5.1	पीएफआरडीए बोर्ड	132

5.2	प्राधिकरण की बैठकें	132
5.3	पीएफआरडीए में कर्मचारियों की संख्या	132
5.4	पीएफआरडीए में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ और ओबीसी प्रकोष्ठ की स्थापना	133
5.5	कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए समिति	133
5.6	कर्मचारी कल्याण समिति	133
5.7	पीएफआरडीए में कर्मचारियों का प्रशिक्षण	133
5.8	राजभाषा का प्रचार	133
5.9	सूचना का अधिकार	135
5.10	संसदीय प्रश्न	135
5.11	अन्य गतिविधियाँ	136
5.12	पीएफआरडीए के खाते	136
भाग-VI		
कोई भी महत्वपूर्ण क्षेत्र जो अभिदाताओं के हित को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करता है		
6	अभिदाताओं के हितों को प्रभावित करने वाले कुछ क्षेत्र	137
6.1	सक्रिय विनियम का अभाव सरकारी नोडल अधिकारी को रोकता है	137
6.2	एपीवाई में शामिल होने के लिए 40 साल की आयु सीमा	137
6.3	वैधानिक दायित्व जिनका प्राधिकरण ने पालन नहीं किया है	137
6.3.1	न्यूनतम आश्वासित रिटर्न्स योजना (मार्स)	137
6.4	वेतन के 10% से अधिक नियोक्ता अंशदान पर कराधान	138
6.5	कर योग्य परिलब्धियों की गणना के लिए नियोक्ता अंशदान पर सीमा	138
6.6	धारा 80–सी के कर लाभ के साथ टियर–II कर बचत योजना केवल केंद्र सरकार कर्मचारियों के लिए	138
6.7	टियर–II निवेश लाभों पर कराधान	138
भाग-VII		
अधिनियम के तहत राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली और अन्य पेंशन योजनाओं के अभिदाताओं के हितों की रक्षा के लिए प्राधिकरण द्वारा उठाए गए अन्य उपाय		
7.1	प्राधिकरण द्वारा उनके अभिदाताओं के हितों की रक्षा के लिए की गई अन्य पहल	139
अनुलग्नक की सूची		141
अनुलग्नक I		
पेंशन सलाहकार समिति का गठन		142
अनुलग्नक II		
राज्यानुसार पीओपी–एसपीज़ की संख्या		143
अनुलग्नक III		
वार्षिक लेखा और अनुसूचियां		144

लक्ष्य और उद्देश्यों का वक्तव्य

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (रिपोर्ट, रिटर्न और विवरणी) नियम, 2015 के नियम 9(2)(ग)के तहत

उद्देश्य

पीएफआरडीए के व्यापक उद्देश्य पीएफआरडीए अधिनियम 2013 की प्रस्तावना में शामिल हैं जो कि निम्नलिखित है :

ऐसे प्राधिकरण की स्थापना करना, जो कि वृद्धावस्था आय को बढ़ावा दे, पेंशन निधियों की स्थापना करे और उनको विकसित और विनियमित करे, जिससे पेंशन निधियों की योजनाओं के अभिदाताओं तथा उनसे जुड़े एवं प्रासंगिक मामलों की रक्षा की जा सके।"

परिकल्पना

नागरिकों की वृद्धावस्था आय आवश्यकताओं की दीर्घकालिक पूर्ति हेतु एक संगठित पेंशन प्रणाली का प्रसार एवं विकास करते हुए एक आदर्श विनियामक की भूमिका अदा करना

अध्यक्ष का संदेश

भारतीय अर्थव्यवस्था में वित्तीय स्थिरता जोखिम की निर्भरता, वैश्विक संकट और भू–राजनीतिक मुद्दों पर होती है। हालांकि, भारतीय वित्तीय प्रणाली इन संकटो का सामना करने के लिए प्राथमिक मापनीयता और मूल्य सापेक्षता का प्रदर्शन करती है। इस जारी अनिश्चित वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में, पीएफआरडीए ने सक्रिय रूप से एनपीएस और एपीवाई के तहत शामिल अपने अभिदाताओं के हितों की रक्षा हेतु कई उपाय किए हैं। यह अपने सभी अभिदाताओं को कोविड–19 महामारी के दौरान आंशिक निकासी की अनुमति प्रदान करने से लेकर उपयोग और पहुंच की सरलता प्रदान करता रहा है।

कोविड–19 की प्रतिकूलता और यूरोप में युद्ध संकटों ने वस्तु बाजार में कीमतों को और अधिक बढ़ा दिया, वित्तीय बाजारों में विकट परिस्थितियां उत्पन्न कर दी और कच्चे तेल की कीमतें कई साल के उच्च स्तर पर पहुंच गईं हैं विश्व आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट–अप्रैल 2022 के अनुसार, वैश्विक विकास 2021 के अनुमानित 6.1 प्रतिशत से 2022 में 3.6 प्रतिशत तक धीमा होने का अनुमान है। इससे दुनिया भर में मुद्रास्फीति में वृद्धि हुई है और दुनिया भर में मौद्रिक नीतियों को सख्त किया गया है। पहले पहल मार्च 2022 में फेडरल रिजर्व द्वारा 25 आधार अंकों की दर में वृद्धि की जा रही है तथा वर्ष में और अधिक वृद्धि होने की संभावना है। इस बेहद अनिश्चिततापूर्ण वातावरण में, पीएफआरडीए विवेकपूर्ण ढंग से प्रबंधित पेंशन निधियों और इष्टतम रूप से विनियमित निवेश दिशानिर्देशों के माध्यम से अपने अभिदाताओं पर सक्रिय रूप से इसके प्रतिकूल प्रभावों को कम करने में सक्षम रहा है।

बढ़ती और वृद्ध आबादी के मौजूदा परिदृश्य में, आने वाले दशकों में देश का जनसांख्यिकीय लाभांश विपरीत हो जाएगा। इतना ही नहीं, बल्कि भारत आने वाले पांच या छह वर्षों में दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बन जाएगा, साथ ही साथ जीवन प्रत्याशा में भी वृद्धि होगी। ऐसे में देश के सभी नागरिकों के लिए वृद्धावस्था सुरक्षा को मजबूत करना अनिवार्य हो जाता है।

एक वित्तीय उत्पाद के रूप में पेंशन का दोतरफा उद्देश्य होता है, पहला वृद्धावस्था सहायता प्रणाली के रूप में कार्य करना और दूसरा पर्याप्त होना ताकि वृद्धावस्था में जीवन स्तर व्यक्ति के लिए समान बना रहे। चूंकि यह एक दीर्घकालिक वित्तीय उत्पाद है, इसलिए इसे किसी व्यक्ति की कामकाजी उम्र के दौरान कोष के संचय के लिए निरंतर स्तर के योगदान की आवश्यकता होती है। इसे प्राप्त करने के लिए, पेंशन, सेवानिवृत्ति योजना और बचत के संदर्भ में वित्तीय साक्षरता एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जितनी जल्दी कोई व्यक्ति अपनी पेंशन में योगदान देना शुरू करता है, उतना ही अधिक वे चक्रवृद्धि के लाभों को प्राप्त करने में सक्षम होते हैं।

पीएफआरडीए ने अभिदाता संख्या में 22.6 प्रतिशत की वृद्धि के साथ जो वर्तमान में 520.21 लाख है और प्रबंधन के तहत परिसंपत्ति में 27.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ जो वर्तमान में रु. 7,36,594 करोड़, तेजी से विकास देखा है। अटल पेंशन योजना, जो कि प्रमुख रूप से असंगठित क्षेत्र की ओर केन्द्रित है, उसमें नामितिकरणों की संख्या चार करोड़ को पार कर गई, जो पीएफआरडीए द्वारा प्राप्त की गई एक बड़ी उपलब्धि है।

पीएफआरडीए एक ऐसी पेंशन योजना के निर्माण पर विचार कर रहा है, जो इसमें शामिल होने वाले अभिदाताओं को न्यूनतम आश्वासित रिटर्न प्रदान करेगा। पीएफआरडीए प्रत्येक पोर्टफोलियो आवंटन योजना के साथ एक रिस्क–ओ–मीटर शुरू करने की दिशा में भी कार्य कर रहा है।

वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए पीएफआरडीए की इस वार्षिक रिपोर्ट को साझा करते हुए मुझे प्रसन्नता हो रही है। यह रिपोर्ट प्राधिकरण की प्रमुख गतिविधियों और पहलों को प्रदान करने का प्रयास करती है। मुझे विश्वास है कि यह रिपोर्ट भारत में पेंशन की कार्यप्रणाली के बारे में ज्ञान को बढ़ाएगी। हम इस रिपोर्ट पर आपकी प्रतिक्रिया का स्वागत करते हैं ।

अंत में, मैं, भारत को एक पेंशनभोगी समाज बनाने के लिए वृद्धावस्था आय सुरक्षा के अपने उद्देश्य को पूरा करने की पीएफआरडीए की प्रतिबद्धता और समर्पण को दोहराना चाहता हूं ।

सुप्रतिम बंदोपाध्याय
अध्यक्ष

बोर्ड के सदस्य

(पीएफआरडीए अधिनियम, 2013 (2013 का अधिनियम 23) की धारा 4 के तहत नियुक्त)

अध्यक्ष

श्री सुप्रतिम बंद्योपाध्याय
अध्यक्ष, पीएफआरडीए, 21 फरवरी 2020 से अब तक

पूर्णकालिक सदस्य



प्रमोद कुमार सिंह
पूर्णकालिक सदस्य (विधि)
03 मार्च 2020 से अब तक

डॉ. दीपक मोहंती
पूर्णकालिक सदस्य (अर्थशास्त्र)
1 सितंबर 2020 से अब तक



(डॉ.) मनोज आनंद
पूर्णकालिक सदस्य (वित्त)
1 अक्टूबर 2020 से अब तक

अल्पकालिक सदस्य

सुश्री. एनी जॉर्ज मैथ्यू
(आईए एएस 1988)
अतिरिक्त सचिव, व्यय विभाग
12 दिसम्बर, 2014 से अब तक।

सुश्री सुजाता चतुर्वेदी,
(आईएएस 1989)
संयुक्त सचिव, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग,
16 जनवरी, 2020 से 30 सितम्बर, 2021 तक।



श्री मदनेश कुमार मिश्रा
(आईआरएस 1990)
संयुक्त सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय
03 नवम्बर, 2017 से 31 अगस्त, 2021 तक।

सुश्री वंदिता कौल
(आईओपीएस 1989)
अपर सचिव,वित्तीय सेवाएं विभाग,
वित्त मन्त्रालय दिनांक
22 दिसम्बर, 2021 से 31 मार्च, 2022 तक

प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारीगण

(31.03.2022 तक)

कार्यकारी निदेशक

श्री अनंत गोपाल दास
सुश्री ममता रोहित
श्री अशोक कुमार सोनी

मुख्य महाप्रबंधक

श्री वेंकटेश्वरलू पेरी
सुश्री सुमीत कौर कपूर
श्री आशीष कुमार
श्री के मोहन गांधी
श्री मोनो मोहन गोगोई फुकोन
श्री अखिलेश कुमार

महाप्रबंधक

श्री प्रवेश कुमार
श्री विकास कुमार सिंह
श्री सुमित कुमार
श्री पी.अरुमुगारंगराजन
श्री सचिन जोनेजा
श्री आशीष कुमार भारती
सुश्री गुरमिन्दर कौर

मुख्य सतर्कता अधिकारी

श्री डी.के.नामदेव

लोकपाल

श्री अर्नब राय

वार्षिक रिपोर्ट दल

श्री वेंकटेश्वरलू पेरी, मुख्य महा प्रबन्धक
सुश्री मंजू भल्ला, उप महा प्रबन्धक
श्री मनीष मणि, सहायक महा प्रबन्धक
श्री सिद्धांत मोहापात्रा, सहायक प्रबन्धक,
सुश्री आकांक्षा चौहान, कनिष्ठ अर्थशास्त्री

संक्षिप्तियां

एआईएफ	वैकल्पिक निवेश निधि
एपीवाई	अटल पेंशन योजना
एपीवाई–एसपी	एपीवाई–सेवाप्रदाता
एएसपी	वार्षिकी सेवा प्रदाता
एयूएम	प्रबंधन के अधीन परिसंपत्ति
बीएसई	बम्बई शेयर बाजार
सीएबी	केंद्रीय स्वायत्त निकाय
सीएजीआर	संयुक्त वार्षिक वृद्धि दर
सीबीओ	कॉर्पोरेट शाखा ऑफिस
सीसीआई	भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग
सीईओ	मुख्य कार्यकारी अधिकारी
सीजी	केंद्र सरकार
सीजीएमएस	केंद्रीय शिकायत प्रबंधन प्रणाली
सीएचओ	कॉर्पोरेट मुख्य कार्यालय
सीआईएसओ	मुख्य सूचना और सुरक्षा अधिकारी
सीओआर	पंजीकरण प्रमाणपत्र
सीपीआई	उपभोक्ता मूल्य सूचकांक
सीपीआईओ	केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी
सीआरए	केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण
सीएसजीएल	ग्राहकों की सहायक सामान्य खाताबही
डीबी	परिभाषित लाभ
डीडीओ	आहरण और संवितरण कार्यालय
डीसीसीबी	जिला केंद्रीय सह–कारी बैंक
डीएफएस	वित्तीय सेवाएं विभाग
डीटीए	खजाना और लेखा निदेशालय
डीटीओ	जिला खजाना कार्यालय
ईएमडीई	उभरते बाज़ार और विकासशील अर्थव्यवस्थाएं
ईपीएफ	कर्मचारी भविष्य निधि
ईपीएफओ	कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
ईपीएस	कर्मचारी पेंशन योजना
ईआरएम	त्रुटि आशोधन मोड्यूल

एफएक्यू	अधिकांशतः पूछे जाने वाले प्रश्न
फिन–टेक	वित्तीय तकनीक
एफआईआई	विदेशी संस्थानिक निवेशक
फिन–टेक	वित्तीय तकनीक
एफएसडीसी	फाइनेंशियल स्टेबिलिटी और डेवलपमेंट काउंसिल
एफआरपीएस	फांडस डे रिट्रेट प्रोफेसनल सपलीमेंटेयर
एफवाई	वित्त वर्ष
जीडीपी	सकल घरेलू उत्पाद
जीसेक	सरकारी सुरक्षा
आईएफएससी	इंडियन फाइनेंशियल सिस्टम कोड
आईएमएफ	अन्तराष्ट्रीय मुद्रा कोश
आईओएस	आईफोन ऑपरेटिंग सिस्टम
आईएसटीएम	सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंधन संस्थान
आईपिन	इन्टरनेट पर्सनल आइडेंटीफिकेशन संख्या
टीपिन	टेलीफोनिक पर्सनल आइडेंटीफिकेशन नंबर
आईआरडीएआई	भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण
आईआरएफ–एफसी	इंटर रेगुलेटरी फोरम फॉर मानिटरिंग फाइनेंशियल कांगलोमरेटस
केवाईसी	अपने ग्राहक को जाने
एमएफआई	सूक्ष्म वित्त संस्थान
एमआईएस	प्रबंधन सूचना प्रणाली
मोबाइल एप	मोबाइल एपलिकेशन
एनएएचआरडी	नेशनल अकेडमी
एनएवी	कुल आस्ति मूल्य
एनबीएफसी	गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियां
एनसीएफई	नेशनल सेंटर फॉर फाइनेंशियल एडयूकेशन
एनआईएसएम	नेषनल इंस्टिट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्किट
एनएलएओ	एनपीएस लाइट खाता कार्यालय
एनपीसीआई	नेशनल पेमेंटस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया
एनपीएस	राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली
एनपीएससीएएन	एनपीएस कॉन्ट्रिब्यूशन एकाउंटिंग नेटवर्क
एनपीएसटी	राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास
एनआरआई	अनिवासी भारतीय
एनएसडीएल	नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड

एनएसई	राष्ट्रीय शेयर बाजार
ओईसीडी	आर्थिक सहयोग और विकास संगठन
ओपीजीएम	ऑनलाइन प्रान जेनरेशन माड्यूल
ओएमओ	खुले बाजार के परिचालन
ओटीपी	वन टाइम पासवर्ड
पीएसी	पेंशन सलाहकार समिति
पैन	स्थायी खाता संख्या
पीएओ	वेतन और लेखा कार्यालय
पीआरएओ	प्रधान लेखा कार्यालय
पीएफ	पेंशन निधि
पीएफएम	पेंशन निधि प्रबंधक
पीओपी	उपस्थिति अस्तित्व
पीओपी–एसपी	उपस्थिति अस्तित्व सेवा प्रदाता
पीपीपी	क्रय शक्ति पारदर्शिता
प्रान	स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या
क्यूआर कोड	क्विक रिस्पांस कोड
आरए	सेवानिवृत्ति सलाहकार
आरबीआई	भारतीय रिजर्व बैंक
रिबिट	रिजर्व बैंक इंफोर्मेशन टेक्नोलोजी प्राइवेट लिमिटेड
आआरबी	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
आरटीआई	सूचना का अधिकार
एससीएफ	अभिदाता अंशदान फाइल
सेबी	भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
एसजी	राज्य सरकार
एसएचसीआईएल	स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
एसओटी	संव्यवहार प्रकथन
एसटीएस	सर्वर से सर्वर
टीबी	न्यासी बैंक
टीजीएफआईएफएल	टेक्नीकल ग्रुप ऑन फाइनेंशियल इनक्लूशन एंड फाइनेशियल लिटरेसी
यूओएस	असंगठित क्षेत्र
डब्ल्यूईओ	विश्व आर्थिक परिदृश्य
डब्ल्यूपीआई	थोक मूल्य सूचकांक
डब्ल्यूटीएम	पूर्णकालिक सदस्य

भाग I

नीतियां और कार्यक्रम

भारत में एनपीएस की शुरुआत ने परिभाषित लाभ पेंशन प्रणाली से परिभाषित अंशदान पेंशन प्रणाली की ओर एक आदर्श बदलाव को चिह्नित किया है। पीएफआरडीए अधिनियम, 2013 की प्रस्तावना, भारत में वृद्धावस्था आय सुरक्षा को प्रदान करने का उद्देश्य निर्धारित करती है। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) की रचना देश में एक सुसंगत और वित्तीय रूप से स्थायी पेंशन प्रणाली के निर्माण और क्रियान्वयन के प्रति एक व्यवस्थित दृष्टिकोण रखने के इरादे से की गई है।

पेंशन क्षेत्र वैश्विक और घरेलू विकासों द्वारा प्रभावित होता है। साथ ही, पेंशन परिसंपत्तियां पूंजी बाजार और बुनियादी ढांचे के लिए संसाधनों को दिशा देकर विभिन्न तरीकों से अर्थव्यवस्था को प्रभावित करती हैं। वैश्विक और घरेलू विकास, आर्थिक संवृद्धि और मुद्रास्फीति वस्तु की कीमतों के साथ–साथ उन मौद्रिक और राजकोषीय नीति प्रतिक्रियाओं में भी परिलक्षित होते हैं, और साथ में वित्तीय बाजार के सभी क्षेत्रों को, चाहे वह इक्विटी बाजार हो, सरकारी प्रतिभूति बाजार हो या बांड बाजार हों, को प्रभावित करते हैं। रिपोर्ट के इस भाग में वैश्विक और घरेलू पेंशन बाजारों के घटनाक्रमों पर ध्यान देने से पहले वैश्विक और घरेलू अर्थव्यवस्था की संक्षिप्त समीक्षा की गई है।

1.1 वैश्विक आर्थिक परिदृश्य

वैश्विक अर्थव्यवस्था अत्यंत उथल पुथल के दौर का अनुभव कर रही है, जिसकी तुलना 1930 की महामंदी से की जा सकती है । यह स्थिति प्रमुख रूप से कोविड–19 महामारी और यूक्रेन युद्ध जैसे दोहरे संकट के कारण उत्पन्न हुई है । ईंधन और खाद्य वस्तुओं का मूल्य तेजी से बढ़ा है, जिसकी चपेट में आकर विशेष रूप से कम आय वाले देशों के लोग सर्वाधिक प्रभावित हुए हैं। विश्व आर्थिक परिदृश्य (डब्ल्यूईओ) रिपोर्ट अप्रैल 2022 के अनुसार, वैश्विक वृद्धि के 2021 में अनुमानित 6.1 प्रतिशत से घटकर 2022 और 2023 में 3.6 प्रतिशत रहने की संभावना है । 2023 के बाद, मध्यम अवधि में वैश्विक वृद्धि 3.3 प्रतिशत से गिरने का अनुमान है। विश्व व्यापार संगठन ने 2022 में विश्व व्यापार वृद्धि के अनुमान में कमी करके 3.0 प्रतिशत तक होने की आशा जताई है ।

उभरते बाजार और विकासशील अर्थव्यवस्थाएं (ईएमडीई) – डब्ल्यूईओ की अप्रैल 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, मार्च में तुर्की और मलेशिया में विनिर्माण पीएमआई संकुचित हो गई, जबकि मिस्र में, महामारी की शुरूआती लहर के बाद कुल अर्थव्यवस्था पीएमआई अपने सबसे निचले स्तर तक गिर गई और भविष्य में उत्पादन की उम्मीदें एक रिकॉर्ड निम्न स्तर पर पहुंच गई। खाद्य वस्तु और ईंधन की बढ़ती कीमतों ने वार्शिक मुद्रास्फीति में योगदान दिया, जो ब्राजील और मैक्सिको में क्रमशः 11.3 प्रतिशत और 7.5 प्रतिशत थी जबकि तुर्की में 60 प्रतिशत से अधिक थी।

1.1.1 मुद्रास्फीति

बढ़ी हुई मुद्रास्फीति, कीमतों के दबाव को नियंत्रित करने और विकास दर को सुरक्षित रखने के बीच केन्द्रीय बैंको के समन्वय को कठिन बना देगी। केन्द्रीय बैंकों की नीति सख्त होने से ब्याज़ दरों में बढ़ोतरी की उम्मीद है जिससे उभरते बाज़ारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं पर दबाव पडेगा। यह यूएस फेडरल रिजर्व द्वारा हाल ही में उठाए गए कदम से प्रमुख रूप से देखा जा सकता है, जहाँ अमेरिकी सरकार ने बेंचमार्क ब्याज दर को आधा प्रतिशत बढ़ाकर 0.75 से 1 प्रतिशत तक की सीमा में कर दिया, जो कि 2000 के बाद से उनकी सबसे बड़ी वृद्धि है। अप्रैल 2022 के डब्लयूईओ अपडेट के अनुसार, वस्तु कीमतों में युद्ध से प्रेरित बढ़ोतरी और कीमतों के बढ़ते दबाव के कारण मुद्रास्फीति पिछले पूर्वानुमान की तुलना में अधिक समय तक बनी रहने की उम्मीद की जा रही है। परिणामस्वरुप मुद्रास्फीति पिछले पूर्वानुमान की तुलना में अधिक समय

तक बनी रहने की संभावना है। वर्ष 2022 तक, उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रास्फीति 5.7 प्रतिशत और उभरते बाजार और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में 8.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। हालांकि, आपूर्ति–मांग असंतुलन का क्रमवार समाधान और श्रम आपूर्ति में हो रही मामूली वृद्धि की अपेक्षा से, अंततः मूल्य मुद्रास्फीति में कमी, अर्थात् पुनः पूर्वानुमान में अनिश्चितता ही दिखाई देती है। वर्ष 2022 में कई उभरती अर्थव्यवस्थाओं द्वारा राजकोषीय समेकन प्राप्त करने का अंदाजा लगाया जा रहा है, लेकिन महामारी के बाद हुआ कर्जो का ऊँचा बोझ, आने वाले कई वर्षों तक एक समस्या के रूप में बना रहेगा।

1.1.2 वैश्विक वस्तु मूल्य

कमोडिटी मार्किट आउटलुक रिपोर्ट, विश्व बैंक, के अप्रैल 2022 संस्करण के अनुसार, यूक्रेन में युद्ध ने वस्तुओं की कीमतों में व्यापक वृद्धि की है, जो कि 2020 के मध्य में कोविड–19 महामारी विषयक चिंताओं को कम करके मांग में वृद्धि के साथ षुरू हुई थी। वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुधार के साथ–साथ वस्तुओं की मांग में सुधार हुआ, जबकि वस्तु उत्पादन में बहुत ही धीरे–धीरे वृद्धि हुई। नई उत्पादन क्षमता में कई वर्षों के कमजोर निवेश के साथ–साथ विभिन्न आपूर्ति व्यवधान कम हुए। परिणामस्वरुप ऊर्जा की कीमतें (अमेरिकी डॉलर के सन्दर्भ में) मार्च 2022 में उनके अप्रैल 2022 के निचले स्तर की तुलना में चार गुना अधिक थीं– यह 1973 के तेल की कीमतों में वृद्धि के बाद से ऊर्जा की कीमतों में 23 महीने की सबसे बड़ी वृद्धि थी। मार्च की शुरुआत में कच्चे तेल की कीमतें 130 डॉलर प्रति बैरल तक यानी अपने 10 साल के उच्च स्तर पर पहुँच गई, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के सदस्य देशों द्वारा महत्वपूर्ण तेल सूची से मिली मदद के कारण अप्रैल के मध्य तक गिरकर 105 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ गई। मार्च में धातु की कीमतों में 7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मार्च में वैश्विक समग्र पीएमआई 53.5 से गिरकर 52.7 पर आ गया। इसी तरह खाद्य कीमतों में 2022 में लगभग 4) प्रतिशत की मध्यम गति से वृद्धि और 2023 में गिरावट की उम्मीद की जा रही है । वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि और बढ़ती कीमतों के दबाव के कारण 2022 में उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में 5.7 प्रतिशत और उभरते बाजार और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में 8.7 प्रतिशत मुद्रास्फीति का अनुमान लगाया गया है।

1.1.3 वैश्विक वित्तीय वातावरण

वैश्विक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (जीएफएसआर) अप्रैल 2022 के अनुसार, वस्तु बाजारों में व्यवधान और प्रतिपक्ष जोखिम में वृद्धि, खराब बाजार तरलता और फंडिंग स्ट्रेन, उभरते बाजारों में क्रिप्टोकरण की गति और संभावित साइबर घटनाओं के द्वारा दुनियाभर के मौजूदा वित्तीय प्रणालियों के लचीलेपन को परखा जाएगा। उभरते और सीमांत बाजार कठोर वित्तीय स्थितियों और पूंजी बहिर्वाह के उच्च जोखिम का सामना कर रहे हैं। यूएस प्रतिफल में बढ़ोतरी के साथ जुड़े स्पेड गिरावट ने कई उधारकर्ताओं की वित्तपोषण लागत को महामारी के पहले के स्तरों से काफी ऊपर बढ़ा दिया है। संयुक्त राष्ट्र मौद्रिक नीति के सामान्यीकरण और बढ़ी हुई भू–राजनीतिक अनिश्चितता के कारण सख्त बाहरी वित्तीय स्थितियों से पोर्टफोलियो प्रवाह के लिए नकारात्मक जोखिम बढ़ने की संभावना है। संयुक्त राज्य अमेरिका में ब्याज दर में हुई अचानक और निरंतर वृद्धि, मौजूदा कमजोरियों को तेज करते हुए वैश्विक वित्तीय स्थितियों को मजबूत कर सकती है। जिसके परिणामस्वरूप बाजार में अस्थिरता और वित्तीय साधनों की कीमत में तेज गिरावट आ सकती है। जब उभरते बाज़ार श्रम की कमी का सामना कर रहे हों और देशी मुद्रा की पैदावार बढ़ रही हो तो ऐसे में जोखिम न लेने से उन बाजारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। पहले से मौजूद मुद्रास्फीति के दबाव में वस्तुओं की कीमत में हुई तेज वृद्धि के साथ ही वैश्विक अर्थव्यवस्था की संभावनाओं को लेकर बनी गहरी अनिश्चितता के समय में केन्द्रीय बैंकों को रिकॉर्ड महंगाई से

लड़ने और महामारी के बाद हो रहे सुधारों को बनाए रखने की जद्दोहद में एक चुनौतीपूर्ण व्यापारबंदी का सामना भी करना पड़ रहा है।

1.1.4 बांड और इक्विटी बाजार

जीएफएसआर अप्रैल 2022 के अनुसार वर्ष की शुरुआत में मुद्रास्फीति दृष्टिकोण विषयक चिंताओं के बढ़ने के बाद, युद्ध के बाद से उन्नत अर्थव्यवस्था नाममात्र बांड प्रतिफल दरों की बढ़ी हुई अस्थिरता के बीच अधिक बढ़ गया है। तेजी से बढ़ती वस्तु कीमतों के कारण मुद्रास्फीति लाभ–अलाभ स्थिति (भविष्य की मुद्रास्फीति के लिए बाजार–निहित प्रतिपत्र) महत्वपूर्ण रूप से बढ़ी है।

जीएफएसआर के अनुसार, ग्लोबल कॉर्पोरेट बांड स्प्रेड ने कुछ बड़े क्षेत्रों और अधिकांश उच्च उपज वाले क्षेत्रों में पूर्व महामारी के स्तर को पार कर लिया है। सबसे कम रेटेड प्रतिष्ठानों के लिए वृद्धि अधिक प्रदर्शित हुई है, जो कि भविष्य की संभावित चिंताओं की ओर संकेत करती है। इक्विटी और ब्याज दर दोनों बाजारों में अस्थिरता तेजी से बढ़ी है, जो आर्थिक और नीतिगत दृष्टिकोण पर बढ़ी अनिश्चितता को दर्शाती है।

इक्विटी में, बाजार में निहित अस्थिरता में तेजी से गिरावट आई है और 2022 के अंत तक इन स्तरों के आसपास रहने का अनुमान है । ब्याज दरों में, बाजार निहित अस्थिरता उन्नत बनी हुई है, जो उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में नीति सामान्यीकरण प्रक्रिया के बारे में अनिश्चितताओं को दर्शाती है । दूसरी ओर, इस वर्ष उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में वित्तीय स्थिति कठोर बनी हुई है, जो कॉर्पोरेट मूल्यांकन में गिरावट, उच्च सरकारी बांड प्रतिफल और मौद्रिक नीति सामान्यीकरण की निरन्तर उम्मीदों को दर्शाती है ।

वर्ष की शुरुआत में मुद्रास्फीति दृष्टिकोण विषयक चिंताओं के बढ़ने के बाद, मार्च में ब्याज़ दरों में अस्थिरता के बीच, ब्रेक ईवन और वास्तविक दरों, इन दोनों में बढ़ोतरी दर्शाते हुए उन्नत अर्थव्यवस्था नामिनल बांड प्रतिफल तेजी से बढ़ा।

1.2 घरेलू अर्थव्यवस्था

1.2.1 भारत में समष्टि आर्थिक विकास

भारत के दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित होने की आशा है क्योंकि अर्थव्यवस्था अपने सुदृढ़ लोकतंत्र और प्रबल साझेदारियों की सहायता से कोविड–19 से उबर रही हैं। आर्थिक परिदृश्य में सुधार के साथ, अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश हुआ है। मेक इन इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी पहल के कारण कई विदेशी कम्पनियां भारत में अपनी सुविधाएं प्रदान कर रही हैं। मेक इन इण्डिया पहल का उद्देश्य देश में विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ाना और आम भारतीय उपभोक्ता की क्रय शक्ति को बढ़ाना है, जो निवेशकों को लाभ पहुंचाने के साथ ही मांग को आगे बढ़ाए और विकास को प्रेरित करें। दूसरी ओर, डिजिटल इन्डिया पहल तीन मुख्य घटकों पर केन्द्रित है : डिजिटल बुनियादी ढाँचे का निर्माण करना, सेवाओं को डिजिटल रूप से वितरित करना और डिजिटल साक्षरता बढ़ाना।

आरबीआई (संदर्भ– एमपीसी रिपोर्ट, अप्रैल 2022) के अनुसार, 2021–22 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) 8.9 प्रतिशत बढ़ गया, जो इसके पूर्व महामारी (2019–20) के स्तर से केवल 1.8 प्रतिशत अधिक है । वह आर्थिक गतिविधि, जिसने दूसरी लहर में कमी के साथ वर्ष 2021–22 की तिमाही 2 (Q2) (जुलाई–सितम्बर) में पुनः गति हासिल की थी, उसने वर्ष 2021–22 की तिमाही 3 (Q3) 2021–22 (जुलाई–सितम्बर) में गति खो दी और तिमाही 4 (जनवरी–मार्च) में ओमिक्रोन के प्रसार के साथ तेज़ी से कम हो गई ।

1.2.2 मुद्रास्फीति

आरबीआई एमपीसी रिपोर्ट, अप्रैल 2022 के अनुसार, सितम्बर 2021 में 4.3 प्रतिशत तक कम होने के बाद सीपीआई मुद्रास्फीति फरवरी 2022 में बढ़कर 6.1 प्रतिशत हो गई, जो खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि से प्रेरित थी।

मासिक आर्थिक समीक्षा, मार्च 2022 के अनुसार, अप्रैल–फरवरी 2022 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI&C) या खुदरा मुद्रास्फीति 5.4 प्रतिशत थी, जो कि पिछले वर्श की इसी अवधि के 6.3 प्रतिशत की तुलना में 6 प्रतिशत की सहनशीलता सीमा से काफी कम है । मूल मुद्रास्फीति (खाद्य और ईंधन को छोड़कर सीपीआई), मुद्रास्फीति का एक अधिक स्थिर उपाय, पिछले वर्श की समान अवधि में 5.5 प्रतिशत की तुलना में 6.0 प्रतिशत रहा, क्योंकि 2021–22 में अर्थव्यवस्था में मांग का दबाव बना रहा ।

थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई), डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति अप्रैल–फरवरी 2021 की अवधि के लिए 0.7 प्रतिशत तक अनुकूल थी । हालांकि, इसमें 2021–22 की इसी अवधि में 12.7 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई । डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति में वृद्धि पिछले वा के प्रतिकूल प्रभाव के कारण थी।

थोक मूल्य सूचकांक (WPI) अप्रैल महीने में बढ़कर 15.08 फीसदी हो गया। WPI मुद्रास्फीति अप्रैल 2021 से शुरू होकर लगातार 12वें महीने दोहरे अंकों में बनी हुई है।

चार्ट 1.1: मुद्रास्फीति दर सीपीआई और डब्ल्यूपीआई

स्रोतः PIB and MoSPI

1.2.3 मौद्रिक प्रबंधन

वर्ष 2021–2022 के लिए पहले द्वि–मासिक मौद्रिक नीति वक्तव्य में, एमपीसी ने नीति रेपो दर को 4.00 प्रतिशत रखा। तीसरे, चौथे, पांचवे और छठे द्विमासिक मौद्रिक नीति वक्तव्यों में नीति रेपो दर प्रतिशत अपरिवर्तित रहा। इसके अतिरिक्त, मुद्रास्फीति को लक्ष्य के भीतर सुनिश्चित करते हुए आरबीआई इस समायोजन रूख के साथ जारी रहा कि क्या विकास को पुनर्जीवित करना आवश्यक था।

वर्तमान और विकासशील व्यापक आर्थिक स्थिति के आकलन के आधार पर, जिसमें आपूर्ति श्रृंखला की बाधाएं, ईंधन की बढ़ती कीमत आदि शामिल हैं, मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने 4 मई, 2022 को अपनी बैठक में नीति रेपो को बढ़ाने का निर्णय लिया। चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के तहत दर को तत्काल प्रभाव से 40 आधार अंक बढ़ाकर 4.40 प्रतिशत कर दिया गया है। इसमें स्थायी जमा सुविधा की दर को 4.15% और सीमांत स्थायी सुविधा को बढ़ाकर 4.65%

करना भी शामिल है। इसने एक ऐसे क्षण को चिह्नित किया जहां आरबीआई ने समायोजन की वापसी पर ध्यान केंद्रित करते हुए समायोजनशील बने रहने का फैसला किया ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि विकास के साथ–साथ मुद्रास्फीति लक्ष्य के भीतर बनी रहे।

चार्ट 1.2: वित्त वर्ष 2020–21 और वित्त वर्ष 2021–2022 के दौरान रेपो दर में गति को नीचे प्रदर्शित किया गया है :



स्रोत : एमपीसी रिपोर्ट्स आरबीआई

1.3 वित्तीय बाजार

भारत में एक विविध वित्तीय क्षेत्र है, जो वित्तीय सेवाओं और नई संस्थाओं के विकास के मामले में तेजी से बढ़ रहा है। इस क्षेत्र में वाणिज्यिक बैंक, गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां, पेंशन निधि, म्यूच्यूअल फंड और अन्य छोटी वित्तीय संस्थाएं शामिल हैं। कोविड–19 के कारण वर्ष 2020–21 एक अपवाद वर्ष रहा है।

आरबीआइ अप्रैल 2022 की मौद्रिक नीति रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2021–22 की दूसरी छमाही के दौरान, ओमिक्रोन के प्रकोप के कारण अस्थिरता से उत्पन्न अतिरिक्त तरलता की स्थिति, उन्नत देशों में सामान्यीकरण की प्रत्याशित गति, तेज घरेलू मुद्रास्फीति की चिंताओं, बड़े सरकारी उधार कार्यक्रम के बारे में मंदी का रूख और हाल ही में हुए भू–राजनीतिक संघर्ष से कच्चे तेल की कीमतों में सहानुभूतिपूर्ण उछाल के बीच घरेलू वित्तीय बाजार अपेक्षाकृत स्थिर रहे ।

1.3.1 जी–सेक बाजार

आरबीआई अप्रैल 2022 की मौद्रिक नीति रिपोर्ट के अनुसार, दूसरी छमाही के दौरान, 10 वर्षीय जी–सेक प्रतिफल 63 बीपीएस से कठोर हो गई, जिसने वैश्विक और घरेलू कारकों को दर्शाया । 2021–22 में तिमाही 3 के दौरान 10 वर्षीय प्रतिफल 24 बीपीएस से बढ़ गए। तिमाही 4 के दौरान बेंचमार्क प्रतिफल और अधिक 39 बीपीएस से दृढ हुए । जी–सेक और टी–बिल्स दोनों में औसत व्यापार मात्रा 2021–22 की दूसरी छमाही में कम हो गई । दूसरी छमाही के दौरान प्रतिफल का औसत स्तर 38 बीपीएस से बढ़ गया । चलनिधि पुनर्संतुलन के कारण अल्पकालिक दरों में तेज वृद्धि को देखते हुए स्लोप 41 बीपीएस से समतल हो गए।

चार्ट 1.3: 10 वर्षीय जी–सेक परिणाम (प्रतिशत)



आंकड़ों का स्रोत : आरबीआई रिपोर्ट

1.3.2

कॉर्पोरेट बांड बाजार

आरबीआई अप्रैल 2022 की एमपीसी रिपोर्ट के अनुसार, 2021–22 की छमाही 2 के दौरान, कॉर्पोरेट बांड प्रतिफल नरम बने रहे । एनबीएफसी द्वारा जारी किए गए। रेटेड 3 वर्षीय बांड पर प्रतिफल 66 बीपीएस से घटकर 5.98 प्रतिशत हो गया, जबकि कॉर्पोरेट और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू), वित्तीय संस्थानो (एफआई) और बैंकों पर 64 बीपीएस से 5.88 प्रतिशत और 51 बीपीएस से 5.84 प्रतिशत, क्रमशः तक की गिरावट आई । जोखिम प्रीमियम या 3 साल के जी–सेक प्रतिफल में एनबीएफसी के लिए एच 2 में 49 बीपीएस से 37 बीपीएस, पीएसयू, एफआई और बैंकों के लिए 50 बीपीएस से 23 बीपीएस और कोर्पोरेटस के लिए 40 बीपीएस से 26 बीपीएस तक गिरावट आई है।

1.3.3 इक्विटी बाजार

वर्श 2021–22 में दूसरी छमाही के दौरान तेज़–तर्रार मौद्रिक नीति, कोविड–19 के ओमिक्रॉन संस्करण , कच्चे तेल की कीमतों, वैश्विक केन्द्रीय बैंकों के नीतिगत रुख और बढ़ते भू–राजनीतिक तनावों के प्रकोप से उत्पन्न उच्च अस्थिरता के बीच भारत के इक्विटी बाजारों को मामूली रूप से ठीक किया गया ।

फरवरी की दूसरी छमाही और मार्च 2022 की शुरुआत में यूक्रेन–रूस तनाव के कारण घरेलू इक्विटी में तेज बिक्री देखी गई, लेकिन इसमें मार्च की दूसरी छमाही में सुधार हुआ कुल मिलाकर, बीएसई सेंसेक्स छमाही 2 में 0.9 फीसदी की गिरावट के साथ 58,569 पर बंद हुआ । उच्च कॉर्पोरेट आय के साथ स्टॉक की कीमतों में सुधार मूल्य से आय अनुपात की ओर ले जाता है जो कि मार्च 2022 के अंत में 27.6 से घटकर 25.1 हो गया, जिसने इसके दीर्घकालिक औसत से मूल्यांकन प्रीमियम को कम कर दिया ।

1.4 वैश्विक पेंशन बाजारों की समीक्षा

1.4.1 वर्ष 2021 में ओईसीडी क्षेत्र में पेंशन निधि आस्तियां

ओईसीडी रिपोर्ट के अनुसार, ओईसीडी क्षेत्र में पेंशन निधियों में आस्तियां 8 प्रतिशत और अन्य न्यायक्षेत्रों में लगभग 2 प्रतिशत से बढ़ी ।

कोविड–19 के दूसरे वर्ष, पेंशन निधि की संपत्ति लगभग सभी रिपोर्टिंग क्षेत्राधिकारों में बढ़ती रही । वर्ष 2021 के प्रारम्भिक आंकड़ों से पता चलता है कि जिम्बाब्वे (200 प्रतिशत से अधिक), जॉर्जिया (69.6 प्रतिशत), तुर्की (41.2 प्रतिशत), लिथुआनिया (31.5 प्रतिशत) और आर्मेनिया (30.7 प्रतिशत) में संपत्ति में वृद्धि सबसे अधिक थी। इसके विपरीत 68 रिपोर्टिंग न्यायक्षेत्रों में से 4 में संपत्ति में गिरावट दर्ज की, जिनमें चिली (–4.5 प्रतिशत) और पेरू (–19.1

चार्ट 1.4: निफ्टी गति



आंकड़ों का स्रोत : बीएसई वेबसाइट

प्रतिशत) शामिल है, जहाँ कोविड–19 के दौरान लोगों का समर्थन करने के लिए 2021 में व्यक्तिगत खातों से शीघ्र निकासी की अनुमति दी गई थी और एस्टोनिया (–15.5 प्रतिशत) द्वारा दूसरे पेंशन स्तम्भ का अनुसरण किया गया। कुल मिलाकर, कुल ओईसीडी क्षेत्र में पेंषन निधि की संपत्ति यूएसडी 8.2 प्रतिशत से बढ़ी, जबकि 30 अन्य गैर–ओईसीडी रिपोर्टिंग क्षेत्राधिकारों में वे 1.7 प्रतिशत से बढ़ी ।

कुल मिलाकर, 2021 के अंत में 68 रिपोर्टिंग न्यायिक क्षेत्रों में पेंशन निधि की संपत्ति 38.5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर थी इनमें से अधिकांश संपत्तियां ओईसीडी में पेंशन निधियों के पास थी, जो कुल 37.7 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर थी । संयुक्त राज्य अमेरिका ने पेंशन निधि (यूएसडी 22.6 ट्रिलियन) में सबसे अधिक संपत्ति अपने नाम की, इसके बाद यूनाइटेड किंगडम (यूएसडी 3.6 ट्रिलियन), ऑस्ट्रेलिया (यूएसडी 2.3 ट्रिलियन), नीदरलैंड्स (यूएसडी 2.0 ट्रिलियन), कनाडा (यूएसडी 1.7 ट्रिलियन), जापान (यूएसडी 1.5 ट्रिलियन) और स्विट्जरलैंड (यूएसडी 1.2 ट्रिलियन) का स्थान रहा। इन सात देशों के पास कुल मिलाकर ओईसीडी क्षेत्र में पेंशन निधि की 92.4 प्रतिशत संपत्ति है ।

पेंशन निधि परिसंपत्तियां सभी क्षेत्राधिकारों में बड़ी भिन्नताएं दर्शाती हैं। कुल मिलाकर, ओईसीडी क्षेत्र में पेंशन निधि संपत्ति वर्ष 2021 के अंत में सभी ओईसीडी देशों के सकल घरेलू उत्पाद का 66.9 प्रतिशत थी, जो कि 2020 के अंत की तुलना में अधिक है।

पेंशन निधि परिसंपत्तियों में मामूली वृद्धि आंशिक रूप से निवेष आय से आई है, जो पेंशन निधि 2021 में अर्जित करने में कामयाब रही। वर्ष 2021 में, पेंशन निधि ने सभी रिपोर्टिंग क्षेत्राधिकारों में नाममात्र शर्तों में, हांगकांग (चीन) को छोड़कर सकारात्मक निवेश दर दर्ज की (निवेश व्यय का शुद्ध)। 53 रिपोर्टिंग क्षेत्राधिकारों में से 17 में नामिनल रिटर्न 10 प्रतिशत से अधिक था, और लिथुआनिया (20.7 प्रतिशत), पोलैंड (25.2 प्रतिशत) और तुर्की (25.2 प्रतिशत) में 20 प्रतिशत से भी ऊपर था।

चार्ट 1.5: : दिसम्बर 2020 से दिसम्बर 2021 (प्रारम्भिक) तक पेंशन निधियों की नामिनल और वास्तविक निवेश ब्याज दर



आंकड़े स्रोत : ओईसीडी रिपोर्ट

पेंशन निधियों ने 27 ओईसीडी रिपोर्टिंग देशों में से 18 में वास्तविक रूप में सकारात्मक निवेश दर दर्ज की। वर्ष 2021 में चार ओईसीडी देशों : पोलैंड (15.2 प्रतिशत), फिनलैंड (12.3 प्रतिशत), ऑस्ट्रेलिया (11.1 प्रतिशत) और कोस्टा रिका (10.0 प्रतिशत) वास्तविक रूप से दोहरे अंकों में रिटर्न प्राप्त करने में कामयाब रहे। इन चार देशों में यह मजबूत प्रदर्शन कम मुद्रास्फीति (ऑस्ट्रेलिया, कोस्टा रिका और फिनलैंड के लिए 3.3 प्रतिशत और 3.8 प्रतिशत के बीच) या अन्य जगहों की तुलना में इक्विटी में निवेश की गई संपत्ति के उच्च अनुपात के कारण हो सकता है। इसके विपरीत, 26 अन्य गैर–ओईसीडी रिपोर्टिंग क्षेत्राधिकारों में से केवल 11 में पेंशन निधियों ने सकारात्मक निवेश दर दर्ज की। वास्तविक रूप से सबसे कम निवेश रिटर्न दर जिम्बाब्वे (–31.8 प्रतिशत), सूरीनाम (–26.5 प्रतिशत), घाना (–9.8 प्रतिशत) में दर्ज की गई, जहाँ मुद्रास्फीति भी सभी रिपोर्टिंग क्षेत्राधिकारों में सबसे अधिक थी (जिम्बाब्वे और सूरीनाम में 60.7 प्रतिशत और घाना में 12.6 प्रतिशत) । ओईसीडी क्षेत्र में, पेंशन निधि ने तुर्की में सबसे कम निवेश रिटर्न दर (–9.7 प्रतिशत) दर्ज की, जहाँ मुद्रास्फीति 36.1 प्रतिशत तक पहुँच गई।

1.4.2 वर्ष 2021 में इक्विटी निवेश

ओईसीडी रिपोर्ट के अनुसार, पेंशन निधियों ने सभी रिपोर्टिंग ओईसीडी और गैर–ओईसीडी न्यायक्षेत्रों में पोर्टफोलियो का औसतन 47.9 प्रतिशत बांड में और 26.1 प्रतिशत इक्विटी में रखा । हालांकि, चार्ट 1.6 दर्शाता है कि भिन्न–भिन्न न्यायक्षेत्रों में आस्ति मिश्रण भिन्न है ।

हालांकि चार्ट 1.6 दिखाता है कि आस्ति मिश्रण क्षेत्राधिकार में व्यापक रूप से भिन्न है।

चार्ट 1.6: वर्ष 2021 (प्रारम्भिक) के अंत में चयनित निवेश श्रेणियों में पेंशन निधियों का आस्ति आवंटन

आंकड़ों का स्रोत : बीएसई वेबसाइट

क. चयनित ओईसीडी देश



ख. अन्य चयनित न्यायक्षेत्र



सामान्यतौर पर बॉन्ड, पेंशन निधि पोर्टफोलियो के प्रमुख होल्डिंग्स में से एक है, 29 रिपोर्टिंग क्षेत्राधिकारों में 50 प्रतिशत से अधिक निवेश का कारण है, और यहाँ तक कि अल्बेनिया (91.5 प्रतिशत) मालदीव (93.2) और उरुग्वे (93.1 प्रतिशत) में 90 प्रतिशत से भी अधिक है। फिर भी, पेंशन निधि ने ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, नीदरलैंड, स्विटजरलैंड और संयुक्त राष्ट्र अमेरिका सहित 18 न्यायक्षेत्रों में बॉन्ड की तुलना में अपनी संपत्ति का एक बड़ा भाग इक्विटी में निवेश किया। पेंशन निधि ने छह रिपोर्टिंग न्यायक्षेत्रों में इक्विटी में अपनी संपत्ति का 50 प्रतिशत से अधिक निवेश किया : पोलैंड (82.1 प्रतिशत), जहाँ स्वतंत्र पेंशन निधि को सरकारी बांड्स में निवेश करने की अनुमति नहीं है, लिथुआनिया (74. 6 प्रतिशत), एस्टोनिया (59.7 प्रतिशत) और आइसलैंड (51.1 प्रतिशत) ओईसीडी देशों में, और हांगकांग (चीन) (63.3 प्रतिशत) और नामीबिया (51.5 प्रतिशत) में अन्य अधिकार क्षेत्र में।

1.5 बजट 2022–23 में पेंशन क्षेत्र में प्रमुख घोषणाएं

बजट 2022–23 में पेंशन क्षेत्र से सम्बंधित घोषणा की गई :

वर्तमान में केंद्र सरकार, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) टियर–I में अपने कर्मचारी के वेतन का 14 प्रतिशत अंशदान करती है । यह कर्मचारी की आय की गणना के दौरान कटौती के रूप में स्वीकृत है । हालांकि, राज्य सरकार के कर्मचारियों के मामले में केवल 10 प्रतिशत की कटौती की अनुमति है। केन्द्र और राज्य सरकार दोनों के कर्मचारियों को समान लाभ

प्रदान करने के लिए राज्य सरकार के कर्मचारियों के एनपीएस खाते में भी नियोक्ता अंशदान पर कटौती की सीमा को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया गया है। इससे राज्य सरकार कर्मचारियों के सामाजिक सुरक्षा लाभों में वृद्धि होगी और उन्हें केन्द्र सरकार कर्मचारियों के समान लाया जा सकेगा।

1.6 भारतीय जनसांख्यिकी और वृद्धावस्था आय सुरक्षा

बढ़ती और असमर्थनीय पेंशन देनदारियों के कारण, वैश्विक प्रथाओं को ध्यान में रखते हुए और इस मुद्दे पर गहन विचार–विमर्शों के बाद, सरकार ने परिभाषित लाभ पेंशन योजना से परिभाषित अंशदान पेंशन योजना में स्थानांतरित होकर एक सचेतन निर्णय लिया है। नई पेंशन योजना, को अब राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के नाम से जाना जाता है, इसे सरकार द्वारा अधिसूचना संख्या 5/7/2003-ECB & PR दिनांक 22 दिसंबर 2003 के माध्यम से शुरू किया गया था और 1 जनवरी 2004 से केंद्र सरकार कर्मचारियों (सशस्त्र बलों को छोड़कर) के लिए अनिवार्य किया गया।

एनपीएस, जिसे शुरूआत में केंद्र सरकार अभिदाताओं के लिए शुरू किया गया था, पश्चिम बंगाल को छोड़कर सभी राज्य सरकारों द्वारा और अधिकांश केंद्र तथा राज्य स्वायत्त निकायों द्वारा अपनाया गया है। एनपीएस को मई 2009 में निजी और असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए भी स्वैच्छिक आधार पर शुरू किया गया ।

भारत सरकार ने अपनी अधिसूचना दिनांक 31 जनवरी 2019 के माध्यम से केंद्र सरकार कर्मचारियों के एनपीएस खाते में दिनांक 1 अप्रैल 2019 से अंशदान को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत कर दिया । अधिसूचना के अनुसार, कर्मचारी द्वारा भुगतान किया जाने वाला मासिक अंशदान मूल वेतन जमा महंगाई भत्ते (डीए) का 10 प्रतिशत होगा और केंद्र सरकार द्वारा मूल वेतन जमा महंगाई भत्ते का 14 प्रतिशत होगा।'' केंद्र सरकार कर्मचारियों को एनपीएस अंशदान के गैर/विलंबित जमा राशि के लिए मुआवजे सहित पेंशन निधियों और निवेश प्रारूप के चयन में अधिक स्वतंत्रता दी गई है ।

1.7 भारतीय पेंशन परिदृश्य

भारतीय पेंशन प्रणाली में वह गैर–अंशदायी सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं शामिल हैं, जो कि सरकार द्वारा न्यूनतम सुरक्षा स्तर प्रदान करने के लिए वित्त पोषित हैं जैसे नेशनल सोशल असिस्टेंस प्रोग्राम (एनएसएपी), पे एज़ यू गो आधार पर अनिवार्य परिभाषित लाभ पेंशन योजना जैसे 2004 से पूर्व सेवा में शामिल होने वाले कर्मचारियों के लिए सिविल सर्विसेज पेशन, ईपीएफओ के तहत कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) और कर्मचारी पेंशन योजना, अन्य सांविधिक निधियां जैसे कोल माइन्स, सीमेन्स एंड असम टी प्लांटेशन स्कीमसः 1 जनवरी 2004 को या उसके बाद केंद्र सरकार की सेवाओं में शामिल होने वाले कर्मचारियों के लिए अनिवार्य आधार पर नेशनल पेंशन प्रणाली (एनपीएस), उन राज्य सरकारों के कर्मचारियों के लिए जो एनपीएस में शामिल हुए हैं, सभी नागरिकों के लिए स्वैच्छिक आधार पर एनपीएस जिनमें असंगठित क्षेत्र सहित दोंनो कर्मचारी तथा स्व–नियोजित व्यक्ति शामिल है, बीमा कंपनियों और म्युच्युअल फंडस द्वारा पेश की जाने वाली सार्वजनिक भविष्य निधि, सेवानिवृत्ति और अधिवर्षिता योजनाएं ।

परिभाषित लाभ पेंशन प्रणाली का वित्तीय दबाव सरकारी कर्मचारियों के लिए पेंशन सुधार का और सरकारी कर्मचारियों के लिए एनपीएस की शुरूआत का प्रमुख कारण है। ईपीएफ (विशेष रूप से संगठित क्षेत्र कर्मचारियों के लिए) जैसी अनिवार्य योजना, के माध्यम से वित्तीय और व्यवहारिक कठिनाईयों के कारण असंगठित क्षेत्र के लिए कवरेज़ बढ़ाने के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति बचत को भारत में पेंशन प्रावधान को बढ़ाने के लिए एक प्रमुख नीतिगत उपाय के रूप में देखा जाता है। असंगठित क्षेत्र कर्मचारियों को पेंशन प्रणाली के तहत अधिक संख्या में शामिल करने के लिए प्रमुख नीतिगत उपाय के रूप में एनपीएस की शुरूआत की गई है, जो कि वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर, कम लागत वाली और प्रभावी प्रणाली है।

असंगठित क्षेत्र से लोगों को उनकी वृद्धावस्था आय के लिए बचत करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने सितंबर 2010 में सह–अंशदान योजना एनपीएस लाइट/स्वाबलंबन योजना शुरू की है । इसके बाद, प्रधानमंत्री द्वारा अटल पेंशन योजना (एपीवाई) की शुरूआत की गई और असंगठित क्षेत्र पर केंद्रित यह

योजना 1 जून, 2015 से प्रभावी हुई। एपीवाई के तहत अभिदाता सरकार द्वारा रू.1000, रू.2000, रू.3000, रू.4000 या रू.5000 की गारंटीयुक्त पेंशन प्राप्त करेगा, जो कि उनके द्वारा चयनित अंशदान स्तर पर निर्भर होगी। एनपीएस के तहत अभिदाताओं और प्रबंधन के अधीन परिसंपत्ति निम्न तालिका में दी गई है :

तालिका संख्या 1.1: एनपीएस एपीवाई के तहत अभिदाताओं की संख्या

(31, मार्च 2022 तक के अनुसार)

क्षेत्र	अभिदाताओं की संख्या (लाख में) (31, मार्च 2021 तक के अनुसार)	अभिदाताओं की संख्या (लाख में) (31, मार्च 2022 तक के अनुसार)	वृद्धि (प्रतिशत में) (वर्ष दर वर्ष)	भाग (प्रतिशत)
(प्रतिशत में)	21.76	22.84	5	4
(वर्ष दर वर्ष)	51.41	55.77	8	11
(प्रतिशत)	11.25	14.05	25	3
सर्व नागरिक	16.47	22.92	39	4
एनपीएस लाइट	43.02	41.87	-	8
एपीवाई	280.49	362.77	29	70
कुल योग	**424.40**	**520.21**	**23**	**100**

31, मार्च 2022 तक के अनुसार, कुल 520.21 लाख अभिदाता एनपीएस और एपीवाई के तहत नामांकित हुए और वर्ष दर वर्ष आधार पर 22.58 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। एपीवाई, एक परिभाषित अंशदान पेंशन योजना है, उसमें 31 मार्च, 2022 तक के अनुसार 29.33 प्रतिशत की वर्ष दर वर्ष वृद्धि सहित 362.77 लाख अभिदाता थे।

मार्च 2022 के अंत तक के अनुसार, 414 बैंक एपीवाई सेवा प्रदाता के रूप में पंजीकृत हैं, जिनमें सार्वजनिक क्षेत्र बैंक, निजी बैंक, विदेशी बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, जिला वाणिज्यिक बैंक अनुसूची वाणिज्यिक बैंक, शहरी वाणिज्यिक बैंक, भुगतान बैंक, लघु वित्तीय बैंक और डाक विभाग शामिल हैं ।

तालिका संख्या 1.2: एनपीएस/एपीवाई के तहत प्रबंधन के अधीन आस्तियां

(31, मार्च 2022 तक के अनुसार)

क्षेत्र	अभिदाताओं की संख्या (लाख में) (31, मार्च 2021 तक के अनुसार)	अभिदाताओं की संख्या (लाख में) (31, मार्च 2022 तक के अनुसार)	वृद्धि (प्रतिशत में) (वर्ष दर वर्ष)	भाग (प्रतिशत)
केन्द्र सरकार	1,81,788	2,18,577	20	30
राज्य सरकार	2,91,381	3,69,427	27	50
कॉर्पोरेट	62,609	90,634	45	12
सर्व नागरिक	22,206	32,346	46	4
एनपीएस लाइट	4,354	4,687	8	1
एपीवाई	15,687	20,923	33	3
कुल योग	**5,78,025**	**7,36,594**	**27**	**100**

तालिका संख्या 1.3: वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली/अटल पेंशन योजना के प्रदर्शन हाईलाइट्स

(संख्या में)

मापक	वित्त वर्ष 2020–21 के अंत में	वित्त वर्ष 2021–22 के अंत में	विकास (प्रतिशत में)
सरकारी अभिदाता	73,16,350	78,60,657	7
सर्व नागरिक + कॉर्पोरेट अभिदाता	27,71,936	36,96,583	33
एपीवाई अभिदाता	2,80,49,151	3,62,76,704	29
पीओपी–एसपी की संख्या #	2,47,254	2,49,756	1
एपीवाई– एसपी	414	414	-
सीएबीज़ की संख्या	630	651	3
एसएबीज़ की संख्या	1,459	1,578	8
कॉर्पोरेट की संख्या	8,599	10,405	21
प्रशिक्षित अधिकारियों की संख्या (वित्त वर्ष अनुसार)	12,024	40,826	240

* हीरो माइंड–माइन इंस्टीटयूट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इन्क्रीमेंटल आयोजित किया गया।

आंकड़ों में एनएसडीएल के पीओपी–एसपीज़ की राज्यानुसार सर्वाधिक संख्या को माना गया है। अन्य प्रस्तुत आंकड़े सीआरएज़ के साथ पंजीकृत है।

- पूर्व वर्ष के लिए एपीवाई में सेवा प्रदाताओं की संख्या 414 थी ।
- केंद्र स्वायत्त निकाय (सीएबी) सहित केंद्र सरकारों के सभी कर्मचारी और राज्य स्वायत्त निकायों (एसएबी) सहित राज्य सरकारों के सभी कर्मचारी, जिन्होंने एनपीएस को अपनाया है, एनपीएस के तहत अनिवार्य रूप से कवर किए जाएंगे। इस वर्ष 21 नए सीएबी और 119 नए एसएबी एनपीएस में शामिल किये गए, जिसके परिणामस्वरुप सीएबी और एसएबी की संख्या 651 और 1578 क्रमशः हो गई ।
- कॉर्पोरेट क्षेत्र अपने कर्मचारियों को अनिवार्य या स्वैच्छिक आधार पर एनपीएस प्रदान करता है I सीआरए की रिपोर्ट के अनुसार मार्च 2021 के अंत में 8599 कॉर्पोरेट की तुलना में मार्च 2022 के अंत में 10405 कॉर्पोरेट पंजीकृत हुए हैं, जिसमें 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई है ।

एपीवाई के लिए कर लाभ और गारंटी के रूप में इन योजनाओं को सरकारी सहायता से इन योजनाओं की अपील बढ़ जाती है । हालांकि, देश की अनावृत जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए अभी भी काफी कार्य किया जाना शेष है । सभी नागरिकों के लिए एनपीएस की पहुंच बढ़ाने में सबसे बड़ी चुनौती संभावी अभिदाताओं के बीच जागरूकता और वित्तीय साक्षरता को बढ़ाना है। पीएफआरडीए विभिन्न मास मीडिया और क्षमता उत्पादन कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कदम उठा रहा है। इसके अतिरिक्त, एनपीएस जागरूकता के प्रसार को सुनिश्चित करने के लिए पीएफआरडीए सेवाप्रदाताओं के अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने और क्षमतोत्पादन कार्यक्रम के लिए समर्पित अभिकरण को संलग्न करते हुए प्रचार और विकासात्मक क्रियाकलापों को कर रहा है।

संभावी अभिदाताओं और सेवा प्रदाताओं के लिए एनपीएस की पहुंच बढ़ाने के लिए, पीएफआरडीए अपनी मूल्य श्रृंखला में चाहे वह ई–एनपीएस, मोबाइल एप, ई–केवाईसी के माध्यम से हो तकनीक को बढ़ा रहा है। यह चैनल प्रभावशीलता उत्पन्न कर रहे हैं। ई–एनपीएस के माध्यम से, एक व्यक्ति सुविधाजनक रूप से ऑनलाइन पंजीकरण और अंशदान कर सकता है। ई–एनपीएस एनपीएस के तहत व्यक्तिगत पेंशन खाता खोलने और टियर I के साथ–साथ टियर II खाता खोलने की सुविधा प्रदान करता है । यह गुण अभिदाताओं को पेंशन आस्तियां, आस्ति वर्ग, आस्ति आवंटन और प्रमाणीकरण के पश्चात् योजना विकल्प परिवर्तित करने का विकल्प भी प्रदान करता है। एनपीएस अभिदाता अपने लॉगइन सूचनाओं का प्रयोग करते हुए और पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्रमाणीकरण करते हुए टियर I खाते से निकास अनुरोध कर सकते हैं।

ऑनलाइन प्रान जेनरेशन मॉडयूल (ओपीजीएम) को हितधारकों को एनपीएस अभिदाताओं हेतु न्यूनतम दस्तावेज़ों के साथ शीघ्र प्रान जेनरेशन के लिए सक्षम बनाया जाता है। हालांकि, ऐसे खाते तब तक अनियमित समझे जाएंगे जब तक कि केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरणों के साथ पूर्ण दस्तावेज़ीकरण सत्यापित और रिकॉर्ड नहीं हो जाता । पीएफआरडीए के साथ पंजीकृत मध्यस्थ इकाईयों को ऑनबोर्डिंग, निकास या एनपीएस से संबंधित किसी अन्य सेवा अनुरोध के लिए वीडियो आधारित कस्टमर आईडेंडीफिकेशन प्रक्रिया (वीसीआईपी) का प्रयोग हो सकता है।

एनपीएस अभिदाताओं को उनके संबंधित नोडल कार्यालयों, पीओपीज़, ई–एनपीएस या मोबाइल एप के माध्यम से उनके स्वैच्छिक अंशदानों को जमा करने के कई सरल विकल्प प्रदान किए जाते हैं । अंशदान के एक अतिरिक्त विकल्प/तरीके नामतः प्रत्यक्ष प्रेषण (डायरेक्ट रेमिटेंस (डी–रेमिट) की शुरूआत की गई, जहाँ सरकारी/सर्व नागरिक मॉडल के तहत मौजूदा एनपीएस अभिदाता उनके प्रान से वास्तविक आईडी लिंक करते हुए और निवेश पर समान दिवस एनएवी प्रदान करते हुए स्वैच्छिक अंशदान कर सकते हैं । डी–रेमिट के माध्यम से, न केवल एक बार का अंशदान किया जा सकता है बल्कि किसी भी निश्चित राशि और किसी निश्चित तिथि के लिए अभिदाता के बैंक खाते से आवधिक एनपीएस अंशदान भी किया जा सकता है । डी.रेमिट के माध्यम से एनपीएस अंशदान का विकल्प एनआरआई–एनपीएस अभिदाताओं के लिए भी शुरू किया गया है, जो कि अपने एनआरओ/एनआरई खातों से धनराशि अपने एनपीएस खाते में अंशदान कर सकेंगे। प्रत्याहरण/निकास के समय, एनपीएस की धनराशि एनआरआई अभिदाताओं के एनआरओ/एनआरई खाते

में जमा की जाएगी और प्रत्यावर्तन फेमा दिशानिर्देशों के अनुसार होगा।

1.8 वर्ष के दौरान पीएफआरडीए के लक्ष्यों की समीक्षा पर एक टिप्पणी

पीएफआरडीए अधिनियम 2013 की प्रस्तावना, विनियमन और विकास के माध्यम से वृद्धावस्था आय सुरक्षा को बढ़ावा देने के रूप में प्राधिकरण के उद्देश्यों को निर्धारित करती है और पेंशन निधि की योजनाओं और उनसे संबंधित मामलों में अभिदाताओं के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करती है ।

पीएफआरडीए सक्रिय रूप से राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (उसके सभी प्रकारों) तथा अटल पेंशन योजना के प्रचार तथा विकास एवम् एनपीएस के अंतर्गत सभी मध्यस्थों के विनियमन तथा निरीक्षण और वृद्धावस्था आय सुरक्षा प्रावधान के संपूर्ण लक्ष्य को प्राप्त करने तथा अभिदाताओं के हितों की रक्षा में कार्यरत है। इन क्रियाकलापों में संलग्न रहने के दौरान, पीएफआरडीए अधिनियम 2013 की प्रस्तावना और बेहतर वैश्विक प्रयासों को ध्यान में रखते हुए, पीएफआरडीए निम्नलिखित व्यापक लक्ष्यों/परिणामों की प्राप्ति करने के लिए कार्यरत हैः–

- आवृत्ति क्षेत्र बढ़ाना
- सुरक्षा
- प्रभावशीलता
- पर्याप्तता
- स्थिरता

आवृत्ति क्षेत्र बढ़ाना

संपूर्ण जनसंख्या के लिए वृद्धावस्था आय सुरक्षा प्रावधान प्राधिकरण के प्रमुख लक्ष्यों में से एक है। जहाँ, पीएफआरडीए अधिनियम 2013 एनपीएस के विनियमन का आदेश देता है, वहीं आबादी के विभिन्न भागों को शामिल करने के लिए एनपीएस के विभिन्न घटकों अर्थात् केंद्र सरकार, राज्य सरकार, सर्व नागरिक, एनपीएस लाइट, अटल पेंशन योजना (पीएफआरडीए द्वारा प्रशासित भारत सरकार की योजना) की शुरूआत की गई है। प्राधिकरण, प्रिन्ट, इलेक्ट्रानिक और सोशल मीडिया के माध्यम से जन जागरूकता उत्पन्न करते हुए, बैंक, डाकघरों, उपस्थिति अस्तित्वों, नोडल कार्यालयों आदि के अधिकारियों के प्रशिक्षण एवं क्षमतोत्पादन हेतु प्रशिक्षण अभिकरण की नियुक्ति, सेवानिवृत्ति सलाहकारों आदि की नियुक्ति, ई–एनपीएस आदि के माध्यम से ऑनबोर्डिंग और लेनदेन की सुविधा प्रदान करते हुए कवरेज बढ़ाने में संलग्न है।

सुरक्षा

पीएफआरडीए ने पीएफआरडीए अधिनियम 2013 के तहत विनियमों के एक व्यापक ढांचे का निर्माण किया है ताकि सेवानिवृत्ति लाभों को प्रदान करने के लिए संचित पेंशन निधियों के जोखिमों को न्यूनतम करने के लिए पेंशन परिसंपत्तियों की सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके । इन विनियमों में सभी मध्यस्थों, जिनमें पेंशन निधि भी शामिल हैं, के लिए नियुक्ति के प्रमुख मानदंड, विस्तृत कोर्पोरेट शासन रूपरेखा, योग्य तथा उपयुक्त प्रणाली, व्यापक आचार संहिता, विस्तृत भूमिकाएं तथा दायित्व और दंड प्रणाली को संपत्तियों की सुरक्षाओं को सुनिश्चित करने हेतु सम्मिलित किया है। इन विनियमों की समय–समय पर समीक्षा की जाती है और सुदृढ़ बनाया जाता है । आईटी पर्यवेक्षण प्रक्रियाओं को मजबूत बनाने के लिए पीएफआरडीए साइबर सुरक्षा के क्रियान्वयन पर ध्यान केंद्रित कर रहा है तथा कवरेज को सुनिश्चित करेगा।

प्रभावशीलता

प्राधिकरण का प्रयास स्वीकार्य जोखिमों के अधीन अभिदाताओं को अधिकतम रिटर्न प्रदान करते हुए प्रणाली को प्रभावी बनाना है। यह रिटर्न्स को अनुकूल बनाने के लिए समय–समय पर निवेश दिशानिर्देशों की समीक्षा करते हुए किया जाता है । दो नई जीवनचक्र निधियों अर्थात् एलसी 25 और एलसी 75 की शुरूआत और निजी क्षेत्र अभिदाताओं के लिए नए आस्ति वर्ग "ए" की शुरूआत इस दिशा में उठाए गए कुछ कदमों में से है।

प्रभावशीलता, श्रमिक और पूंजी बाज़ारों की प्रभावशीलता से भी संबंधित है, क्योंकि इन दोनों द्वारा पेंशन के लिए प्रत्यक्ष योगदान के माध्यम से साथ ही साथ नौकरी और निवेश के लिए अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देते हुए पेंशन प्रणाली (अधिक कार्यरत जीवन तथा अंशदान, पूंजी

की न्यून कीमतों, या अधिक वित्तीय समावेशों द्वारा) के लिए कार्य किया जाता है। पीएफआरडीए विशेष रूप से एपीवाई अभिदाताओं और सामान्य रूप से एनपीएस अभिदाताओं के लिए जागरूकता निर्माण द्वारा वित्तीय समावेशन में सक्रिय रूप से कार्यरत है।

पूंजी बाज़ारों के लिए, प्रभावशीलता गैर–बैंकिंग वित्तीय पूंजी से निधि उत्पादक निवेश पूंजी में विकास के द्वारा बाज़ारों की सघनता और व्यापक पूंजी बाज़ार सुधारों से संबंधित है। इन लक्ष्यों को पूर्ण करने में अनेकों अंतर्विनियामक संगठनों और समितियों के साथ पीएफआरडीए की भी भागीदारी रही है।

प्राधिकरण का अन्य प्रयास एनपीएस के तहत मध्यस्थ इकाईयों को प्रबल बनाना है। एक उचित और पारदर्शी प्रणाली के लिए मध्यस्थ इकाईयों का प्रबल होना अत्यंत आवश्यक है। मध्यस्थ इकाईयों से उत्पाद और प्रक्रिया के उचित ज्ञान को साझा तथा प्रदान करते हुए, संपूर्ण प्रणाली को उचित रूप से कार्य करने के लिए सक्षम बनाने हेतु सही दिशानिर्देशों को निर्धारित करते हुए उन्हें प्रबल बनाना है। एक उचित प्रणाली अभिदाता के हितों की रक्षा सुनिश्चित करती है।

पर्याप्तता

किसी भी पेंशन प्रणाली के महत्वपूर्ण उद्‌देश्यों मे से एक यह सुनिश्चित करना है कि अभिदाताओं के लिए सेवानिवृत्ति के समय पर्याप्त पेंशन संपत्ति हो अर्थात् सेवानिवृत्ति लाभ हकदारी की सुविधा देना जो कि उन्हें वृद्धावस्था आय की सुरक्षा प्रदान करती हो। जबकि एनपीएस, बिना किसी लाभ की गारंटी के एक परिभाशित अंशदान योजना है, फिर भी, अच्छे अभ्यास के उपाय के रूप में, प्राधिकरण का प्रयास विभिन्न उपायों के माध्यम से पर्याप्त सेवानिवृत्ति योजना बुनियादी ढांचे को सुनिश्चित करने की दिशा में काम करना है, जिसमें कर रियायतों आदि के लिए सरकार के साथ जुड़कर रिटर्न को अनुकूलित करने के लिए निवेश दिशानिर्देशों की समीक्षा और उनका योगदान बढ़ाना शामिल है।

स्थिरता

किसी भी अंशदायी पेंशन प्रणाली के पीछे स्थिरता भी प्रमुख कारण होता है। एनपीएस के माध्यम से, देशभर में समाज के विभिन्न भागों में पेंशन की पेशकश करने का प्रयास किया जा रहा है, जो वृद्धावस्था आय सुरक्षा प्रदान करने के प्रमुख लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दीर्घकाल तक चल सके । एनपीएस संस्थानिक ढाँचे और उत्पाद परिकल्पना के साथ एक परिभाषित अंशदान योजना है, जो दीर्घकाल तक चलने के लिए स्वयं को सशक्त बनाती है। स्थायी पेंशन प्रणाली को प्राप्त करने में नियमित बचत और निवेश अनुशासन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पीएफआरडीए ने पेंशन के विषय में लोगों को शिक्षित करने और इन लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं।

1.9 एनपीएस के तहत मध्यस्थ इकाईयां

1.9.1 राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली और अधिनियम के तहत शामिल अन्य पेंशन योजनाओं के साथ संबद्धित मध्यस्थ इकाईयां और अन्य इकाईयां

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) एक असमूहीकृत संरचना के तहत कार्य करता है, जिसमें प्रत्येक कार्य अपने क्षेत्र की विशिष्ट इकाई को दिया जाता है। एनपीएस संरचना में उपस्थिति अस्तित्व (पीओपी), सरकारी नोडल कार्यालय, केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण (सीआरए), न्यासी बैंक, पेंशन निधियां (पीएफ), एनपीएस न्यास, अभिरक्षक, वार्षिकी सेवा प्रदाता और सेवानिवृत्ति सलाहकार शामिल हैं।

1.9.1.1 उपस्थिति अस्तित्व (पीओपीज़)

उपस्थिति अस्तित्व अभिदाताओं के पंजीकरण और सेवाएं प्रदान करने के लिए पीएफआरडीए के साथ पंजीकृत बैंक और गैर–बैंकिंग कंपनियां आदि हैं। पीओपी अभिदाता और एनपीएस के बीच पहला संप्रेषण बिंदु है। पंजीकृत उपस्थिति अस्तित्वों की प्राधिकृत शाखाएं होती हैं, जिन्हें पीओपी–सेवा प्रदाता (पीओपी–एसपीज़) कहा जाता है, जिनका कार्य संकलन इकाई के रूप में कार्य करना और ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करना होता है। उपस्थिति अस्तित्वों के कार्यों में शामिल है : अभिदाता पंजीकरण, अभिदाता अंशदानों को संसाधित करना, व्यक्तिगत विवरण को परिवर्तित करना, निवेश योजना/निधि प्रबंधक में परिवर्तन, एक मॉडल से दूसरे मॉडल में अभिदाता स्थानांतरण को संसाधित करना,

मुद्रित खाता विवरण जारी करना, अधिवर्षिता आदि पर प्रत्याहरण/निकास अनुरोध जारी करना आदि।

1.9.1.2 सरकारी नोडल कार्यालय

(i) केंद्र सरकार नोडल कार्यालय प्रमुख लेखा कार्यालय, वेतन और लेखा कार्यालय (पीएओ) और आहरण तथा वितरण कार्यालय

केंद्र सरकार के तहत प्रमुख लेखा कार्यालय (पीआरएओ), वेतन और लेखा कार्यालय (पीएओ) और आहरण तथा वितरण कार्यालय (डीडीओ) या केंद्र सरकारों और केंद्र स्वायत्त निकायों के तहत समरूप कार्यालय, वह मध्यस्थ इकाईयां हैं, जो एनपीएस के प्रयोजन के लिए अभिदाताओं की ओर से सीआरए के साथ संप्रेषण करती हैं।

(ii) राज्य सरकार नोडल कार्यालय डीटीए, डीटीओ और डीडीओ

राज्य सरकारों के तहत कोष एवं लेखा निदेशालय (डीटीए), जिला खजाना कार्यालय (डीटीओ) और आहरण एवं संवितरण कार्यालय (डीडीओ) या राज्य सरकारों और राज्य स्वायत्त निकायों के तहत समरूप कार्यालय वह मध्यस्थ इकाईयां हैं, जो एनपीएस के प्रयोजन के लिए अभिदाताओं की ओर से सीआरए के साथ संप्रेषण करती हैं ।

नोडल कार्यालय, एनपीएस के तहत विभिन्न परिचालन कार्यों के लिए सीआरए प्रणाली के तहत पंजीकृत सरकारी एजेंसियों के परिचित कार्यालय हैं । इन कार्यालयों की पहचान एक विशिष्ट संख्या अर्थात् पीआरएओ/पीएओ/डीडीओ पंजीकरण संख्या से की जाती है, जो कि उन्हें सीआरए द्वारा सफल पंजीकरण पर आवंटित की जाती है। इन कार्यालयों की प्रमुख भूमिका है, उनमें से कुछ इस प्रकार है :

- अभिदाता पंजीकरण के लिए प्रपत्रों को जमा करना
- अभिदाताओं को प्रान किट वितरित करना
- अभिदाताओं के अंशदानों के विषय में समयबद्ध और सटीक सूचना प्रदान करना
- उचित कार्रवाई के लिए अभिदाताओं के अनुरोध को अग्रेषित करना
- अभिदाताओं की शिकायतों को सुलझाना
- अभिदाताओं के अनुमोदित निकास अनुरोध को अग्रेषित करना

1.9.1.3 केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण (सीआरए)

एनपीएस के लिए एनएसडीएल ई–गवर्नेंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और के–फिन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड को सीआरए के रूप में नियुक्त किया गया। उनके मुख्य कार्यों में शामिल हैं :

(i) अभिदाता रिकॉर्ड, प्रशासन और ग्राहक सेवा कार्यों को बनाए रखना ।

(ii) प्रत्येक अभिदाता के लिए स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या (प्रान) जारी करना, सभी प्रान का डेटाबेस प्रबंधित करना और सभी प्रत्येक प्रान से संबंधित लेनदेन को रिकॉर्ड करना।

(iii) एनपीएस प्रणाली की विभिन्न मध्यस्थ इकाईयों के बीच इंटरफेस के रूप में कार्य करना । इसमें प्रत्येक सदस्य द्वारा अंशदान की निगरानी और पेंशन निधि को निर्देश देना और संचार शामिल है। समय–समय पर वे प्रत्येक सदस्य को प्रान विवरण भी भेजते हैं।

(iv) एक केंद्रीकृत शिकायत प्रबंधन प्रणाली प्रदान करना।

(v) निधि प्रबंधकों को समय से निधि स्थानांतरण संबंधी जानकारी उपलब्ध कराना ।

(vi) अभिदाताओं के खाते में वापसी धन प्रेषित करने और वार्षिकी सेवा प्रदाता को वार्षिकी के लिए धन प्रेषित करने हेतु न्यासी बैंक से समायोजन।

पीएफआरडीए ने पीएफआरडीए (सीआरए) विनियम, 2015 के तहत कंप्यूटर एज मैनेजमेंट सर्विसेज लिमिटेड (सीएएमएस) को केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण के रूप में कार्य करने के लिए पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किया है।

1.9.1.4 न्यासी बैंक

एनपीएस के तहत न्यासी बैंक विभिन्न मध्यस्थ इकाईयों में निधियों के प्रवाह को प्रबंधित करते हैं। वर्तमान में एक्सिस बैंक लिमिटेड अभिदाताओं, निधि प्रबंधकों और वार्षिकी सेवा प्रदाताओं को सीआरए द्वारा प्राप्त निदेशों के आधार पर निधि स्थानांतरण की सुविधा प्रदान करने के लिए नामित बैंक है। न्यासी बैंक नोडल कार्यालयों/पीओपीज़/संकलनकर्ताओं से धनराशि प्राप्त करते हैं और इसे अभिदाता अंशदान फाइल के साथ मिलाते हैं । न्यासी बैंक एनपीएस न्यास के नाम पर निधियां धारित करते हैं और अभिदाता लाभार्थी होते हैं।

1.9.1.5 पेंशन निधियां (पीएफ)

यह व्यवसायिक निधि प्रबंधक हैं, जिन्हें प्रतिभूतियों के पोर्टफोलियों में पेंशन कोष को न्यायपूर्ण और विवेकपूर्ण ढंग से निवेश करने के लिए नियुक्त किया गया है। वर्तमान में एनपीएस के तहत पेंशन निधि प्रबंधक हैं – आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल पेंशन फंडस मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, एलआईसी पेंशन फंड लिमिटेड, कोटेक महिंद्रा पेंशन फंड लिमिटेड, एसबीआई पेंशन फंड प्राइवेट लिमिटेड, यूटीआई रिटायरमेंट सोल्यूशंस लिमिटेड, और एचडीएफसी पेंशन मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, आदित्य बिरला सन लाइफ पेंशन मैनेजमेंट लिमिटेड, उनके कार्यों में शामिल हैं :

(i) निवेश दिशानिर्देशों के अनुसार निवेश सुनिश्चित करना ।

(ii) सीआरए द्वारा प्रदान किए गए निदेशों के अनुसार योजनाओं में अंशदान करना ।

(iii) योजना पोर्टफोलियो बनाना।

(iv) खाता बहियों का प्रबंधन करना, प्राधिकारी को रिपोर्ट करना और स्पष्टीकरण करना ।

1.9.1.6 प्रतिभूतियों के अभिरक्षक

एनपीएस न्यास के नाम पर एनपीएस कोश से क्रय गई प्रतिभूतियों को प्रतिभूतियों के अभिरक्षक द्वारा धारित किया जाता है, जो प्रतिभूतियों का वितरण करते हुए और उसे स्वीकार करते हुए प्रतिभूति लेनदेन की सुविधा प्रदान करते हैं। पीएफआरडीए ने स्टॉक होल्डिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड को अभिरक्षक नियुक्त किया है। हाल ही में पीएफआरडीए ने DEUTSCHE बैंक को अपनी प्रतिभूतियों का अभिरक्षक नियुक्त किया है। इनके कार्यों में षामिल हैं :

(i) एनपीएस कोश से खरीदी गई एनपीएस न्यास के नाम धारित प्रतिभूतियों का संरक्षण करना ।

(ii) धारित प्रतिभूतियों का विवरण रखना।

(iii) प्रतिभूतियों पर लाभांश, अधिकार, बोनस आदि जैसे लाभ एकत्र करना।

(iv) धारित प्रतिभूतियों के जारीकर्ताओं के कार्यों के बारे में सूचित करना जो लाभों को प्रभावित कर सकते हैं।

1.9.1.7 एनपीएस न्यास

एनपीएस न्यास भारतीय न्यास अधिनियम के तहत स्थापित एक न्यास है, जो अभिदाताओं के लाभ के लिए एनपीएस की संपत्ति धारण करता है। निधियों का प्रबंधन करना और अभिदाताओं के हितों की रक्षा करना न्यास की वैश्वासिक जिम्मेदारी है। एनपीएस न्यास, पेंशन निधियों के कामकाज की निगरानी और पर्यवेक्षण करता है और केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण (सीआरए), न्यासी बैंक, अभिरक्षक और अन्य इकाईयों से चर्चा करता है।

1.9.1.8 वार्षिकी सेवा प्रदाता

वार्शिकी सेवा प्रदाता (एएसपीज), आईआरडीएआई द्वारा विनियमित और पीएफआरडीए द्वारा सूचीबद्ध बीमा कंपनियां हैं, जो एनपीएस अभिदाताओं को उनके द्वारा पेष की जाने वाली वार्षिकियों के समूह में से वार्षिकी प्रदान करती हैं।

1.9.1.9 सेवानिवृत्ति सलाहकार

सेवानिवृत्ति सलाहकार का अर्थ है कोई भी व्यक्ति, जो एक व्यक्ति, पंजीकृत साझेदारी फर्म, निकाय कोर्पोरेट,

या कोई पंजीकृत न्यास या संस्था है, जो राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली या पीएफआरडीए द्वारा विनियमित अन्य पेंशन योजना पर संभावित/मौजूदा अभिदाताओं या अन्य व्यक्तियों या व्यक्तियों के समूह को सलाह प्रदान करने की गतिविधि में संलग्न होना चाहता है और पीएफआरडीए (सेवानिवृत्ति सलाहकार), विनियम, 2016 के तहत इसके रूप में पंजीकृत किया गया है। व्यक्तिगत और व्यक्तिगत से भिन्न सेवानिवृत्ति सलाहकारों की सूची पीएफआरडीए की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

1.9.2 खाते के प्रकार

एनपीएस के तहत दो प्रकार के खाते उपलब्ध हैं :

(i) **टियर – I खाता** : टियर – I खाते के तहत अभिदाता इस आंशिक रूप से आहरित खाते में उसकी बचत को सेवानिवृत्ति/पेंशन के लिए योगदान करता है। समयपूर्व निकासी कुछ शर्तों के अधीन है।

(ii) **टियर – II खाता** : यह एक स्वैच्छिक निवेश खाता है, जहाँ अभिदाता इस खाते में अपनी इच्छानुसार धनराशि जमा करने और बचत को निकाल सकता/सकती है।

टियर– II के तहत, एक टियर II कर बचत योजना (टीटीएस) खाता है, जो विशेष रूप से सरकारी कर्मचारियों को अतिरिक्त कर लाभ प्राप्त करने के लिए बनाए गए खाते का एक अन्य प्रकार है । इसमें तीन साल की लॉक इन अवधि होगी ।

एनपीएस के अलावा, पीएफआरडीए अटल पेंशन योजना को भी प्रशासित और विनियमित करता है।

1.9.3 लोकसंपर्क

सेवानिवृत्ति और सेवानिवृत्ति योजना के लिए बचत की आवश्यकता के विषय में जागरूकता उत्पन्न करने के पीएफआरडीए के जनादेश को पूरा करने के लिए, पीएफआरडीए अपने द्वारा चयनित प्रशिक्षण अभिकरणों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान करने सहित विभिन्न गतिविधियों का संचालन करता है। ये प्रशिक्षण अभिकरण और राज्य सरकार के नोडल अधिकारियों, वेतन और लेखा कार्यालयों (पीएओ), आहरण और वितरण कार्यालयों (डीडीओ), उपस्थिति अस्तित्वों/ बैंकों/डाकघरों को, जो अभिदाताओं के पंजीकरण में शामिल है, एनपीएस/एपीवाई की मुख्य विशेषताओं के बारे में, शामिल होने की प्रक्रिया आदि के बारे में प्रशिक्षण प्रदान करती हैं। इसके अलावा, व्यापक वित्तीय उपभोक्ता संरक्षण नीति के एक भाग के रूप में सभी क्षेत्र और भागों के अभिदाताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यशालाओं/शिविरों का आयोजन किया गया है। एनपीएस/एपीवाई प्रशिक्षण केवल ऑनलाइन तरीके अर्थात् वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदान किए गए और नियुक्त प्रशिक्षण एजेंसी ने वित्तीय वर्ष के दौरान 12024 प्रतिभागियों के लिए कुल 255 ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए। इसके अलावा, पीएफआरडीए द्वारा विशेष रूप से एनएएचआरडी, आईएसटीएम, सीसीआई, एनपीसी, आईएफएससीए, आईसीआईसीआई प्रतिभूतियों के लिए 13 प्रशिक्षण कार्यक्रम/कार्यशालाएं आयोजित की गईं। एनपीएस और एपीवाई के तहत प्रबंधन के अधीन आस्तियां जिसमें कोष पर रिटर्न्स शामिल हैं 31 मार्च 2021 के रू.578,025 करोड से बढ़कर 31 मार्च 2022 तक रु.7,36,594 करोड़ हो गई, जिसमें 27.43 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

भाग II

एनपीएस के तहत निधियों का निवेश

यह अध्याय एनपीएस तथा एनपीएस अधिनियम के तहत शामिल अन्य पेंशन योजनाओं के तहत निधियों के निवेश तथा राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में विभिन्न निवेश श्रेणियों में जिनमें सरकारी प्रतिभूतियां, ऋण प्रतिभूतियां शामिल है तथा पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (रिपोर्ट, रिटर्न और विवरणी) नियम, २०१५ के परिशिष्ट II के अनुसार इक्विटीज़ पर एक्सपोज़र की सीमा पर चर्चा करता है।

2.1 पेंशन निधियां (पीएफ)

पेंशन निधि से तात्पर्य है एक मध्यस्थ इकाई जिसे प्राधिकरण द्वारा भाग 27 के उप–भाग (3) के तहत अंशदानों को प्राप्त करने, उन्हें निवेशित करने और विनियमों में यथानिर्दिष्ट रीति में अभिदाताओं को भुगतान करने के लिए एक पेशन निधि के रूप में पंजीकरण प्रमाणपत्र दिया गया है।

पेंशन निधियां जिन्हें नियुक्त और पंजीकृत किया गया है, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली या अन्य योजना के तहत पेंशन कोष को प्रबंधित करती हैं । पेंशन निधियां मूल आस्तियों की प्राप्ति के पुष्टिकरण के लिए उनके एक्सेस कोड और निधि आवंटन, निधि आवंटन के पुष्टिकरण के लिए निर्देशों का प्रयोग करती हैं और प्रत्येक योजना के एनएवी को सीआरए और अभिरक्षकों को नियमित आधार पर भेजती है ।

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पेंशन निधि) विनियम, 2015 दिनांक 14 मई, 2015 को अधिसूचित हुए और पेशन निधियों को इन विनियमों का इनके संशोधनों सहित पालन करना था ।

2.1.1 पेंशन निधियों के कार्य

पेंशन निधियों के कार्यों में निम्नलिखित शामिल है, लेकिन यह केवल इन बिंदुओं तक ही सीमित नहीं है:

क) पेंशन योजनाओं का प्रबंधन योजनाओं के तथ्यों, न्यास विलेख, नियमों, विनियमों और प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर जारी परिपत्रों के अनुसार और प्राधिकरण या राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास द्वारा यथानिर्दिष्ट समयसीमा के भीतर किया जाएगा ।

ख) पेंशन निधियों का दैनिक प्रबंधन राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास की ओर से पेंशन निधि द्वारा किया जाएगा ।

ग) पेंशन निधि, अभिदाता के सर्वोत्तम हितों को ध्यान मे रखते हुए अपने कर्त्तव्यों का निर्वाह करते हुए सदैव उच्चतरसेवा मानदंडो, उपयुक्त सावधानी, विवेकशीलता, व्यवसायिक कौशल, शीघ्रता, तत्परता और सतर्कता का प्रयोग करेगी । पेंशन निधियां सट्टेदार निवेशों या लेनदेन करने से बचेगी ।

घ) पेंशन निधि उच्च शिक्षित पेशेवरों या ईमानदार कर्मचारियों की नियुक्ति करेगी। पेंशन निधि उसके कर्मचारियों या अधिकृत व्यक्ति, जिससे सेवाएं प्राप्त की गई हैं, के कृताकृत के लिए जिम्मेदार होगी और ऐसे कृताकृत का उत्तरदायित्व उसका होगा। यह उत्तरदायित्व तब तक बना रहेगा, जब तक कि पंजीकरण प्रमाणपत्र का निरसन या निलंबन या वापसी या प्राधिकरण द्वारा प्रबंधन अधिक्रमण नहीं हो जाता।

ड.) पेशन निधि अन्य मध्यस्थ इकाईयों और अन्य इकाईयों के साथ अन्य बातों के साथ–साथ अनुबंध, परिचालन दायित्वों को पूर्ण करने के लिए तकनीकी मंच के माध्यम से कार्य और समायोजन करेगी ।

च) पेंशन निधियां पेंशन योजनाओं के परिचालन से संबंधित खाता बहियों, अभिलेखों, रजिस्टर और दस्तावेज़ों को प्रबंधित करेगी ताकि विनियमों, दिशानिर्देशों, प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर जारी परिपत्रों का अनुपालन किया जा सके और लेनदेन की लेखापरीक्षा और सदैव व्यापारिक निरंतरता को बनाए रखा जा सके ।

छ) पेंशन निधि इन विनियमों, दिशानिर्देशों या परिपत्रों के तहत आवश्यक या प्राधिकरण द्वारा मांगी गई या राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास द्वारा समय–समय पर मांगी गई आवधिक और अनुपालन रिपोर्ट जमा करेगी ।

ज) पेंशन निधि अभिदाताओं के हित मे सूचना का लोक प्रकटीकरण प्राधिकरण द्वारा अनुसूची V में यथानिर्दिष्ट पद्धति या रीति में करेगी ।

झ) पेंशन निधि निवेश और जोखिम प्रबंधन अर्थात् निवेश समिति और जोखिम समिति के गठन, उसकी रचना, कार्य, नीतिगत तथ्यों और अनुसूची X मे यथानिर्दिष्ट अन्य समान मामलों के लिए उच्च शासन पद्धतियों को अपनाएगा।

ञ) एक पेंशन निधि द्वारा पेंशन निधि के रूप में दायित्वों को पूर्ण करते हुए हित संघर्षों से भी बचाव किया जाएगा और ऐसी घटनाओं की जानकारी राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास को प्रदान की जाएगी।

त) पेंशन निधि अपने प्रायोजकों से पेंशन निधि व्यवसायिक गतिविधियों की व्यापकता और पृथक्कता सुनिश्चित करेगा ।

थ) पेशन निधि अभिदाताओं की सूचना के संबंध में और पेशन निधियों से संबंधित क्रियाकलापों की गोपनीयता को सुनिश्चित करेगा और प्राधिकरण या राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास या कानून के प्रावधानों के द्वारा अपेक्षित सूचना के अतिरिक्त उसके नियंत्रणाधीन संपूर्ण सूचना की सुरक्षा करेगा ।

द) पेंशन निधि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास की ओर से अभिदाताओं के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक ऐसे अभ्यावेदन और वारंटी प्रदान करेगा।

2.1.2 सरकारी क्षेत्र एनपीएस योजनाओं (अर्थात् केंद्र सरकार (सीजी) और राज्य सरकार (एसजी), जिनमें स्वायत्त निकाय शामिल है), एनपीएस–लाइट और एपीवाई के लिए पेशन निधियों (पीएफ) की सूची

i. एलआईसी पेंशन फंड लिमिटेड

ii. एसबीआई पेंशन फंड्स प्राइवेट लिमिटेड

iii. यूटीआई रिटायरमेंट सोल्यूशंस लिमिटेड

2.1.3 निजी क्षेत्र एनपीएस योजनाओं के लिए पेंशन निधियों (पीएफ) की सूची

i. एचडीएफसी पेंशन मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड

ii. आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल पेंशन फंड्स मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड

iii. कोटेक महिंद्रा पेंशन फंड लिमिटेड

iv. आदित्य बिरला सनलाइफ पेंशन मैनेजमेंट लिमिटेड

v. एलआईसी पेंशन फंड लिमिटेड

vi. एसबीआई पेंशन फंड्स प्राइवेट लिमिटेड

vii. यूटीआई रिटायरमेंट सोल्यूशंस लिमिटेड

2.2 योजनाएं

एनपीएस में अभिदाता निम्नलिखित क्षेत्रों के तहत आते हैं:

i. सरकारी क्षेत्र (केंद्र सरकार/राज्य सरकार स्वायत्त निकायों सहित)

ii. एनपीएस लाइट

iii. अटल पेंशन योजना (एपीवाई))

iv. सर्व नागरिक / यूओएस

v. कोर्पोरेट क्षेत्र

उपरोक्त क्षेत्रों के लिए एनपीएस के तहत निवेश प्राधिकरण द्वारा जारी निवेश दिशानिर्देशों के तहत निर्धारित हैं और इक्विटी एक्सपोज़र सभी योजनाओं/भागों के लिए आरंभ से निर्दिष्ट है । एनपीएस के तहत निवेश विकल्प एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में भिन्न हैं।

2.2.1 सरकारी क्षेत्र; केंद्र सरकार/राज्य सरकार, जिनमें केंद्र स्वायत्त निकाय और राज्य स्वायत्त निकाय शामिल हैं)

पीएफआरडीए के निवेश दिशानिर्देशों के अनुसार सीएबीज़/एसएबीज़ सहित सरकारी क्षेत्र के लिए एनपीएस के तहत निम्नलिखित सीमाएं निर्धारित की गई हैं :

तालिका संख्या 2.1: सरकारी क्षेत्र में आस्तियों का आवंटन

विवरण	एक्सपोज़र सीमा (प्रतिशत)
सरकारी प्रतिभूतियां और संबंधित निवेश	55 प्रतिशत तक
ऋण उपकरण और संबंधित निवेश	45 प्रतिशत तक
अल्पकालिक ऋण उपकरण और संबंधित निवेश	10 प्रतिशत तक
इक्विटी और संबंधित निवेश	15 प्रतिशत तक
समर्थित आस्तियां, संरचित न्यास और विविध निवेश	5 प्रतिशत तक

प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर निर्धारित अनुपात में सरकारी क्षेत्र के तहत 03 सार्वजनिक पेंशन निधियां अर्थात् पेशन निधि लिमिटेड, एसबीआई पेंशन फंड प्राइवेट लिमिटेड और यूटीआई रिटायरमेंट सोल्यूशंस लिमिटेड अंशदान को प्रबंधित और निवेशित करेंगी।

इसके अलावा, सरकारी कार्यालय ज्ञापन संख्या 1/3/2016-PR दिनांकित 31 जनवरी 2019 और प्राधिकरण के परिपत्र दिनांक 8 मई 2019 के अनुसार सरकारी कर्मचारी (केवल केन्द्र सरकार) को निम्नलिखित विकल्प दिए गए हैं :

पेंशन निधि का विकल्प :

जैसा कि निजी क्षेत्र अभिदाताओं के मामले में है, उसी प्रकार सरकारी अभिदाताओं को भी निजी क्षेत्र पेंशन निधि सहित किसी एक पेंशन निधि के चयन का विकल्प होगा। वह वर्ष में एक बार अपना विकल्प बदल सकते हैं । हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र पेंशन निधि का संयोजन का प्रावधान मौजूदा और साथ ही साथ नए सरकारी अभिदाताओं के लिए डिफॉल्ट विकल्प के रूप मे उपलब्ध रहेगा ।

निवेश प्रारूप का विकल्प :

i. मौजूदा योजना, जिसमें सरकारी कर्मचारियों के लिए पीएफआरडीए के दिशानिर्देशों के अनुसार पीएफआरडीए द्वारा तीन सार्वजनिक निधि प्रबंधकों में उनके पूर्व प्रदर्शन के आधार पर धन आवंटित किया गया है, को मौजूदा और नए अभिदाताओं के लिए डिफॉल्ट योजना के रूप मे जारी रखा जाएगा ।

ii. सरकारी कर्मचारी जो न्यूनतम जोखिम के साथ निश्चित रिटर्न चाहते हैं, उन्हें सरकारी प्रतिभूतियों (योजना जी) में 100% निवेश का विकल्प प्राप्त होगा।

iii. सरकारी कर्मचारी जो उच्चतर रिटर्न का चुनाव करते हैं को निम्नलिखित दो जीवनचक्र निधि आधारित योजनाओं का विकल्प दिया गया है :

   क) इक्विटी में अधिकतम 25% की सीमा के साथ कंजर्वेटीव जीवन चक्र निधि–एलसी–25

   ख) इक्विटी में अधिकतम 50% की सीमा के साथ मोडरेट जीवन चक्र निधि–एलसी–50

केंद्र सरकार के अभिदाता एनपीएस के तहत एक वित्त वर्ष में उपरोक्त निवेश पैटर्न को दो बार चुन सकते हैं। कुछ राज्य सरकारों ने भी उपरोक्त निवेश विकल्पों की शुरूआत की है।

2.2.2 एनपीएस लाइट

एनपीएस लाइट के तहत नए नामांकन दिनांक 01.04.2015 से समाप्त हो गए हैं । हालांकि, मौजूदा एनपीएस–लाइट अभिदाताओं के लिए पीएफआरडीए के निवेश दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीएस–लाइट क्षेत्र के लिए निम्नलिखित सीमाएं निर्धारित की गई हैं :

तालिका संख्या 2.2: एनपीएस लाइट क्षेत्र आस्तियों का आवंटन

विवरण	एक्सपोज़र सीमा (प्रतिशत)
सरकारी प्रतिभूतियां और संबंधित निवेश	55 प्रतिशत तक
ऋण उपकरण और संबंधित निवेश	45 प्रतिशत तक
अल्पकालिक ऋण उपकरण और संबंधित निवेश	10 प्रतिशत तक
इक्विटी और संबंधित निवेश	15 प्रतिशत तक
समर्थित आस्तियां, संरचित न्यास और विविध निवेश	5 प्रतिशत तक

एनपीएस लाइट के तहत, केवल 03 सार्वजनिक क्षेत्र निधियां अर्थात् एलआईसी पेंशन फंड लिमिटेड, एसबीआई पेशन फंड प्राइवेट लिमिटेड और यूटीआई रिटायरमेंट सोल्यूशंस लिमिटेड प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर निर्धारित अनुपात में (तीन पेंशन निधियों के बीच) अंशदान प्रबंधित और निवेश करने के लिए हैं । इसके अलावा, एकल निजी क्षेत्र पेंशन निधि अर्थात् कोटेक महिंद्रा पेंशन फंड लिमिटेड को अंशदान प्रबंधित करने के लिए एक संकलनकर्त्ता के रूप में चुना गया है।

एनपीएस लाइट योजना के तहत अभिदाताओं को पेंशन निधि या आस्ति आवंटन के चयन का विकल्प नहीं दिया गया।

2.2.3 अटल पेंशन योजना (एपीवाई)

अटल पेंशन योजना (एपीवाई), जो भारत के नागरिकों के लिए सरकारी पेंशन योजना है, असंगठित क्षेत्र श्रमिकों पर केंद्रित है । एपीवाई के तहत रू.1000/– या रू.2000/– या रू.3000/– या रू.4000/– या रू.5000/– की गारंटिड न्यूनतम पेंशन प्रतिमाह 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर प्राप्त होगी, जो कि अभिदाता द्वारा किए गए अंशदानों पर निर्भर होगी।

अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के तहत अभिदाताओं को पेंशन निधि या आस्ति आवंटन के चयन का विकल्प प्रदान नहीं किया गया क्योंकि यह एक गारंटिड सरकारी योजना है और इसमें एनपीएस के तहत सरकारी क्षेत्र कर्मचारियों के समान ही निम्नानुसार आस्ति आवंटन रहेगा :

तालिका संख्या 2.3: अटल पेंशन योजना क्षेत्र में आस्तियों का आवंटन

विवरण	एक्सपोज़र सीमा (प्रतिशत)
सरकारी प्रतिभूतियां और संबंधित निवेश	55 प्रतिशत तक
ऋण उपकरण और संबंधित निवेश	45 प्रतिशत तक
अल्पकालिक ऋण उपकरण और संबंधित निवेश	10 प्रतिशत तक
ईक्विटी और संबंधित निवेश	15 प्रतिशत तक
समर्थित आस्तियां, संरचित न्यास और विविध निवेश	5 प्रतिशत तक

अटल पेंशन योजना के तहत 3 सार्वजनिक क्षेत्र पेंशन निधियां अर्थात् एलआईसी पेंशन फंड लिमिटेड/एसबीआई पेंशन फंड प्राइवेट लिमिटेड/यूटीआई रिटायरमेंट सोल्यूशंस लिमिटेड प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर निर्धारित अनुपात में (तीन पेंशन निधियों के बीच) अंशदान प्रबंधित और निवेश करने के लिए हैं।

2.2.4 सर्व नागरिक असंगठित क्षेत्र

सर्व नागरिक असंगठित क्षेत्र के तहत अभिदाता किसी भी निवेश पैटर्न अर्थात् "एक्टिव चॉइस" या "ऑटो चॉइस" का विकल्प चुन सकते हैं।

पीएफआरडीए के निवेश दिशानिर्देशों के अनुसार, एनपीएस के तहत सर्व नागरिक असंगठित क्षेत्र के लिए निम्नलिखित एक्सपोज़र सीमा निर्धारित की गई है:

तालिका संख्या 2.4: सर्व नागरिक/असंगठित क्षेत्र में आस्तियों का आवंटन

विवरण	एक्सपोज़र सीमा (प्रतिशत)
इक्विटी और संबंधित निवेश	75 प्रतिशत तक
ऋण उपकरण और संबंधित निवेश	100 प्रतिशत तक
सरकारी प्रतिभूतियां और संबंधित निवेश	100 प्रतिशत तक
वैकल्पिक आस्तियां	5 प्रतिशत तक
अल्पकालिक निवेश (मुद्रा बाज़ार, अल्पकालिक म्यूच्युअल फंड्स और अवधि जमा)	10 प्रतिशत तक

पेंशन निधि और निवेश चुनाव को बदलने का विकल्प

इसके अतिरिक्त एक वित्त वर्ष में अभिदाता द्वारा पेंशन निधि को एक बार ओर निवेश विकल्प को दो बार परिवर्तित किया जा सकता है।

2.2.5 कोर्पोरेट क्षेत्र

कोर्पोरेट क्षेत्र से संबंधित अभिदाताओं के लिए जहाँ नियोक्ता द्वारा उनके कर्मचारियों के लिए एनपीएस को अपनाया गया है, निवेश विकल्प और चयन को लचीला बनाया गया है

इस भाग के तहत दो प्रकार की योजनाएं हैं :

i. **कोर्पोरेट सीजी योजना** : यह योजना समाप्त हो चुकी है और यह कोर्पोरेट भाग के तहत उपलब्ध नहीं है लेकिन उन कोर्पोरेट के लिए जो पहले से ही योजना के तहत शामिल है और जिन्होंने इस योजना को बदला नहीं है, अभी भी इस योजना में बने हुए हैं।

पीएफआरडीए के निवेश दिशानिर्देशों के अनुसार, एनपीएस के तहत निम्नलिखित एक्सपोज़र सीमाएं कोर्पोरेट सीजी क्षेत्र के लिए निर्धारित की गई हैं।

तालिका संख्या 2.5: कोर्पोरेट क्षेत्र में आस्तियों का आवंटन

विवरण	एक्सपोज़र सीमा (प्रतिशत)
सरकारी प्रतिभूतियां और संबंधित निवेश	55 प्रतिशत तक
ऋण उपकरण और संबंधित निवेश	45 प्रतिशत तक
अल्पकालिक ऋण उपकरण और संबंधित निवेश	10 प्रतिशत तक
इक्विटी और संबंधित निवेश	15 प्रतिशत तक
समर्थित आस्तियां, संरचित न्यास और विविध निवेश	5 प्रतिशत तक

इस कोर्पोरेट सीजी योजना के तहत 2 पेंशन निधियों अर्थात् एलआईसी पेंशन फंड लिमिटेड या एसबीआई पेंशन फंडस प्राइवेट लिमिटेड के साथ निवेश किए गए हैं ।

ii. **अन्य योजना : (वर्तमान में कोर्पोरेट भाग के तहत उपलब्ध)**

इस योजना के तहत नियोक्ता द्वारा कर्मचारियों को पेंशन निधि और/या निवेश के तरीके का चुनाव करने का उत्तरदायित्व सौंपा जा सकता है या नियोक्ता अपने कर्मचारियों की ओर से पेशन निधि और/या जीवनचक्र निधि का चयन कर सकता है। एनपीएस से संबंधित यह पहलू नियोक्ता–कर्मचारी प्रबंधन का भाग बनते हैं । नियोक्ता और अभिदाता को प्रयुक्त निवेश तरीके के आधार पर किसी एक पंजीकृत पेशन निधि को चुनना होगा और चार आस्ति वर्गों मे आस्ति आवंटन के आगे की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी:

- **आस्ति वर्ग ई–** ईक्विटी और संबंधित निवेश
- **आस्ति वर्ग सी–** कोर्पोरेट ऋण और संबंधित उपकरण
- **आस्ति वर्ग जी–** सरकारी बांड और संबंधित निवेश
- **आस्ति वर्ग ए–** सीएमबीएस, एमबीएस, आरई. आईटीएस, एआईएफ, आईएनवीएलटीएस सहित वैकल्पिक निवेश निधि

इस क्षेत्र के तहत अभिदाता किसी भी निवेश पैटर्न

अर्थात् "एक्टिव चॉइस" या "ऑटो चॉइस" का चयन कर सकता है ।

पीएफआरडीए के निवेश दिशानिर्देशों के अनुसार, एनपीएस के तहत निम्नलिखित एक्सपोज़र सीमाएं निर्धारित की गई हैं :

तालिका संख्या 2.6: कोर्पोरेट क्षेत्र में आस्तियों का आवंटन

विवरण	एक्सपोज़र सीमा (प्रतिशत)
इक्विटी और संबंधित निवेश	75 प्रतिशत तक
ऋण उपकरण और संबंधित निवेश	100 प्रतिशत तक
सरकारी प्रतिभूतियां और संबंधित निवेश	100 प्रतिशत तक
वैकल्पिक आस्तियां	5 प्रतिशत तक
अल्पकालिक निवेश; मुद्रा बाज़ार, अल्पकालिक म्यूच्युअल फंड्स और अवधि जमा)	10 प्रतिशत तक

पेंशन निधि और निवेश चुनाव को बदलने का विकल्प

इसके अतिरिक्त, अभिदाता द्वारा एक वित्त वर्ष में एक बार पेंशन निधि को एक बार और निवेश विकल्प को दो बार परिवर्तित किया जा सकता है।

2.2.6 टियर II कर बचत योजना (टीटीएस)

यह योजना केवल केंद्र सरकार के एनपीएस अभिदाताओं के लिए उपलब्ध है। आयकर अधिनियम की धारा 80 सी के तहत कर लाभों को प्राप्त करने के लिए केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण द्वारा अंशदान उपयोजित करने की तिथि से 3 वर्ष की अवधि तक के लिए लॉकइन अवधि है।

लॉकइन अवधि के दौरान कोई प्रत्याहरण अनुज्ञात नहीं है, हालांकि, अभिदाता की मृत्यु के मामले में नामिति/विधिक वारिस द्वारा कोश प्रत्याहरित किया जा सकता है।

एनपीएस से निकासी पर टियर–I खाता बंद होने पर, एनपीएस–टीटीएस की अनुमति नहीं होगी, जब तक कि लॉकइन अवधि पूर्ण नहीं हो जाती।

टीटीएस के संबंध में निम्नलिखित निवेश सीमाएं निर्धारित हैं :

तालिका संख्या 2.7: टीटीएस के संबंध में आस्ति वर्ग सीमाएं:

आस्ति वर्ग	सीमाएं (प्रतिशत)
इक्विटी	10–25 प्रतिशत तक
ऋण	90 प्रतिशत इक्विटी तक
नकद/मुद्रा बाज़ार/लिक्विड म्युच्युअल फंडस	10 प्रतिशत तक

पेंशन निधि और निवेश चुनाव को बदलने का विकल्प

इसके अतिरिक्त, अभिदाता द्वारा एक वित्त वर्ष में एक बार पेंशन निधि को और निवेश विकल्प को दो बार परिवर्तित किया जा सकता है। हालांकि, टीटीएस अभिदाताओं को पृथक् रूप से अधिकतम 3 पेंशन निधियों को रखने का विकल्प है, जबकि पेंशन निधि के परिवर्तन की अनुमति केवल लॉकइन अवधि के पूर्ण होने के बाद होगी।

प्रबंधन के अधीन आस्तियों का योजनावार विवरण निम्नलिखित तालिका में दिया गया है :–

तालिका संख्या 2.8: प्रबंधन के अधीन आस्ति का विवरण

(राशि रूपये करोड़ में)

योजना	मार्च–21	मार्च–22	संपूर्ण वृद्धि	वृद्धि
केंद्र सरकार	1,81,416.26	2,16,883.09		
राज्य सरकार	2,91,959.92	3,69,743.33		
उप कुल	**4,73,376.17**	**5,86,626.42**	1,13,250.25	23.92
कुल एनपीएस लाइट	36,929.68	47,343.05		

योजना	मार्च–21	मार्च–22	संपूर्ण वृद्धि	वृद्धि
कुल एपीवाई	18,979.51	30,303.85		
कुल कोर्पोरेट सीजी	9,686.52	15,509.97		
कुल टियर I–ई	16,766.29	27,630.39		
कुल टियर I–सी	74.76	162.65		
कुल टियर I–जी	850.98	1,424.50		
कुल टियर I–ए	482.73	762.55		
कुल टियर II–ई	835.49	1,214.08		
कुल टियर II–सी	2.12	6.75		
कुल टियर II–जी	4,354.38	4,686.74		
कुल टियर II–टीटीएस	15,687.11	20,922.60		
उप कुल	**1,04,649.56**	**1,49,967.14**	45,317.58	43.30
कुल योग	**5,78,025.74**	**7,36,593.56**	**1,58,567.82**	**27.43**

**स्रोत : एनपीएस न्यास*

उपरोक्त तालिका दर्शाती है कि सरकारी क्षेत्र के लिए एनपीएस योजनाओं (सीजी और एसजी) के तहत प्रबंधन के अधीन परिसंपत्ति 23.92 प्रतिशत से बढ़ी है, हालांकि इन दोनों योजनाओं से भिन्न योजनाओं के लिए के अधीन परिसंपत्ति लगभग 43.30 प्रतिशत से बढ़ी हैं। संपूर्ण रूप से, सरकारी क्षेत्र योजनाएं रू 1,13,250 करोड़ से बढ़ी है। जबकि सरकारी क्षेत्र से भिन्न योजनाओं के अनुसार यह औसतन रू. 45,317 करोड से बढ़ी है।

जैसा ऊपर उल्लेख किया गया है, अलग–अलग पेंशन योजनाएं अलग–अलग पेंशन निधि प्रबंधकों द्वारा प्रबंधित हैं, संबंधित पेंशन निधि प्रबंधकों के तहत विभिन्न योजनाओं की प्रबंधन के अधीन परिसंपत्ति का विवरण निम्नलिखित हैः–

तालिका संख्या 2.9: मार्च, 2022 तक के अनुसार पेंशन निधिवार और योजनावार (सीजी, एसजी, एनपीएस लाइट, एपीवाई और कोर्पोरेट सीजी) प्रबंधन के अधीन आस्तियां

(राशि रूपये करोड़ में)

पेंशन निधियों / योजनाओं का नाम	सीजी	एसजी	एनपीएस लाइट	एपीवाई	कोर्पोरेट सीजी	कुल योग
एसबीआइ पेंशन फंड प्राइवेट लिमिटेड	76,480.44	1,28,187.09	1,903.91	7,126.91	44,991.67	2,58,690.02
एलआईसीपेंशन फंड लिमिटेड	69,678.87	1,21,709.06	1,369.96	6,916.23	2,351.38	2,02,025.50
यूटीआई रिटायरमेंट सोल्यूशंस लिमिटेड	70,723.78	1,19,847.18	1,339.49	6,879.46		1,98,789.91

पेंशन निधियों / योजनाओं का नाम	सीजी	एसजी	एनपीएस लाइट	एपीवाई	कोर्पोरेट सीजी	कुल योग
आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल पेंशन फंडस मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड						
कोटेक महिंद्रा पेंशन फंड लिमिटेड			73.38			73.38
एचडीएफसी पेंशन मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड						
आदित्य बिरला सन लाइफ पेंशन मैनेजमेंट लिमिटेड						
कुल	**2,16,883.09**	**3,69,743.33**	**4,686.74**	**20,922.60**	**47,343.05**	**6,59,578.81**

तालिका संख्या 2.10: 31 मार्च 2022 योजनावार (ई–I, सी–I, जी–I, ई–II, सी–II, जी–II, ए–I, टीटीएस–II) की तुलना में पेंशन निधिवार प्रबंधन के अधीन आस्ति

(राशि रूपये करोड़ में)

पेंशन निधियों / योजनाओं के नाम	योजना ई–1	योजना सी–1	योजना जी–1	योजना ई–2	योजना सी–2	योजना जी–2	योजना ए–1	एनपीएस टीटीएस –2	कुल योग
एसबीआई पेंशन फंड प्राइवेट लिमिटेड	8,382.63	4,775.32	9,723.84	334.35	190.78	340.80	35.69	2.22	23,785.63
एलआईसी पेंशन फंड लिमिटेड	2,539.64	1,613.98	2,905.97	93.17	60.12	139.64	7.48	0.78	7,360.77
यूटीआई रिटायरमेंट सोल्यूशंस लिमिटेड	1,239.61	622.87	1,104.79	69.98	31.59	53.59	5.72	0.46	3,128.60
आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल पेंशन फंडस मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड	4,606.44	2,393.60	4,042.38	228.44	135.38	188.32	19.12	0.62	11,614.32
कोटेक महिंद्रा पेंशन फंड लिमिटेड	873.59	423.93	708.06	65.50	31.44	47.94	5.78	0.31	2,156.55
एचडीएफसी पेंशन मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड	12,427.46	5,568.25	8,983.22	614.53	303.11	428.30	86.91	2.08	28,413.86
आदित्य बिरला सन लाइफ पेंशन मैनेजमेंट लिमिटेड	234.48	112.01	162.14	18.54	10.12	15.48	1.95	0.27	555.01
कुल	**30,303.85**	**15,509.97**	**27,630.39**	**1,424.50**	**762.55**	**1,214.08**	**162.65**	**6.75**	**77,014.75**

मार्च 2021 की तुलना में मार्च 2022 के अनुसार प्रबंधन के अधीन परिसंपत्ति का आस्ति वर्गानुसार द्विविभाजन निम्नलिखित हैः–

तालिका संख्या 2.11: प्रबंधन के अधीन आस्ति का आस्ति वर्गवार द्विविभाजन

आस्ति वर्ग	31 मार्च 2021		31 मार्च 2022	
	राशि (रूपये करोड़ में)	निवेश का प्रतिशत	राशि (रूपये करोड़ में)	निवेश का प्रतिशत
जी–सेक	2,86,131.91	49	3,73,451.90	51
कोर्पोरेट बांड	1,76,412.24	30	2,03,071.95	28
ईक्विटी	91,400.25	16	1,21,423.93	16
REITs/Invits	-	-	1,052.55	0.1
मुद्रा बाज़ार	15,346.52	3	25,734.55	3
नकद और कुल चालू आस्तियां	8,733.82	2	11,858.68	2
कुल	**5,78,025.74**	**100**	**7,36,593.56**	**100**

चार्ट संख्या 2.1: प्रबंधन के अधीन आस्तियों का आस्तिवर्गवार द्विविभाजन





2.3 पेंशन निधि से संबंधित विनियम, अधिसूचना, जारी किए गए प्रमुख परिपत्र/ दिशानिर्देश

क. पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पेंशन निधि) (चौथा संशोधन) विनियम, 2021 दिनांक 1 अप्रैल 2021

यह संशोधन वार्षिक शुल्क और प्रबंधन शुल्क के मामले में बताता है। प्रत्येक पेंशन निधि द्वारा प्राधिकरण के पास वार्षिक शुल्क और ब्रोकरेज एवं अभिरक्षक शुल्क को छोड़कर लेनदेन से संबंधित सभी शुल्कों का उन पर लागू कर सहित जमा किया जाएगा । निवेश मूल्य में केवल मोहर शुल्क और ब्रोकरेज उस पर लागू कर सहित शामिल होंगे।

ख. पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पेंशन निधि) (पांचवां संशोधन) विनियम, 2021 दिनांक 25 मई, 2021

व्यक्तिगत या संयुक्त रूप से प्रायोजक के पास पिछले पांच वित्त वर्षों के प्रत्येक के अंतिम दिवस पर कम से कम पचास करोड़ रूपये का सकारात्मक मूर्त निवल मूल्य होगा और आवेदन की तिथि पर न्यूनतम पच्चीस करोड़ रूपये की चुकता इक्विटी पूंजी होनी चाहिए।

ग. पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पेंशन निधि) (छठा संशोधन) विनियम, 2021 दिनांक 15 जुलाई, 2021

विनियम 8 में, खंड (ह) के उप–विनियम (1) की

तीसरी पंक्ति में, "उनचास प्रतिशत" को "चौहत्तर प्रतिशत" से प्रतिस्थापित किया जाएगा।

घ. पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पेंशन निधि) (प्रतिभूतियों के अभिरक्षक) विनियम, 2021

दिनांक 22 सितंबर, 2021

बशर्ते कि उसी समूह में जहां पेंशन निधि के प्रायोजक, न्यासी बैंक या केन्द्रीय अभिलेखपालन अभिकरण या उनके सहयोगी, एक संरक्षक की पूंजी का 50 प्रतिशत या उससे अधिक के मतदान का अधिकार रखते हैं, तो वह कुछ शर्तों के अधीन अभिरक्षक बनने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

ङ. पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पेंशन निधियों का पंजीकरण) दिशानिर्देश, 2021, पेंशन निधियों के ऑन टेप पंजीकरण पर

च. एनपीएस योजनाओं के लिए निवेश दिशानिर्देश– 2021 (योजना सीजी, योजना एसजी, कोर्पोरेट सीजी और एनपीएसलाइट और अटल पेंशन योजना)

पीएफआरडीए द्वारा एनपीएस योजनाओं (सरकारी क्षेत्र से भिन्न (सीजी और एसजी), कोर्पोरेट सीजी और एनपीएस लाइट और अटल पेंशन योजना) पर आस्ति वर्ग जी (श्रेणी i) और आस्ति वर्ग सी (श्रेणी ii) के संबंध में दिशानिर्देश जारी किए गए।

छ. उपस्थिति अस्तित्वों द्वारा निकास आवेदनों के संसाधन पर छूट

कोविड –19 महामारी के कारण आने वाली चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, अभिदाताओं के निकासी अनुरोधों को संसाधित करने के लिए डिजिटल माध्यमों द्वारा निकास दस्तावेजों की स्कैन और स्व–प्रमाणित छवियों को स्वीकार करने के लिए उपस्थिति अस्तित्वों (पीओपी) को विशेष छूट दी गई थी। अभिदाताओं के हित में छूट को 31 जुलाई 2021 तक बढ़ा दिया गया है।

ज. एनपीएस लाइट स्वाबलंबन अभिदाताओं की समयपूर्व निकासी

ऐसे स्वावलंबन सदस्य जिनकी संचित पेंशन राशि एक लाख रुपये से अधिक नहीं है और यदि वे अटल पेंशन योजना (एपीवाई) में स्थानांतरित नहीं हो सकतें, तो कुछ शर्तों के साथ एकमुश्त भुगतान के साथ समय पूर्व निकासी का विकल्प चुन सकते हैं।

झ. कोविड–19 प्रकोप के कारण राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) और एनपीएस लाइट–स्वाबलंबन गतिविधियों के लिए समयसीमा में छूट

पीएफआरडीए ने कोविड–19 महामारी के दौरान सरकार द्वारा किए गए लॉकडाउन और अन्य निवारक उपायों को ध्यान में रखते हुए पीओपी के अनुरोध पर समयसीमा में छूट दी थी।

ञ. नोडल अधिकारियों/उपस्थिति अस्तित्वों/कोर्पोरेट के लाभ के लिए NACH जनादेश का आरंभ।

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) द्वारा संचालित एनएसीएच के माध्यम से न्यासी बैंक (टीबी) और केन्द्रीय अभिलेखपाल अभिकरण (सीआरए) द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किए गए नेशनल ऑटोमेटेड क्लियरिंग हाउस (एनएसीएच) जनादेश की शुरूआत की गई। NACH जनादेश प्रौद्योगिकी सक्षम है जो अंत तक समाधान प्रदान करता है और अंशदान निधि हस्तांतरण का एक सुरक्षित तरीका है। एनएसीएच मैंडेट के तहत, सभी नोडल कार्यालयों को एनपीएससीएएन में अपलोड किए गए एससीएफ के आधार पर राषि के साथ अपने बैंक खातों को ऑटो डेबिट करने के लिए 'वन–टाइम मैंडेट रजिस्ट्रेशन' प्रदान करना होगा।

ट. उपस्थिति अस्तित्वों द्वारा निकास आवेदन के संसाधन में छूट

कोविड –19 महामारी के कारण आने वाली चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, एनपीएस के तहत उपस्थिति अस्तित्वों (पीओपी) को अभिदाताओ के निकासी अनुरोधों को संसाधित करने के लिए डिजिटल माध्यमों द्वारा निकास दस्तावेजों की स्कैन और स्व–प्रमाणित छवियों को स्वीकार करने के लिए विशेष छूट प्रदान की गई थी। यह पीएफआरडीए द्वारा एक बार बाहर निकलन/आहरण के लिए भौतिक आवेदन जमा करने और पीओपी के सामने आने वाली लॉजिस्टिक चुनौतियों को कम करने के लिए उठाए गए प्रमुख कदमों में से एक है।

ठ. ऑनलाइन आधार ई केवाईसी के माध्यम से एनपीएस ऑनबोर्डिंग की सुविधा

पीएमएलए 2002 की धारा 11 ए के तहत यूआईडीएआई से ऑनलाइन आधार ई–प्रमाणीकरण सेवाओं को षुरू करने के लिए राजस्व विभाग, भारत सरकार से अनुमोदन के अनुसार एनपीएस संभावित अभिदाताओं की ऑन–बोर्डिंग प्रक्रिया को आसान बना दिया गया था, एनएसडीएल – सीआरए ने आधार को सक्षम किया है। ई एनपीएस मंच में अभिदाता पंजीकरण के लिए आधारित ऑनलाइन ई–केवाईसी प्रमाणीकरण कार्यक्षमता।

ड. एनपीएस के तहत कंप्यूटर एज मैनेजमेंट सर्विस लिमिटेड (CAMS) की केन्द्रीय अभिलेखपाल अभिकरण के रूप में नियुक्ति

एनपीएस के तहत प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और अभिदाताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए, पीएफआरडीए ने कंप्यूटर एज मैनेजमेंट सर्विसेज लिमिटेड (सीएएमएस) को पीएफआरडीए (सीआरए) विनियम, 2015 के तहत एनपीएस के लिए केन्द्रीय अभिलेखपाल अभिकरण (सीआरए) के रूप में कार्य करने के लिए पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर) प्रदान किया है।

त. केन्द्रीय केवाईसी रिकॉर्ड रजिस्ट्री (CKYCR)

भारत सरकार ने सेंट्रल रजिस्ट्री ऑफ सिक्योरिटाइजेषन एंड एसेट रिकंस्ट्रक्शन एंड सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऑफ इंडिया (सीईआरएसएआई) को पीएमएल नियम 2005 के तहत केंद्रीय केवाईसी रिकॉर्ड्स रजिस्ट्री के रूप में कार्य करने और दायित्व निभाने के लिए अधिकृत किया है, एनपीएस के तहत पीओपी को सीकेवाईसी पंजीकरण के लिए सीईआरएसएआई के साथ पंजीकरण की सलाह दी गई थी।

2.4 निरीक्षण

वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान, 7 पेंशन निधियों का निरीक्षण निम्नानुसार है :

i. एसबीआई पेंशन फंड्स प्राइवेट लिमिटेड

ii. एलआईसी पेशन फंड लिमिटेड

iii. यूटीआई रिटायरमेंट सोल्यूशंस लिमिटेड

iv. एचडीएफसी पेंशन मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड

v. आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल पेंशन फंड्स मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड

vi. कोटेक महिन्द्रा पेंशन फंड लिमिटेड

vii. आदित्य बिरला सनलाइफ पेंशन मैनेजमेंट लिमिटेड

भाग III

प्राधिकरण के कार्य

यह अध्याय पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 2013 की धारा 14 के अनुसार राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली तथा पेंशन योजनाओं के क्रमिक विकास के लिए प्राधिकरण के कर्त्तव्य, शक्ति तथा कार्यों पर चर्चा करता है, जो कि इस प्रणाली और योजनाओं में अभिदाताओं के हितों की रक्षा के संबंध में है।

प्राधिकरण के कार्य

3.1 मध्यस्थ इकाईयों का पंजीकरण और ऐसे पंजीकरण का निलंबन, निरसन आदिः और राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली या अन्य पेंशन योजनाओं से संबंद्धित इकाईयों के क्रियाकलापों का विनियमन।

पीएफआरडीए अधिनियम, 2013 की धारा 14 राष्ट्रीय पेंषन प्रणाली और पेंशन योजनाओं के क्रमिक विकास को विनियमित करने, बढ़ावा देने और सुनिश्चित करने और ऐसी प्रणाली और योजनाओं के अभिदाताओं के हितों की रक्षा करने के लिए प्राधिकरण के कर्तव्यों, शक्तियों और कार्यों को निर्धारित करती है।

राष्ट्रीय पेंषन प्रणाली और कोई भी अन्य पेंशन योजना जो पीएफआरडीए द्वारा केंद्र और राज्य सरकार में बड़ी संख्या में इकाईयों जैसे वेतन एवं लेखा कार्यालयों/कोषागार कार्यालयों के माध्यम से संचालित की जाती है, वे एनपीएसकैन पर सरकारी कर्मचारियों की आवधिक एनपीएस सदस्यता के पंजीकरण और अपलोड के लिए जिम्मेदार हैं, उपस्थिति अस्तित्व (पीओपी) जो बैंक, गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी), सूक्ष्म वित्त संस्थान (एमएफआई) आदि हैं, कॉर्पोरेट्स, निजी क्षेत्र और असंगठित क्षेत्र के नियोक्ता के लिए एनपीएस सदस्यता के पंजीकरण और अपलोड में सहायता करते हैं, संकलनकर्ता विशेष रूप से अनौपचारिक क्षेत्र में संभावित अभिदाताओं तक पहुंचने में मदद करते हैं, केन्द्रीय अभिलेखपाल अभिकरण (सीआरए), जो अभिदाताओं के व्यक्तिगत पेंशन खातों जिन्हें प्रान कहा जाता है, के अभिलेखपालन के लिए जिम्मेदार होता है और एनपीएस संरचना में समन्वयक के रूप में कार्य करता है, न्यासी बैंक, धन और बैंकिंग सुविधाओं के दैनिक प्रवाह के लिए जिम्मेदार है, पेंशन निधियां (पीएफ्स) पीएफआरडीए द्वारा निर्धारित निवेश दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीएस के तहत शामिल किए गए अभिदाताओं की पेंशन परिसंपत्तियों का निवेश और प्रबंधन करने के लिए अनिवार्य है और वार्षिकी सेवा प्रदाताओं (एएसपी) को अभिदाताओं के साथ एक मासिक वार्षिकी पेंशन प्रदान करने के लिए पीएफआरडीए के साथ सूचीबद्ध किया गया।

i) सरकारी क्षेत्र – केंद्रीय और राज्य स्वायत्त निकाय

स्वायत्त निकायों का पंजीकरण : केंद्रीय और राज्य स्वायत्त निकायों को उनके साथ–साथ केंद्रीय मंत्रालयों के संबंधित वित्तीय सलाहकारों और राज्य सरकारों के नोडल अधिकारी के साथ चर्चा करके पंजीकृत करने के लिए निरंतर प्रयास किए गए हैं। पीएफआरडीए ने राज्य सरकारों को एसएबीज के पंजीकरण के लिए दिशानिर्देशों और सूचनाओं को सुव्यवस्थित करने की दिषा में भी मदद की।

इसके अतिरिक्त, केन्द्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा जारी निर्दिष्ट दिशानिर्देशों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए सीएबीज़ और एसएबीज़ से सहमति पत्र संसाधित (एलओसी) करना और साथ ही की गई पूर्व–पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान एनपीएस के प्रश्नों को निपटाने का कार्य क्रियान्वित किया जाता है।

वित्त वर्ष 2021–22 में संसाधित सहमति पत्र

(i) सीएबीज़– 20 (ii) एसएबीज़– 119

31 मार्च 2022 तक के अनुसार प्रमुख लेखा कार्यालय/डीटीए, पीएओ/डीटीओ और डीडीओं की संख्या निम्नानुसार दी गई हैः–

तालिका संख्या 3.1: प्रमुख लेखा कार्यालय/डीटीओ और डीडीओ की संख्या

क्षेत्र	प्रमुख लेखा कार्यालय/डीटीए की संख्या (2021)	प्रमुख लेखा कार्यालय/डीटीए की संख्या	प्रमुख लेखा कार्यालय/डीटीए की संख्या (2021)	पीएओ/डीटीओ की संख्या	डीडीओ की संख्या (2021)	डीडीओ की संख्या (2022)
केंद्र सरकार	134	144	2,987	3,027	16,221	16,375
केंद्रीय स्वायत्त निकाय	631	651	1,989	2,019	4,088	4,126
कुल	**765**	**795**	**4,976**	**5,046**	**20,309**	**20,501**

तालिका संख्या 3.2: डीटीए/डीटीओ/डीडीओ की संख्या

क्षेत्र	डीटीए की संख्या (2021)	डीटीए की संख्या (2022)	डीटीओ की संख्या (2021)	डीटीओ की संख्या (2022)	डीडीओ की संख्या (2021)	डीडीओ की संख्या (2022)
राज्य सरकार	72	74	1,986	2,402	2,21,463	2,25,103
राज्य स्वायत्त निकाय	560	612	5,242	5,522	13,855	15,827
कुल	**632**	**686**	**1,490**	**7,564**	**2,35,318**	**2,40,930**

तालिका संख्या 3.3: वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान नए सीएबीज़ और एसएबीज़ का पंजीकरण

विवरण	31 मार्च 2022 तक के अनुसार	31 मार्च 2022 तक के अनुसार	वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान पंजीकरण
सीएबीज़	651	630	21
एसएबीज़	1,578	1,459	119

तालिका संख्या 3.4: वित्त वर्षानुसार नए पंजीकृत सीएबीज़ और एसएबीज

वित्त वर्षानुसार प्रदर्शन	वित्त वर्ष 2017–18	वित्त वर्ष 2018–19	वित्त वर्ष 2019–20	वित्त वर्ष 2020–21	वित्त वर्ष 2021–22
नए पंजीकृत सीएबीज़	25	25	24	27	21
नए पंजीकृत एसएबीज़	272	107	133	141	119

स्रोतः एसयूपी (सीएबी/एसएबी) पी एंड डी (सीएबी/एसएबी)

31 मार्च, 2022 तक, एनपीएस के तहत कुल 1,578 राज्य स्वायत्त निकाय और 651 केंद्रीय स्वायत्त निकाय पंजीकृत हैं।

इसके अलावा, 31 मार्च 2022 तक 311 उपस्थिति अस्तित्व (सीआरए के साथ पंजीकृत), तीन केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण, एक न्यासी बैंक, सात पेंशन निधियां और चौदह वार्षिकी सेवा प्रदाता हैं।

ii) उपस्थिति अस्तित्व (पीओपी)

पीओपी का पंजीकरण: हालांकि, अटल पेंशन योजना (एपीवाई) पीएफआरडीए द्वारा प्रशासित है, लेकिन एपीवाई सेवाओं की पेशकश करने वाली संस्थाओं के लिए कोई नियम नहीं थे। पीएफआरडीए के नियामक दायरे में एपीवाई को लाने के लिए, पीएफआरडीए (पीओपी) विनियम, 2018 को अधिसूचित किया गया था और पीओपी की एक अलग श्रेणी के रूप में एपीवाई को भी इसके तहत शामिल किया गया था।

मौजूदा विनियमों के तहत उपस्थिति अस्तित्वों की श्रेणियां निम्नानुसार है:

(i) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस)– भौतिक और साथ ही ऑनलाइन मंचों के माध्यम से बड़े पैमाने पर जनता के लिए वितरण और सेवा प्रदान करना।

(ii) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) – केवल ऑनलाइन मंचों के माध्यम से बड़े पैमाने पर नागरिकों के लिए वितरण और सेवा प्रदान करना।

(iii) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) – केवल भौतिक या ऑनलाइन मंचों के माध्यम से अपने कर्मचारियों और अन्य कर्मियों के लिए वितरण। बशर्ते कि केवल ऐसी संस्थाओं को कार्य करने की अनुमति होगी जिन्होंने अपने कर्मचारियों को कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 या कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 या वस्तु और सेवा अधिनियम, 2017 के प्रावधानों के तहत सामाजिक सुरक्षा लाभ के तहत शामिल किया गया है और आवेदन की तिथि से दो वर्ष से कम समय के लिए, उक्त अधिनियमों के तहत अधिकारियों के साथ पंजीकृत है

(iv) एनपीएस लाइट योजना

(v) अटल पेंशन योजना

(vi) प्राधिकरण द्वारा विनियमित और प्रशासित कोई भी अन्य योजना

पीओपी विनियम, 2018, के तहत पीएफआरडीए ने उपस्थिति अस्तित्वों (पीओपीज), पीओपी–एसईज को पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी किए हैं, 31 मार्च 2022 तक के अनुसार जारी किये गए पंजीकरण प्रमाणपत्रों की संख्या निम्नानुसार है :

(i) उपस्थिति अस्तित्व – 311

(ii) उपस्थिति अस्तित्व–सेवाप्रदाता – 50

वित्त वर्ष 2021–22 के लिए एनपीएस निजी क्षेत्र में 86 उपस्थिति अस्तित्वों के माध्यम से नामांकन किए गए। वित्त वर्ष के दौरान लोगों को बड़े स्तर पर एनपीएस सेवाएं प्रदान करने के लिए 5 उपस्थिति अस्तित्वों को सक्रिय/परिचालित किया गया।

iii) पेंशन निधियां

पेंशन निधि के प्रायोजकों के चयन के लिए अनुरोध प्रस्ताव (आरएफपी) दिनांक 23.12.2020 के तहत कोटेक महिन्द्रा असेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड और कोटेक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड को प्रायोजक का नियुक्ति पत्र दिनांक 19.05.2021 को जारी किया गया।

कोटक महिन्द्रा पेंशन फंड लिमिटेड को अनुरोध प्रस्ताव दिनांक 23.12.2020 के तहत दिनांक 01.06.2021 को पंजीकरण प्रमाण पत्र (सीओआर) जारी किए गए हैं।

दिनांक 01.07.2021 को जारी पीएफआरडीए (रजिस्ट्रेशन ऑफ पेंशन फंड्स गाइडलाइन्स), 2021 के तहत चयनित पेंशन निधि के प्रायोजकों के रूप में निम्नलिखित इकाईयों को दिनांक 24.09.2021 को नियुक्ति पत्र जारी किए गए।

i. टाटा असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड

ii. मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड

*इस स्लैब के तहत यूटीआई आरएसएल 0.07 प्रतिशत शुल्क लेगा।

पेंषन निधि द्वारा स्लैब संरचना पर लगाया जाने वाला आईएमएफ पेंशन निधि द्वारा प्रबंधित सभी योजनाओं के तहत पेंशन निधि के कुल एयूएम पर होगा और इसकी गणना चार दशमलव बिंदुओं तक की जाएगी

और इसे काट दिया जाएगा। आईएमएफ की इन दरों की समीक्षा प्राधिकरण द्वारा कार्यान्वयन की तारीख से पांच (5) वर्षों की अवधि में की जाएगी।

निवेष प्रबंधन शुल्क की उपरोक्त दरें ब्रोकरेज, कस्टोडियन शुल्क और उस पर लागू करों को छोड़कर, केवल इक्विटी लेनदेन पर पेंशन निधि / 0.03% (ब्रोकरेज पर लागू करों सहित) द्वारा योजना के लिए अधिकतम ब्रोकरेज की अनुमति के अधीन हैं। अन्य सभी लागतें पेंशन निधि द्वारा वहन की जाएंगी और पेंशन निधि द्वारा योजना के लिए प्रतिपूर्ति या प्रभारित नहीं की जाएगी।

निवेश दिशानिर्देशों में परिवर्तन पर स्पष्टीकरण :

तालिका संख्या 3.5: 1 अप्रैल 2021 से निवेश प्रबंधन शुल्क

एयूएम का स्लैब	अधिकतम निवेश प्रबंधन शुल्क (प्रतिशत में)
10,000 करोड़ तक	0.09*
10,001–50,000 करोड़	0.06
50,001–1,50,000 करोड़	0.05
1,50,000 करोड़ से ऊपर	0.03

*इस स्लैब के तहत UTI RSL 0.07% स्लैब शुल्क लेगा।

पेंशन निधि द्वारा स्लैब संरचना पर लगाया जाने वाला आईएमएफ पेंशन निधि द्वारा प्रबंधित सभी योजनाओं के तहत पेंशन निधि के कुल एयूएम पर होगा और इसकी गणना चार दशमलव बिंदुओं तक की जाएगी और इसके पश्चात् इसे समाप्त कर दिया जाएगा। आईएमएफ की इन दरों की समीक्षा प्राधिकरण द्वारा कार्यान्वयन की तारीख से पांच (5) वर्षों की अवधि में की जाएगी।

निवेष प्रबंधन शुल्क की उपरोक्त दरें ब्रोकरेज, अभिरक्षक शुल्क और उस पर लागू करों को छोड़कर, केवल इक्विटी लेनदेन पर पेंशन निधि द्वारा योजना के लिए अधिकतम के 0.03 प्रतिशत (ब्रोकरेज पर लागू करों सहित) ब्रोकरेज की अनुमति के अधीन हैं। अन्य सभी लागतें पेंशन निधि द्वारा वहन की जाएंगी और पेंशन निधि द्वारा योजना के लिए प्रतिपूर्ति या शुल्क प्रभारित नहीं किया जाएगा।

निवेश दिशानिर्देशों में परिवर्तन का स्पष्टीकरण :

i. तीन वर्ष की अवशिष्ट परिपक्वता वाली प्रतिभूतियों में निवेश पूर्व के दिशा–निर्देशों/मानदंडों के अनुसार किया जाएगा

ii. दिनांक 16.07.2020 के बाद जारी सभी नए जीओआई–फुली सर्विस्ड बॉन्ड को सरकारी प्रतिभूतियों और संबंधित निवेश/एसेट क्लास 'जी' के तहत वर्गीकृत किया जाएगा।

बिरला सन लाइफ पेंशन मैनेजमेंट लिमिटेड को पंजीकरण प्रमाण पत्र के पुनर्वैधीकरण और अवधि विस्तार के लिए पत्र जारी किया गया। आदित्य बिरला सन लाइफ पेंशन मैनेजमेंट लिमिटेड को बदले हुए नाम में पंजीकरण का नया प्रमाण पत्र जारी किया गया है।

iv) सेवानिवृत्ति सलाहकार

पीएफआरडीए (सेवानिवृत्ति सलाहकार) विनियम, 2016 और बाद के संशोधनों में परिभाषित पात्रता मानदंड के अनुसार आवेदनों के मूल्यांकन के बाद पंजीकरण का प्रमाण पत्र जारी किया गया था।

वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान, एनपीएस संरचना के तहत 23 व्यक्तिगत सेवानिवृत्ति सलाहकार और व्यक्तिगत सेवानिवृत्ति सलाहकारों के अतिरिक्त 4 आरए पंजीकृत किए गए थे। पंजीकरण प्रक्रिया को तेजी से निष्पादित करने के लिए, पंजीकरण का ऑनलाइन मंच उपलब्ध है, जहां आवेदक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

v) केन्द्रीय अभिलेखपाल अभिकरण

क. विनियमों का संशोधन, अधिसूचना और संशोधन का प्रसार

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण) (दूसरा संशोधन) विनियम, 2020 को सीआरए के लिए योग्यता, शासन, प्रबंधन और परिचालन व्यवहार मानदंडों को निर्धारित करने और केंद्रीकृत अभिलेखपालन तथा सभी अभिदाताओं के लिए

ग्राहक सेवा कार्यों को करने के लिए जारी किया गया।

एम/एस एनएसडीएल ई–गर्वनेंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (अब प्रोटियन) के केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण के रूप में कार्य करने के लिए पंजीकरण के कार्यकाल में 01 अप्रैल, 2020 से 31 मार्च 2021 तक आगे की एक वर्ष की अवधि के लिए या पीएफआरडीए (सीआरए) विनियम, 2015 और उसके संशोधनों के तहत पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान करने की तिथि, जो भी पहले हो, तक के लिए बढ़ाया गया है।

हाल ही में, पीएफआरडीए (केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण) विनियम, 2015 के तहत कंप्यूटर एज मैनेजमैंट सर्विस लिमिटेड (सीएएमएस) को पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। हालांकि, 31 मार्च, 2021 तक के अनुसार सीआरए–सीएएमएस का परिचालन शुरू करना शेष है। तीसरे केन्द्रीय अभिलेखपाल अभिकरण ने 17 मार्च 2022 से ईएनपीएस मंच का परिचालन शुरू कर दिया है। हालांकि, अभी भी इसके द्वारा पूर्ण रूप से परिचालन किया जाना शेष है।

vi) न्यासी बैंक

कोई विनियामक परिवर्तन नहीं किए गए। हालांकि, वार्षिक शुल्क और अनुपालन प्रमाणपत्र का समय से संकलन सुनिश्चित किया गया था।

पीएफआरडीए (न्यासी बैंक) विनियम, 2015 और उसके संशोधनों के तहत पीएफआरडीए द्वारा 12 अक्टूबर 2020 को न्यासी बैंक के चयन के लिए जारी अनुरोध प्रस्ताव (आरएफपी) के उत्तर में, एक्सिस बैंक लिमिटेड को एनपीएस के तहत न्यासी बैंक के रूप में नियुक्त किया गया है।

एक्सिस बैंक को एनपीएस न्यासी बैंक के रूप में जारी किया गया पंजीकरण प्रमाण पत्र 8 जनवरी 2021 से लागू है और यह पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रदान करने की तारीख से पांच साल की अवधि के लिए वैध है और इसे तब तक के लिए प्रदान किया गया है, जब तक कि पीएफआरडीए (न्यासी बैंक) विनियम 2015 के नियम 13 और उसके संशोधनों के अनुसार प्राधिकरण द्वारा निलंबित या रद्द नहीं किया जाता है।

vii) एनपीएस न्यास

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास) (दूसरा संशोधन) विनियम, 2020 को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास के न्यासियों के बोर्ड में न्यासी शासन में संशोधन करने के लिए जारी किया गया।

31 मार्च 2022 के अनुसार एनपीएस न्यासी बोर्ड के न्यासियों का विवरण

1.	श्री अतनु सेन	अध्यक्ष और न्यासी
2.	श्री सुधीर श्याम	न्यासी
3.	श्री रुचिर मित्तल	न्यासी
4.	डॉ. पी.सी जाफर	न्यासी
5.	श्री जे के शर्मा	न्यासी
6.	श्री दिनेश कुमार मेहरोत्रा	न्यासी
7.	श्री राधाकृष्णन नैयर	न्यासी
8.	श्री संजीव चानना	न्यासी
9.	श्री सूरज भान	न्यासी
10.	श्री वाई वेंकट राव	न्यासी
11.	सुश्री चित्रा जयसिम्हा	न्यासी

viii) निकास और वार्षिकी सेवा प्रदाता (एएसपीज़):

क. संशोधन, अधिसूचना और विनियमों के संशोधन का प्रसार

पीएफआरडीए (एनपीएस के तहत निकास और प्रत्याहरण) (संशोधन) विनियम 2020 को एनपीएस लाइट अभिदाताओं के सरल निकास की सुविधा के लिए जारी किया गया है।

3.2 योजनाओं का अनुमोदन, पेंशन निधि के कोष प्रबंधन सहित उनकी नियम एवं शर्तें और ऐसी योजनाओं के तहत निवेश दिशानिर्देश

प्राधिकरण द्वारा प्रशासित योजनाओं का विवरण रिपोर्ट के भाग II से देखा जा सकता है ।

वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस) द्वारा जारी अधिसूचना फा.सं.1/3/2016–पीआर दिनांक 31.01.2019 के अनुसार एनपीएस के तहत एक डिफॉल्ट योजना के रूप में मौजूदा केंद्र सरकार योजना और वित्त वर्ष 2020–21 के लिए केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार क्षेत्रों के तहत मौजूदा और नए सरकारी अभिदाताओं के लिए राज्य सरकार योजना/डिफॉल्ट योजना के तहत वृद्धिशील सदस्यता के लिए धन का आवंटन पेंशन निधियों में वितरित किया गया ।

इसके अतिरिक्त वित्त वर्ष 2021–22 के लिए केंद्र सरकार और केंद्रीय स्वायत्त निकाय के तहत प्रबंधन के अधीन परिसंपत्तियां एसबीआई पेंशन फंड प्राइवेट लिमिटेड, यूटीआई रिटायरमेंट सोल्यूशंस लिमिटेड और एलआईसी पेंशन फंड लिमिटेड के लिए 38:32:30 (29 जून 2020 से प्रभावी) में आवंटित किया गया है। जबकि पूर्व में यह आवंटन अनुपात एसबीआई पेंशन फंड प्राइवेट लिमिटेड, यूटीआई रिटायरमेंट सोल्यूशंस लिमिटेड और एलआईसी पेंशन फंड लिमिटेड के लिए 34:33:33 था।

राज्य सरकार के कर्मचारियों और राज्य स्वायत्त निकायों के कर्मचारियों के लिए लागू योजना के लिए वित्त वर्ष 2021–22 के लिए परिसंपत्तियों का प्रबंधन एसबीआई पेंशन फंड प्राइवेट लिमिटेड, यूटीआई रिटायरमेंट सॉल्यूशन लिमिटेड और एलआईसी पेंशन फंड लिमिटेड को 31:34:35 क्रमशः के अनुपात में किया गया है, जबकि पूर्व में आवंटन का यह अनुपात एसबीआई पेंशन प्राइवेट लिमिटेड लिमिटेड, यूटीआई रिटायरमेंट सॉल्यूशन लिमिटेड और एलआईसी पेंशन फंड लिमिटेड के लिए 38.5:32.5:29.5 था।

3.3 राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली से अभिदाताओं का निकास

3.3.1 पीएफआरडीए (एनपीएस के तहत निकास और प्रत्याहरण) विनियम 2015 और उसके संशोधनो के तहत निम्नलिखित प्रत्याहरण श्रेणियां स्वीकृत हैं:

(i) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली से अभिदाताओं का निकास

पीएफआरडीए (एनपीएस से निकास और प्रत्याहरण) विनियम 2015 के अनुसार निम्नलिखित निकास श्रेणियां अनुज्ञप्त हैं :

तालिका संख्या 3.6: पीएफआरडीए (एनपीएस के तहत निकास और प्रत्याहरण) विनियम 2015 और संशोधन

क्र.सं	प्रत्याहरण श्रेणियां	सरकारी क्षेत्र में शर्तें	गैर–सरकारी क्षेत्र में शर्तें
1	**सामान्य अधिवर्षिता पर**	अभिदाता के संचित पेंशन धन के न्यूनतम 40% का उपयोग मासिक पेंशन प्रदान करने हेतु वार्षिकी क्रय करने के लिए किया जाना चहिए और शेष राशि अभिदाता को एकमुश्त रूप से दी जानी चाहिए । यदि प्रान में उपलब्ध संचित पेंशन राशि 2 लाख या 2 लाख से कम है तो अभिदाता के पास सम्पूर्ण पेंशन संपत्ति को बिना वार्षिकी क्रय किए वापस लेने का विकल्प होगा।	सरकारी क्षेत्र के समान

		हालांकि, निकास दिशानिर्देशों अर्थात् 14 जून 2021 को अधिसूचित में कुछ परिवर्तन किए गए हैं, जिनमें स्थायी सेवानिवृत्ति खातें में संचित पेंशन संपत्ति को पांच लाख रूपये या उससे कम राशि, जैसा भी प्राधिकरण द्वारा सीमा निर्धारित की जाए के रूप में संशोधित किया गया है।	
2	**मृत्यु पर**	अभिदाता के संचित पेंशन धन के न्यूनतम 80% का उपयोग पति/पत्नी को मासिक पेंशन प्रदान करने हेतु वार्षिकी क्रय करने के लिए किया जाना चहिए और शेष राशि नामिती/विधिक वारिस को एकमुश्त रूप से दी जाती है । यदि प्रान में संचित राशि मृत्यु के समय 2 लाख या उससे कम होगी, नामिती या विधिक वारिस के पास सम्पूर्ण पेंशन संपत्ति को बिना वार्षिकी क्रय किए वापस लेने का विकल्प होगा। हालांकि, निकास दिशानिर्देशों अर्थात् 14 जून 2021 को अधिसूचित में कुछ परिवर्तन किए गए हैं, जिनमें स्थायी सेवानिवृत्ति खातें में संचित पेंशन संपत्ति को पांच लाख रूपये या उससे कम राशि, जैसा भी प्राधिकरण द्वारा सीमा निर्धारित की जाए के रूप में संशोधित किया गया है ।	यदि 60 वर्ष या उससे अधिक की आयु प्राप्त करने से पहले अभिदाता की मृत्यु हो जाती है, तो अभिदाता की पूरी संचित पेंशन संपत्ति का नामिति या नामितयों या कानूनी उत्तराधिकारियों को भुगतान किया जाएगा। मृतक अभिदाता के नामांकित व्यक्ति या परिवार के सदस्यों के पास यह विकल्प होगा कि यदि वे चाहें, तो मृतक अभिदाताओं के स्थायी सेवानिवृत्ति खाते पर निकास लाभ के लिए आवेदन करते हुए निकास के समय उन्हें पेंश की जाने वाली वार्षिकियों में से एक वार्षिकी खरीद सकते हैं।
3	**समय से पूर्व निकास**	अभिदाता के संचित पेंशन धन के न्यूनतम 80% का उपयोग मासिक पेंशन प्रदान करने हेतु वार्षिकी क्रय करने के लिए किया जाना चहिए और शेष राशि अभिदाता को एकमुश्त रूप से दी जानी चाहिए। यदि प्रान में उपलब्ध संचित पेंशन राशि 1 लाख या उससे कम है तो ऐसे अभिदाता के पास सम्पूर्ण पेंशन संपत्ति को बिना वार्षिकी क्रय किए वापस लेने का विकल्प होगा।	इस तरह के विकल्प के प्रयोग की अनुमति केवल ऐसे अभिदाताओं को होगी जो कम से कम दस साल की अवधि से राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में सदस्य रहे हो। अभिदाता के संचित पेंशन धन के न्यूनतम 80% का उपयोग मासिक पेंशन प्रदान करने हेतु वार्षिकी क्रय करने के लिए किया जाना चाहिए और शेष राशि अभिदाता को एकमुश्त रूप से दी जानी चाहिए।

		हालांकि, निकास दिशानिर्देशों अर्थात् 14 जून 2021 को अधिसूचित में कुछ परिवर्तन किए गए हैं, जिनमें स्थायी सेवानिवृत्ति खातें में संचित पेंशन संपत्ति को दो लाख पचास हजार रूपये या उससे कम राशि, जैसा भी प्राधिकरण द्वारा सीमा निर्धारित की जाए के रूप में संशोधित किया गया है।	यदि प्रान में उपलब्ध संचित पेंषन राशि 1लाख या उससे कम है तो ऐसे अभिदाता के पास सम्पूर्ण पेंशन संपत्ति को बिना वार्षिकी क्रय किए वापस लेने का विकल्प होगा । हालांकि, निकास दिशानिर्देशों अर्थात् 14 जून 2021 को अधिसूचित में कुछ परिवर्तन किए गए हैं, जिनमें स्थायी सेवानिवृत्ति खातें में संचित पेंशन संपत्ति को दो लाख पचास हजार रूपये या उससे कम राशि, जैसा भी प्राधिकरण द्वारा सीमा निर्धारित की जाए के रूप में संशोधित किया गया है।

इसके अलावा, अभिदाता एनपीएस (75 वर्ष तक) में निवेशित रहने का निर्णय ले सकता है या एनपीएस से निकास कर सकता है। एनपीएस अभिदाताओं के लिए निम्नलिखित विकल्प उपलब्ध हैं:

- **एनपीएस खाते को जारी रखना** : अभिदाता सेवानिवृत्ति (75 वर्ष तक) के बाद भी एनपीएस खाते में अंशदान करना जारी रख सकता है और अंशदान पर अतिरिक्त कर लाभ प्राप्त कर सकता है।
- **निकासी को स्थगित करना** : अभिदाता अपनी निकासी को स्थगित कर सकता है और 75 वर्ष की आयु तक एनपीएस में निवेशित रह सकता है। अभिदाता केवल एकमुश्त निकासी को स्थगित कर सकता है, केवल वार्षिकी को स्थगित कर सकता है या एकमुश्त और वार्षिकी दोनों को स्थागित कर सकता है।
- **अपनी पेंशन शुरू करें** : यदि अभिदाता एनपीएस खाते को जारी नहीं रखना चाहता/ स्थगित करना चाहता है, तो वह एनपीएस से निकास सकता है। वह ऑनलाइन निकास का अनुरोध कर सकता है और एनपीएस के निकास दिशानिर्देशों के अनुसार पेंशन प्राप्त करना शुरू कर सकता है।

एक व्यक्ति https://bit-ly/2ZLzTkB पर हमारे समर्पित यूट्यूब चैनल पर जारीकरण और आस्थगन प्रक्रिया पर वीडियो और https://bit-ly/2vyuhfk पर जाकर अभिदाता के ऑनलाइन निकासी प्रसंस्करण पर वीडियो देख सकते हैं।

एनपीएस से निकास के लिए, अभिदाताओं को श्रेणीबद्ध और परिभाषित किया गया है :

(i) सरकारी क्षेत्र, (ii) कॉर्पोरेट क्षेत्र सहित सर्व नागरिक और (iii) एनपीएस लाइट अभिदाता। अभिदाता जिस श्रेणी से सम्बंधित है तदनुसार निर्दिष्ट निकास विनियम लागू होंगे।

तालिका संख्या 3.7: 1 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022 के बीच रिपोर्ट, स्वीकृत और निपटाए गए निकास मामले

क्र. सं	क्षेत्र	ऑनलाइन निकासी			भौतिक निकासी		
		रिपोर्ट किए गए*	स्वीकृत $	निपटाए गए	रिपोर्ट किए गए #	स्वीकृत ***	निपटाए गए
1.	केन्द्र सरकार		7,345	7275	47	47	47
2.	राज्य सरकार	30,472	27,375	27318,	66	66	66
3.	सर्व नागरिक/यूओएस	8,529	8,253	7711	54	54	54
4.	कोर्पोरेट	5,456	5,213	4326	-	8	8
5.	एनपीएस लाइट	34,690	34,309	34,302	524	524	524
	कुल	**87,012**	**82,495**	**80,932**	**699**	**699**	**699**

(**आंकड़ों का स्रोत** : एनएसडीएल–सीआरए एंड केफिन टेक्नोलॉजीज़ सीआरए)

टिप्पणी :

* **ऑनलाइन निकास** रिपोर्टेड मामलों में नोडल कार्यालयों द्वारा अधिकृत तथा नोडल कार्यालयों के लिए द्वारा अधिकृत होने के लिए लंबित मामले शेष हैं।

$ **ऑनलाइन निकास** निपटाए गए मामले वो मामले हैं जिसमें नोडल कार्यालय ने सीआरए प्रणाली में निकास अनुरोध स्वीकृत किए हैं।

भौतिक निकासी: इन मामलों में प्रसंस्करण के लिए सीआरए में प्राप्त भौतिक प्रारूप शामिल हैं जिनके ऑनलाइन निकासी मॉड्यूल अभी तक विकसित या विकास प्रक्रिया में नहीं हैं। उदा. अभिदाता जिसकी सीआरए प्रणाली में अपलोड की गई अंशदान राशि मिलान और बुकिंग के लिए लंबित थी (यानी मेल नहीं किया गया था), 60 वर्ष की आयु के बाद प्रणाली में पंजीकृत होने वाले अभिदाता आदि। सीआरए ने ऐसे मामलों को एक ऑफलाइन यानी भौतिक मोड में संसाधित किया।

*****भौतिक निकासी**: स्वीकृत का अर्थ है वह मामले जो सीआरए में स्थगित थे और जिसके लिए नोडल कार्यालय/अभिदाता से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त किए गए थे।

तालिका संख्या 3.8: 31 मार्च 2021 और 31 मार्च 2022 तक के अनुसार लंबित प्रत्याहरण दावे

क्र. सं	क्षेत्र	लंबित ऑनलाइन निकासी	
		31, मार्च 2021 तक के अनुसार	31, मार्च 2022 तक के अनुसार
1	केन्द्र सरकार	434	520
2	राज्य सरकार	2417	3097
3	यूओएस	469	286
4	कोर्पोरेट	246	244
5	एनपीएस लाइट	315	381

आंकड़ों का स्रोत: एनएसडीएल – सीआरए और केफिनटेक–सीआरए

टिप्पणी :

* **भौतिक प्रत्याहरण** : वर्ष के अंत में लम्बित प्रत्याहरण दावे वह मामले हैं जहाँ अभिदाता/नोडल कार्यालयों को सीआरए को आवश्यक दस्तावेज भेजना शेष है।

* **ऑनलाइन प्रत्याहरण** : वर्ष के अंत में लम्बित प्रत्याहरण दावे वह मामले हैं जहाँ नोडल कार्यालयों को सीआरए प्रणाली में प्रत्याहरण अनुरोध अधिकृत करना शेष है।

यह देखा गया कि अधिकांश मामलों में अभिदाताओं या नोडल कार्यालयों द्वारा जमा कराए गये उपयुक्त दस्तावेजों की कमी/अपर्याप्तता के कारण प्रत्याहरण अनुरोध लम्बित है।

3.3.2 एनपीएस के तहत आंशिक प्रत्याहरण

एनपीएस अभिदाता आंशिक प्रत्याहरण ऐसी स्थिति में आंशिक प्रत्याहरण कर सकता है, जब अभिदाता के संचित पेंशन धन का आंशिक प्रत्याहरण, जो अभिदाता

के संचित पेंशन धन का, पच्चीस प्रतिशत से अधिक न हो, और जिसमें राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली से निकास के पूर्व किसी समय नियोजक द्वारा किये गए अंशदान, यदि कोई हो, को अपवर्जित किया गया है, नीचे विनिर्दिष्ट निबंधनों और शर्तों, प्रयोजन, आवृत्ति और सीमाओं के अधीन रहते हुए अनुज्ञेय होगाः–

(अ) प्रयोजन : किसी अभिदाता को, प्रत्याहरण प्रारूप प्रस्तुत करने की तारीख से केवल निम्नलिखित प्रयोजन में से किसी के लिए उसके व्यक्तिगत पेंशन खाते से उसके द्वारा किये गए अभिदायों का पच्चीस प्रतिशत से अनधिक का प्रत्याहरण, अनुज्ञात होगा; –

(i) अपने बच्चों के, जिसके अंतर्गत वैध रूप से दत्तक बच्चे भी हैं, उच्चतर शिक्षा के लिए;

(ii) अपने बच्चों के, जिसके अंतर्गत वैध रूप से दत्तक बच्चे भी हैं, विवाह के लिए ;

(iii) अपने स्वयं के नाम से या विधिक रूप से विवाहित पति या पत्नी के साथ संयुक्त रूप से कोई निवास स्थान (मकान) या फ्लैट है, तो इन विनियमों के अधीन कोई प्रत्याहरण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा ;

(iv) विनिर्दिष्ट बीमारियों के उपचार के लिए यदि अभिदाता उसका विधिक रूप से विवाहित पति या पत्नी, बच्चों जिसके अंतर्गत वैध रूप से दत्तक बच्चे भी हैं, या आश्रित माता–पिता किसी विनिर्दिष्ट रुग्णता से ग्रस्त हैं, जिसमें निम्नलिखित रोगों के सम्बन्ध में अस्पताल में भर्ती होना, उपचार समाविष्ट होगा :

i. कैंसर ;

ii. गुर्दा की विफलता (अंत चरण रीनल फेल होना) ;

iii. प्राइमरी पुल्मोनरी आल्टेकियल हाइपरटेंशन ;

iv. मल्टीपल एक्लराइओसिस ;

v. प्रमुख अंग प्रत्यारोपण ;

vi. कोरेनरी आर्टरी बाईपास ग्राफ्ट ;

vii. ओरटा ग्राफ्ट सर्जरी ;

viii. हार्ट वाल्व सर्जरी ;

ix. स्ट्रोक ;

x. मायोकार्डियल इन्फेक्शन

xi. कोमा ;

xii. टोटल ब्लाइंडनेस (पूर्ण रूप अंधता) ;

xiii. पेरालेसिस (लकवा);

xiv. गंभीर/जीवन को संकट में डालने वाली दुर्घटना ;

xv. जीवन को नुकसान पहुंचाने वाले कोई अन्य गंभीर रोग जो प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर जारी परिपत्रों, मार्गदर्शक सिद्धांतों या अधिसूचनाओं में विनिर्दिष्ट किया जाए। हाल ही में कोविड–19 को इस वर्ग मे शामिल किया गया।

xvi. अभिदाता की विकलांगता या अक्षमता के कारण होने वाले चिकित्सकीय तथा आकस्मिक खर्चों को पूरा करने हेतु।

xvii. अभिदाता द्वारा कौशल विकास/पुनः कौशल या अन्य कोई स्व–विकास क्रियाकलापों के खर्चों के लिए, जैसा भी उस बारे में प्राधिकरण द्वारा उचित दिशानिर्देश जारी करते हुए अनुज्ञप्त हो।

xviii. अभिदाता द्वारा स्व–उद्यम स्थापित करने या नए उद्यमों की शुरुआत करने हेतु खर्चों को के लिए, जैसा भी उस बारे में प्राधिकरण द्वारा उचित दिशानिर्देश जारी करते हुए अनुज्ञप्त हो।

(ख) सीमाएं : अनुज्ञात प्रत्याहरण केवल तभी मंजूर किया जाएगा यदि अभिदाता लाभों का उपयोग करने के लिए निम्नलिखित पात्रता सम्बन्धी मानदंड और सीमाओं का अनुपालन करता है :–

(क) अभिदाता, अपने कार्यग्रहण की तारीख से कम से कम तीन वर्ष की अवधि तक राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में रहा हो;

(ख) अभिदाता को उसके द्वारा किए गए अभिदायों के आवेदन की तारीख को उसके व्यक्तिगत पेंशन खाते में जमा रकम के प्रत्याहरण के लिए, पच्चीस प्रतिशत से अनधिक संचयन का प्रत्याहरण अनुज्ञात नहीं होगा ।

(ग) **आवृत्ति :** (1) अभिदाता को, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अधीन अभिदाय की सम्पूर्ण अवधि के दौरान केवल अधिकतम तीन बार प्रत्याहरण अनुज्ञात होगा। अभिदाता द्वारा सुसंगत दस्तावेजों के साथ विनिर्दिष्ट प्रारूप के प्रत्याहरण के लिए अनुरोध केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण या राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास को, जैसा विनिर्दिष्ट किया जाए, ऐसे प्रत्याहरण की कार्यवाही करने के लिए अपने मुख्य पणधारी के द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। परन्तु जहाँ कोई अभिदाता, उपखंड (घ) में विनिर्दिष्ट किसी रोग से ग्रस्त है वहां प्रत्याहरण का ऐसा अनुरोध ऐसे अभिदाता के कुटुंब के किसी सदस्य के माध्यम से प्रस्तुत किया जा सकेगा।

तालिका संख्या 3.9: वित्त वर्ष 2021–22 में रिपोर्ट किए गए और निपटाए गए आंशिक प्रत्याहरण मामलों की संख्या

क्र. सं	क्षेत्र	रिपोर्ट किए गए**	निपटाए गए**
1	केन्द्र सरकार	32,668	33,054
2	राज्य सरकार	89,264	88,586
3	यूओएस	2,599	2,867
4	कोर्पोरेट	6,651	7,057
5	एनपीएस लाइट	6	6
	कुल	**1,31,188**	**1,31,570**

(आंकड़ों का स्रोत : एनएसडीएल-सीआरए एंड केफिनटेक-सीआरए)

टिप्पणी:

***रिपोर्ट किये गए मामलों में नोडल कार्यालय द्वारा अधिकृत और नोडल कार्यालय द्वारा अधिकृति हेतु लंबित मामले शामिल हैं ।*

***निपटाए गए मामले वह हैं जिनमें निधियां अभिदाता के बैंक खाते में जमा कर दी गई हैं।*

तालिका संख्या 3.10: 1 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022 तक के दौरान कारणवार आंशिक निकासी के रिपोर्ट किए गए और निपटाए गए मामले।

निकासी का कारण	रिपोर्ट किए गए*	निपटाए गए
अपने बच्चों, जिसमें वैध रूप से दत्तक बच्चे भी शामिल हैं, की उच्चतर शिक्षा के लिए	8,568	8,540
अपने बच्चों, जिसमें वैध रूप से दत्तक बच्चे भी शामिल हैं, के विवाह के लिए	8,568	8,540
निवास स्थान क्रय करने या उसके संनिर्माण के लिए	75,155	75,356
निर्दिष्ट बीमारियों के इलाज के लिए	24,758	24,786
विकलांगता/निःशक्तता के कारण होने वाले चिकित्सकीय खर्चों और आकस्मिक खर्चों को पूर्ण करने के लिए	10,962	10,912
कौशल विकास/पुनः कौशल या अन्य कोई स्व–विकास क्रियाकलापों के खर्चों के लिए	2,483	2,586
स्व–उद्यम स्थापित करने या नए उद्यमों की शुरूआत के लिए	323	360
कुल	**1,31,188**	**1,31,570**

i) अभिदाताओं द्वारा चुने गए वार्षिकी सेवा प्रदाता (एएसपी) और वार्षिकी योजनाओं का विवरण

एकमुश्त राशि जमा करने पर वार्षिकी के रूप में मासिक पेंशन प्राप्त होती है। अभिदाता को पीएफआरडीए के सूचीबद्ध वार्षिकी सेवा प्रदाताओं से, एनपीएस निकास नियमों में अनिवार्य रूप से निर्दिष्ट वार्षिकी क्रय करनी होगी।

वार्षिकी सेवा प्रदाता बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) लाइसेंस प्राप्त और विनियमित जीवन बीमा कंपनियां हैं, जो भारत में वार्षिकी व्यवसाय का संचालन करती हैं और ये एनपीएस अभिदाताओं की वार्षिकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पीएफआरडीए द्वारा सूचीबद्ध हैं।

वर्तमान में, निम्नलिखित 12 वार्षिकी सेवा प्रदाता एनपीएस अभिदाताओं को वार्षिकी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

क) लाइफ इंश्योरेंस कोर्पोरेशन ऑफ इंडिया

ख) आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कं लिमिटेड

ग) एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कं लिमिटेड

घ) आईसीआईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कं. लिमिटेड

ड.) एचडीएफसी स्टैंडर्ड लाइफ इंश्योरेंस कं लिमिटेड

च) स्टार यूनियन दाई–ईची लाइफ इंश्योरेंस कं लिमिटेड

छ) कोटेक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कं लिमिटेड

ज) इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कं लिमिटेड

झ) एडेलविस टोकियो लाइफ इंश्योरेंस कं लिमिटेड

ञ) बजाज एलायंज लाइफ इंश्योरेंस कं लिमिटेड

त) कैनरा एचएसबीसी ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स लाइफ इंश्योरेंस कं लिमिटेड

थ) टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड

द) मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत, अभिदाता के पास वार्षिकी के प्रकार और वार्षिकी सेवा प्रदाता को चुनने का विकल्प होता है। अभिदाता संबंधित एएसपी द्वारा दी जाने वाली उपलब्ध योजनाओं में से अपनी आवश्यकताओं के आधार पर वार्षिकी प्रकार/योजना का चयन कर सकता है।

तालिका संख्या 3.11: 1 अप्रैल, 2021 से 31 मार्च, 2022 के दौरान संसाधित किए गए ऑनलाइन वार्षिकी अनुरोध

क्र.सं	वार्षिकी सेवा प्रदाता/वार्षिकी योजनाएं	मामलों की संख्या	राशि स्थानांतरित (रूपयों करोड़ में)
1	जीवनभर के लिए वार्षिकी	2373	104.77
2	मृत्यु होने पर क्रय मूल्य की वापसी के साथ जीवनभर के लिए वार्षिकी	12071	710.99
3	वार्षिकीकर्ता की मृत्यु होने पर पति/पत्नी को जीवनभर के लिए 100% वार्षिकी देय	4035	215.63
4	वार्षिकीकर्ता की मृत्यु होने पर पति/पत्नी को जीवनभर के लिए 100ः वार्षिकी देय	4242	562.14
5	वार्षिकीकर्ता की मृत्यु होने पर वार्षिकी खरीद पर पति/पत्नी को रिटर्न के साथ जीवनभर के लिए 100ः वार्षिकी देय	33	1.30
6	अधिशुल्क/क्रय शुल्क की भाग में वापसी के साथ जीवनभर के लिए वार्षिकी	148	8.51
7	गंभीर बीमारी का पता चलने पर अधिशुल्क/क्रय शुल्क की वापसी के साथ जीवनभर के लिए वार्षिकी	4715	316.14
	एनपीएस–कुटुंब आय विकल्प	**27617**	**1919.48**

(आंकड़ों का स्रोतः एनएसडीएल सीआरए और केफिनटेक सीआरए)

ii) पीएफआरडीए द्वारा शुरू की गई डिजिटल पहल जिसका उपभोक्ता मोबाइल या इंटरनेट के माध्यम से उपयोग कर सकता है

अ. ई–वार्षिकी साक्षरता कार्यक्रम (एएलपी)

सेवानिवृत्त होने वाले एनपीएस अभिदाताओं के बीच वार्षिकी पर जागरूकता पैदा करने के लिए कार्यक्रम। यह कार्यक्रम वार्षिकी सेवा प्रदाताओं और सीआरए के साथ संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। वार्षिकी साक्षरता कार्यक्रम 2 भिन्न राज्यों, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में भौतिक रूप से और 4 वार्षिकी साक्षरता कार्यक्रम अभिदाताओं के लिए ऑनलाइन रूप से आयोजित किए गए।

तालिका संख्या 3.12: वित्त वर्ष 2021–22 के लिए वार्षिकी साक्षरता कार्यक्रमों की सूची

क्र.सं	ऑनलाइन और ऑफलाइन	स्थान	दिनांक	प्रतिभागी
1	ई एएलपी	केरल	28 जनवरी 2022	265
2	एएलपी	इंदौर	17 दिसंबर 2021	350
3	एएलपी	रायपुर	25 और 26 नवंबर 2021	375
4	ई एएलपी	तमिलनाडु	27 अक्टूबर 2021	245
5	ई एलपी	संपूर्ण भारत	17 सितंबर 2021	290
6	ई एलपी	संपूर्ण भारत	13 अगस्त 2021	260
कुल				**1785**

आ. ऑनलाइन पेंशन कैलकुलेटर

पेंशन कैलकुलेटर अस्थायी पेंशन और एकमुश्त राशि को दर्शाता है जो एक एनपीएस अभिदाता को परिपक्वता पर या 60 वर्ष की आयु पर नियमित मासिक अंशदान, वार्षिकी क्रय करने के लिए पुनर्निवेश की गई राशि का प्रतिशत और निवेश पर रिटर्न के संबंध में अनुमानित दर और चयनित वार्षिकी के आधार पर प्राप्त करने की आशा कर सकता है। यह एनपीएस न्यास की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

पेंशन कैलकुलेटर के लिए लिंक

http://www.npstrust.org.in/content/pension-calculator

https://cra-nsdl.com/CRAOnline/aspQuote.html

https://nps.kfintech.com/npc/

ग. कोविड–19 के दौरान विशेष उपाय

i. ऑनलाइन निकासी प्रक्रिया

नोडल कार्यालयों/पीओपी को एनपीएस के निकासी अनुरोध को संसाधित करने के लिए डिजिटल माध्यम से निकास दस्तावेजों की स्कैन/स्व–प्रमाणित छवियों को स्वीकार करने के लिए छूट दी गई थी। अभिदाता भौतिक तरीके के बजाय दस्तावेजों को डिजिटल रूप से जमा कर सकते हैं।

ii. कोविड –19 संबंधित चिकित्सा उपचार के लिए स्वीकृत आंशिक निकासी की अनुमति

कोविड से संबंधित बीमारियों को शामिल करने के लिए आंशिक निकासी दिशानिर्देषों में संषोधन किया गया है।

घ. ऑनलाइन निकास/निकासी

i. एकल केवाईसी पर एनपीएस अभिदाताओं के लिए वार्षिकी जारी करने की सुविधा ।

वार्षिकी सेवा प्रदाताओं (एएसपी) द्वारा वार्षिकी जारी करने के लिए नोडल

अधिकारियों द्वारा अपलोड किए गए केवाईसी और निकासी दस्तावेज पर्याप्त हैं। पीएफआरडीए द्वारा आईआरडीएआई और एएसपी के साथ समन्वय में प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया गया था।

ii. तत्काल ऑनलाइन बैंक खाता सत्यापन

अतिरिक्त ड्यू डिलिजेंस प्रक्रिया के भाग के रूप में, पेनी ड्रॉप के माध्यम से तत्काल बैंक खाता सत्यापन शुरू किया गया ताकि धन की वापसी से बचा जा सके और वास्तविक समय के आधार पर लाभार्थी के विवरण की जांच की जा सके। यह प्रक्रिया निकास को निर्बाध बनाती है और विलंब से बचाती है।

iii. ई–एनपीएस अभिदाता निकास

बैंकों के समन्वय में निर्मित ऑनलाइन ई–एनपीएस निकास कार्यक्षमता। 30 नवंबर, 2020 से कार्यात्मकताएं शुरू की गईं।

iv. निकास प्राधिकरण कोड (ईए कोड)

अभिदाताओं को निकास के समय मोबाइल नंबर सत्यापित करने की सुविधा देता है और संपर्क क्षमता में सुधार करता है। वार्षिकी सेवा प्रदाता द्वारा वार्षिकी प्रसंस्करण में सरलता सुनिश्चित करता है।

तालिका संख्या 3.13: पीएफआरडीए द्वारा वर्ष 2021–22 में जारी कार्यात्मकताओं का समग्र सारांश

कार्य का नाम	वित्त वर्ष 2020–2021 में संसाधित अनुरोधों की संख्या*
स्कैनड दस्तावेज़ों के आधार पर ऑनलाइन निकासी प्रक्रिया	306
कोविड–19 संबंधी स्वास्थ्य संबंधी उपचार के लिए स्वीकृत ऑनलाइन आंशिक निकास मामले; कुल राशि सहितद्ध	6790 (Rs 47.39 Crores)
ऑनलाइन ई–एनपीएस निकास	1,156
आंशिक निकास	55,172
उपस्थिति अस्तित्वों (कोर्पोरेट) से संबद्धित एनपीएस अभिदाताओं के लिए ऑनलाइन निकास प्रक्रिया	1,619
कार्य का नाम	वित्त वर्ष 2020–2021 में संसाधित अनुरोधों की संख्या*
उपस्थिति अस्तित्वों (कोर्पोरेट) से संबद्धित एनपीएस अभिदाताओं के लिए ऑनलाइन निकास प्रक्रिया	1,940

(आंकड़ों का स्रोतः एनएसडीएल सीआरए और केफिनटेक सीआरए)

नोटः प्रदान किए गए आंकड़े वित्तीय वर्ष २१-२२ के दौरान जारी प्रासंगिक कार्यात्मकताओं के लिए हैं।
बिंदु संख्या १ के लिए सरकारी कागज रहित संसाधित मामलों पर विचार किया गया।
बिंदु संख्या ३ के लिए, अहनलाइन मत्रह्र छ्चै नं। स्व-प्राधिकरण और बैंक पीओपी प्राधिकरण मामले शामिल हैं।
बिंदु संख्या ४ के लिए, अभिदाता द्वारा शुरू किए गए आंशिक निकासी अनुरोध और स्व-अधिकृत अनुरोध पर विचार किया गया है।

iii). **डिजिटल पहल–पीएफआरडीए में कार्य प्रगति पर है और इसे लागू करने की प्रक्रिया में कार्यरत है।**

रिमोट ऑनबोर्डिंग और निकास के लिए वीडियो आधारित अभिदाता पहचान प्रक्रिया (वीसीआईपी)।

पीएफआरडीए ने अपने पंजीकृत मध्यस्थों को एनपीएस से संबंधित ऑनबोर्डिंग, निकास या किसी अन्य सेवा अनुरोध पर वीडियो–आधारित अभिदाता पहचान प्रक्रिया (वीसीआईपी) का उपयोग करने की अनुमति दी है। यह दूरस्थ उपस्थिति, सीमित गतिशीलता, संपर्क रहित सेवा, सामाजिक दूरी मानदंड़ आदि की चुनौतियों को दूर करेगा और खाता खोलने, निकास के निष्पादन और अन्य सेवा अनुरोध के नियतकालिक समय को भी अनुकूलित करेगा। यह एनपीएस की पहुंच बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है क्योंकि खाता खोलने की प्रक्रिया गैर–कागज़ी, तात्कालिक, सुविधाजनक और लागत प्रभावी है।

आ. ऑफलाइन आधार आधारित ऑनलाइन निकास।

ऑफलाइन आधार का उपयोग करके निकास की प्रक्रिया में तेजी लाना। इससे निकास की प्रक्रिया का निर्बाध, गैर–कागज़ी और समयबद्ध प्रसंस्करण सुनिश्चित करता है।

इ. ऑनलाइन आंशिक निकासी

आंषिक निकासी प्रक्रिया में स्व–घोषणा के आधार पर आसानी सुनिश्चित करना और पेनी ड्रॉप के साथ प्रक्रिया को ऑनलाइन करना शामिल है। यह आंशिक निकासी की प्रक्रिया के लिए नियतकालिक समय को कम करता है।

ई. ऑनलाइन स्मार्ट निकास निर्देशिका

यह अभिदाताओं को खरीद मूल्य की वापसी के साथ/बिना वार्षिकी उद्धरण प्राप्त करने में मदद करता है। विभिन्न वार्षिकी सेवाप्रदाताओं द्वारा दी जाने वाली वार्षिकी योजनाओं का चयन करते समय अच्छी तरह से सूचित निर्णय ले सकते हैं।

उ. उपस्थिति अस्तित्वों से संबद्धित एनपीएस अभिदाताओं के लिए ऑनलाइन निकास प्रक्रिया।

इस प्रक्रिया के तहत, अभिदाता केवाईसी के साथ निकासी दस्तावेज अपलोड कर सकते हैं और ई – साइन/ओटीपी का उपयोग करके अधिकृत कर सकते हैं। निकास की यह गैर–कागज़ी प्रक्रिया दावों के समय पर प्रसंस्करण और वार्शिकी जारी करने में मदद करती है। निकास की प्रक्रिया के लिए, अभिदाता को पीओपी के उनके कोष का न्यूनतम राषि 125 रुपये और अधिकतम रुपये 500 तक 0.0125% का भुगतान करना होगा।

3.4 राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली और अधिनियम के तहत अन्य पेंशन योजनाओं के अभिदाताओं के हितों की सुरक्षा के लिए गतिविधियाँ :–

पीएफआरडीए का एक प्रमुख उद्देश्य अभिदाताओं के हितों का संरक्षण है और पीएफआरडीए इसके विकास के लिए विविध गतिविधियों में कार्यरत है।

तालिका संख्या 3.14: अभिदाताओं के हितों की रक्षा के लिए किए गए उपाय

सं	पहल	लाभ
1.	ऑनबोर्डिंग के लिए ऑफलाइन आधार केवाईसी	ऑनबोर्डिंग और तत्काल प्रान जारी करने की सरलता ।
2.	एनपीएस अभिदाताओं के लिए ईप्रान कार्ड	अब अभिदाता को खाता खोलने के लिए बहुत कम शुल्क देना होगा और यह संचालित करने में भी सरल है।
3.	अभिदाताओं द्वारा ओटीपी आधारित प्रमाणीकरण	अभिदाताओं की गैर–कागज़ी ऑनबोर्डिंग ।
4.	ऑनलाइन आधार ई–केवाईसी	एक सीआरए को ऑनलाइन ई–केवाईसी पेश करने के लिए यूआईडीएआई द्वारा पीएफआरडीए के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई ।
5.	डी–रेमिट (प्रत्यक्ष प्रेषण)	एनपीएस अभिदाताओं को समान दिवस एनएवी और ऑटो डेबिट की सुविधा । अंशदान प्रसंस्करण में देरी दो दिन से कम हो जाती है।
6.	नच (एनएसीएच) आधारित डेबिट	नच ई–आदेश के माध्यम से स्वचालित डेबिट को प्रायोगिक आधार पर शुरू किया गया । वित्त वर्ष 2020–21 में प्रक्रिया को सूत्रपात किया गया और वित्त वर्ष 2021–22 में शुरू की गई ।
7.	ई–साइन के माध्यम से ई–नामिनेशन सुविधा	गैर–कागज़ी प्रक्रिया का ऑनलाइन नॉमिनेशन/नवीनीकरण
8.	एनपीएस/एपीवाई के लिए लोकपाल	लोकपाल की सेवाओं के विषय में एफएक्यू प्रकाशित किए गए और जागरूकता उत्पन्न की गई ।
9.	वार्षिकी साक्षरता कार्यक्रम (एएलपीज़)	सेवानिवृत्त होने वाले एनपीएस अभिदाताओं के लिए जागरूकता उत्पन्न करना । यह कार्यक्रम वार्षिकी सेवा प्रदाता, सरकारी नोडल अधिकारियों और सीआरए द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया है।
10.	वार्षिकी गणक	एनपीएस अभिदाताओं को वार्षिकी दरों/सूचना के बेहतर अंतरण के लिए वार्षिकी कैलकुलेटर पुनः शुरू किया गया ।
11.	वार्षिकी सेवाप्रदाताओं के लिए अनुपालन प्रमाणपत्र	सवंर्द्धित अभिदाता सेवाओं के लिए वार्षिकी सेवा प्रदाताओं द्वारा अर्धवार्षिक अनुपालन प्रमाणपत्र जमा कराया जा रहा है।

सं	पहल	लाभ
12.	एनपीएस कर बचत खाता	केंद्र सरकार क्षेत्र के अभिदाताओं के लिए कर बचत को सक्षम करता है।
13.	निवेश का विकल्प और पेंशन निधियां	सरकारी क्षेत्र अभिदाता निवेश विकल्प और पेंशन निधियों का चयन कर सकते हैं।
14.	एनपीएस विरासत खातों के लिए ओटीपी आधारित प्रमाणीकरण	उन एनपीएस अभिदाताओं की कठिनाईयों को कम करने के लिए जिन्होंने कोविड–19 महामारी के कारण शुरू हुए लॉकडाउन के दौरान अपने एनपीएस खाते खोले हैं, लेकिन सीआरए को भौतिक आवेदन प्रस्तुत नहीं कर सके।
15.	निकास प्रक्रिया	एनपीएस के निकास अनुरोध को संसाधित करने के लिए नोडल कार्यालयों/उपस्थिति अस्तित्वों को निकास दस्तावेज़ों की स्कैन/स्व–प्रमाणित प्रतियों को स्वीकार करने की छूट दी गई थी।
16.	कोविड संबंधी स्वास्थ्य उपचारों के लिए स्वीकृत आंशिक निकासी	कोविड संबंधित उपचारों को शामिल करने के लिए आंशिक निकासी दिशानिर्देशों को संशोधित किया गया।
17.	समयपूर्व निकासी के मामले में, जहां केवल एकमुश्त राशि का भुगतान किया गया है प्रान जारी रखना	आंशिक रूप से निकासी करने वाले एनपीएस अभिदाताओं को समान प्रान जारी रखने का विकल्प ।
18.	एकल केवाईसी पर एनपीएस अभिदाताओं के लिए वार्षिकी जारी करने की सुविधा	नोडल अधिकारियों द्वारा अपलोड किए गए केवाईसी और निकासी दस्तावेज़, वार्षिकी सेवा प्रदाताओं (एएसपी) वार्षिकी जारी करने के लिए पर्याप्त हैं।
19.	तत्काल बैंक खाता सत्यापन	निधियों की वापसी को रोकने के लिए और वास्तविक समय आधार पर लाभार्थी विवरण की जांच के लिए पेनी ड्रॉप के माध्यम से तत्काल बैंक खाता सत्यापन ।
20.	ई–एनपीएस अभिदाता निकास	ऑनलाइन ई–निकास क्रियात्मकता बैंकों के समन्वय में निर्मित है।
21.	निकास प्रमाणीकरण कोड (ईए कोड)	अभिदाता को निकास के समय मोबाइल नंबर के सत्यापन की सुविधा

3.5 अभिदाताओं की शिकायतों के निवारण के लिए तंत्र और ऐसी गतिविधियों की शिकायतों के निवारण के लिए तंत्र

1. परिचय:

पीएफआरडीए (अभिदाता शिकायत का निवारण) विनियम, 2015 के अनुसार प्रत्येक मध्यस्थ इकाई को शिकायत निवारण नीति का अनुपालन करना होता है, जैसा कि विनियमों के तहत प्रदान किया गया है। विनियम 2(छ) के तहत प्रदत्त शब्द 'शिकायत' को इस प्रकार परिभाषित किया है कि– 'शिकायतें या शिकायत' में वे सभी संचार शामिल होते हैं, जो इस विनियम के प्रावधानों या किसी संस्था या व्यक्ति के आचरण या कोई कार्य करने या ना करने या सेवा में त्रुटि के बारे में हो और उसमें किसी निवारण कार्रवाई की मांग की गई हो किन्तु निम्नलिखित शामिल नहीं है:

i. शिकायतें जो पूरी या स्पष्ट नहीं हों,

ii. सुझाव देने की प्रकृति के पत्र :

iii. पत्र जिनमें मार्गदर्शन या स्पष्टीकरण मांगा गया हो,

iv. शिकायतें, जो प्राधिकरण की शक्तियों या कार्यों या अधिनियम के प्रावधानों तथा उसके तहत निर्मित नियमों व विनियमों से परे हों,

v. मध्यवर्तियों के बीच कोई विवाद संबंधी, और

vi. शिकायतें जो न्यायालय में विचाराधीन हों (मामले जो न्यायालय में या अर्ध–न्यायिक संस्था के विचाराधीन हों) सिवाय उन मामलों के जो अधिनियम के प्रावधानों के तहत इस प्राधिकरण के ही अधिकार क्षेत्र में आते हो,

2. शिकायतों के प्रबंधन से सम्बंधित प्रक्रिया

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (अभिदाता शिकायत का निवारण) विनियम, 2015 के अनुसार अभिदाता की शिकायत का निवारण किया जाता है । शिकायत के सरल और समयबद्ध प्रबंधन के लिए, अभिदाता को निम्नलिखित मार्ग का अनुसरण करना होता है :

स्तर 1 : पीएफआरडीए (अभिदाता शिकायत का निवारण) विनियम 2015, के प्रावधानों के अनुसार अभिदाता केंद्रीय शिकायत प्रबंधन प्रणाली (सीजीएमएस)। अभिदाता की शिकायतों को सम्बंधित मध्यस्थ इकाई/कार्यालय को निवारण के लिए भेजा जाएगा । सम्बंधित इकाई द्वारा प्रदान की गई टिप्पणी की अभिदाता को ईमेल के माध्यम से सूचना दी जाएगी और इसे ऑनलाइन रूप से देखा जा सकता है।

शिकायत दर्ज करने के लिए अभिदाता सम्बंधित सीआरए पर क्लिक कर सकता है जिसके तहत उसका प्रान जारी किया गया है । शिकायतों को दर्ज करने और समाधान की स्थिति देखने की प्रक्रिया का विवरण नीचे दिया गया है :

प्रोटियन ईगवर्नमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (पूर्व में एनएसडीएल ई–गवर्नेंस के नाम से विख्यात)	केफिन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
1. शिकायतें/शिकायत दर्ज करने के लिए वेब आधारित इंटरफेस : **क) केंद्रीय शिकायत प्रबंधन प्रणाली में (सीजीएमएस)** Internet Personal Identification Number इन्टरनेट पर्सनल आइडेंटिफिकेशन (आईपिन) का प्रयोग करते हुए शिकायत दर्ज करना। (https://cra&nsdl-com/CRA/) अभिदाता द्वारा सफल रूप से लॉग इन कर लेने पर जांच/शिकायत का विकल्प चुना जा सकता है। **ख) अभिदाता कॉर्पोरेट वेबसाइट** (https://npscra-nsdl-co-in/Log&your&grievance-php ij Log Your Grievance / Enquiry option पर शिकायत दर्ज कर सकता है। **2. शिकायत/शिकायत दर्ज करने के अन्य तरीके :** **क) Call Centre/Interactive Voice Response System (IVR) :** टोल फ्री नंबर 1800 222 080 पर कॉल करते हुए और स्वयं को Tele query Personal Identification Number (TPIN) द्वारा प्रमाणीकृत करते हुए। **ख) भौतिक प्रपत्र** : निर्दिष्ट प्रपत्र (प्रपत्र G1) में या पत्र द्वारा लिखित में शिकायत दर्ज करना और निम्नलिखित पते पर भेजना :	**1. शिकायतें/शिकायत दर्ज करने के लिए वेब आधारित इंटरफेस** क) अभिदाता हमारी वेबसाइट https://enps-kfintech-com/login/login/ पर जाकर आईपिन का प्रयोग करते हुए केफिनटेक सीआरए द्वारा प्रदत्त एक वेब आधारित इंटरफेस के माध्यम से शिकायत दर्ज कर सकता है । इकाई वेब आधारित प्रारूप की आवश्यकतानुसार आवश्यक सूचना प्रदान करानी होगी । सफल पंजीकरण होने पर, स्क्रीन पर एक टोकन संख्या देखने हेतु प्रदर्षित की जाएगी । **ख) अभिदाता सीआरए प्रणाली में लॉग इन किए बिना उचित विवरण** https://enps-kfintech-com/registergrievanceenquiry/registergrievanceenquiry/ पर प्रदान करते हुए षिकायत दर्ज कर सकता है **2. शिकायत/शिकायत दर्ज करने के अन्य तरीके :** क) अभिदाता टोल फ्री नंबर 1800 208 1516 पर कॉल करते हुए हमारे कॉल सेंटर से संपर्क कर सकता है। अभिदाता टी–पिन का उपयोग द्वारा प्रमाणीकृत होते हुए शिकायत दर्ज कर सकता है। शिकायत को कॉल सेंटर प्रतिनिधि द्वारा पंजीकृत किया जाएगा और इकाई को सन्दर्भ हेतु एक टोकन संख्या प्रदान की जाएगी । **ख) भौतिक प्रपत्र** : अभिदाता सीआरए में केंद्रीय शिकायत प्रबंधन प्रणाली में विवरण जमा करते हुए शिकायत दर्ज कर सकता है । अभिदाता को शिकायत प्रपत्र (फॉर्म जी 1) सीआरए में जमा करना होता है । ऐसी शिकायत प्राप्त करने पर सीआरए उपयोक्ता को

Protean eGov Technologies Limited (पूर्व में NSDL e&governance के नाम से विख्यात) **1st Floor, Times Tower, Kamala Mills Compound, Senapati Bapat Marg, Lower Parel, Mumbai & 400 013** **3. शिकायत की स्थिति की जांच कैसे की जाती है ?** अभिदाता सीआरए की वेबसाइट (https://enps-kfintech-com/login/login/) पर जाकर या कॉलसेंटर के माध्यम से टोकन संख्या वर्णित करते हुए षिकायत की जांच कर सकता है।	इसे डिजिटलाइज करेगा और सीआरए प्रणाली में अनुरोध को दर्ज करते हुए अभिदाता को एसएमएस/ईमेल के माध्यम से सूचना देगा। इसे निम्नलिखित पते पर भेजा जा सकता है : **केफिन टेक्नोलोजीज प्राइवेट लिमिटेड सेलेनियम टावर बी, प्लाट नंबर 31 और 32 वित्तीय जिला, नानकरामगुडा, सेरिलिंगमपल्ली मंडल,** **हैदराबाद– 500032** **3. शिकायत की स्थिति की जांच कैसे की जाती है ?** अभिदाता सीआरए की वेबसाइट (https://enps-kfintech-com/login/login/) पर जाकर या कॉलसेंटर के माध्यम से टोकन संख्या वर्णित करते हुए शिकायत की जांच कर सकता है।

स्तर 2 : यदि शिकायतकर्ता शिकायत के निवारण से संतुष्ट नहीं है या यदि यह शिकायत दर्ज किए जाने के 30 दिनों के भीतर मध्यस्थ इकाई द्वारा इसे नहीं सुलझाया गया है तो वह इसे निम्नलिखित तरीकों में से किसी एक के माध्यम से राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास (एनपीएस न्यास) को भेज सकता है –

1. **वेबसाइट** : www.npstrust.org.in / https://www.npstrust.org.in/content/contact-us
2. **पत्र** : अभिदाता एनपीएस न्यास को निम्नलिखित पते पर लिखित में भी शिकायत दर्ज कर सकता है।

शिकायत निवारण अधिकारी (जीआरओ)
राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास
14वां तल, आईएफसीआई टावर
61, नेहरु प्लेस
नई दिल्ली– 110019
दूरभाष : 91 11 47207700

तालिका संख्या 3.15: सीआरए के विरूद्ध किए गए प्रश्न/शिकायतें

शिकायतें की गई	वित्त वर्ष 2021–22 शिकायतें के लिए शिकायतों की स्थिति			
	मार्च 2021 के अंत तक लंबित	वित्त वर्ष 2021 – 2022 के दौरान प्राप्त	वित्त वर्ष 2021 – 2022 के दौरान बंद/समाप्त	मार्च 2022 के अंत तक लंबित
सीआरए	1,560	1,50,372	1,50,908	831
शिकायतें (आंकड़े का स्रोत: एनएसडीएल सीआरए, केफिन टेक्नोलॉजीज सीआरए और सीएमएस सीआरए)				

तालिका संख्या 3.16: सीआरए के विरूद्ध श्रेणीवार प्रश्न/शिकायत (रेफरल) की स्थिति

प्रश्न श्रेणी	मार्च 2021 के अंत तक लंबित मामले	वित्त वर्ष 2021–2022 के दौरान प्राप्त मामले	वित्त वर्ष 2021–2022 के दौरान सुलझाए गए मामले	मार्च 2022 के अंत तक समाधान हेतु लंबित मामले
सामान्य शिकायतें	590	66672	66866	310
प्रश्न कार्ड से संबंधित	378	25528	25690	153
एसओटी से संबंधित	135	12237	12265	94
टियर।। से संबंधित	50	5483	5500	26
अभिदाता विवरण का गलत संसाधन	31	5711	5723	19
आईपिन, टीपिन से संबंधित	38	3535	3541	28
निकास से संबंधित	37	50175	5711	34
ईमेल/एसएमएस अलर्ट प्राप्त नहीं हुए	26	2912	2911	21
निकास प्रक्रिया शुरू नहीं की गई/प्राधिकृत नहीं हुई/धनराशि प्राप्त नहीं हुई	25	1763	1777	11
आंशिक निकास प्रक्रिया शुरू नहीं की गई/प्राधिकृत नहीं की हुई/धनराशि प्राप्त नहीं हुई	20	5568	5568	20
अन्य शिकायतें	5	266	262	9
मृत्यु निकास प्रक्रिया शुरू नहीं की गई/ प्राधिकृत नहीं हुई/ धनराशि प्राप्त नहीं हुई	2	285	286	1
संसाधित नहीं की गई/ अभिदाता परिवर्तन अनुरोध में विलंब	13	1526	1532	7
प्रान कार्ड जारी करने में देरी	9	132	134	0
समयपूर्व निकास प्रक्रिया शुरू नहीं की गई/प्राधिकृत नहीं हुई/धनराशि प्राप्त नहीं हुई	1	900	894	7

प्रश्न श्रेणी	मार्च 2021 के अंत तक लंबित मामले	वित्त वर्ष 2021–2022 के दौरान प्राप्त मामले	वित्त वर्ष 2021–2022 के दौरान सुलझाए गए मामले	मार्च 2022 के अंत तक समाधान हेतु लंबित मामले
खाते में अंशदान राशि प्रदर्शित न होना	200	12140	12248	91
कुल	**1560**	**194833**	**150908**	**831**
(आंकड़ों का स्रोत : सीआरए और केफिनटेक सीआरए)				

तालिका संख्या 3.17: दिनांक 31 मार्च 2021 को समाप्त हुए माह के अंत तक दिवसानुसार लंबित शिकायतें *

क्षेत्र	< 7 दिन	8.14 दिन	15.30 दिन	31.60 दिन	> 60 दिन	कुल
केंद्र सरकार	49	0	1	1	3	54
राज्य सरकार	57	3	0	0	3	63
कोर्पोरेट	90	4	3	0	2	99
असंगठित	549	13	10	1	9	582
एनपीएस लाइट	8	0	0	0	0	8
एपीवाई	25	0	0	0	0	25
कुल	**778**	**20**	**14**	**2**	**17**	**831**
(आंकड़ों का स्रोत : एनएसडीएल सीआरए और केफिनटेक सीआरए और सीएएमएस सीआरए)						

स्तर 3 : यदि शिकायतकर्ता शिकायत के निवारण से संतुष्ट नहीं है या स्तर–2 में दिए गए 30 दिनों के भीतर भी कोई उत्तर प्राप्त नहीं होता है, तो अभिदाता द्वारा यथानिर्दिष्ट प्रारूप में विवरण को पीएफआरडीए के लोकपाल को जमा करते हुए, उनसे संपर्क किया जा सकता है।

पीएफआरडीए (अभिदाता शिकायत का निवारण) विनियम 2015 के अनुसार : विनियमों के तहत लोकपाल के साथ अपील दर्ज की जा सकती है और उसमें निम्नलिखित का अनुपालन किया जाएगा–

(क) ऐसे शिकायतकर्ता द्वारा जिनकी शिकायत का एनपीएस न्यास को भेजने के 30 दिन के भीतर भी निवारण नहीं किया गया।

(ख) ऐसे शिकायतकर्ता द्वारा, जहाँ शिकायत किसी अन्य मध्यस्थ इकाई के विरुद्ध न करते हुए सीधा एनपीएस न्यास के विरुद्ध शिकायत की गई है और यह निर्दिष्ट 30 दिनों की अवधि के भीतर भी सुलझाई नहीं गई है।

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली से उत्तर प्राप्त होने के 45 दिनों के भीतर लोकपाल को अपील की जा सकती है।

अपील लिखित में होनी चाहिए और समर्थित दस्तावेजों सहित विनियमों में विनिर्दिष्ट प्रारूप में शिकायतकर्ता या उसके अधिकृत प्रतिनिधि (जो कानूनी पेशेवर न हो) द्वारा विधिवत् रूप से हस्ताक्षरित होनी चाहिए।

वर्तमान में पीएफआरडीए द्वारा केवल एक लोकपाल नियुक्त किया गया है।

श्री अर्नब रॉय
पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण
बी–14/ए, छत्रपति शिवाजी भवन,
कुतुब संस्थानिक क्षेत्र, कटवारिया सराय,
नई दिल्ली– 110016
छत्रपति शिवाजी भवन,
ईमेल आईडी : ombudsman@pfrda.org.in
दूरभाष. : 011 - 26517507
एक्सटेंशन : 188

स्तर 4: यदि अभिदाता लोकपाल द्वारा पारित आदेश से संतुष्ट नहीं है, तो अभिदाता पीएफआरडीए के नामित सदस्य को निम्नलिखित पते पर अपील भेज सकता है।

लोकपाल विभाग,
पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए)
बी–14/ए, छत्रपति शिवाजी भवन, कुतुब संस्थानिक क्षेत्र,
कटवारिया सराय, नई दिल्ली–110016

स्तर 5 : प्रतिभूति अपीलीय प्राधिकरण

अभिदाता से प्रथम स्तर पर शिकायत दर्ज करने का अनुरोध किया जाता है ताकि इसका समयबद्ध रूप से समाधान किया जा सके और शिकायत का मार्ग निकाला जा सके।

3.5.1 वित्त वर्ष 2020–21 के लिए लोकपाल के कार्यालय में प्राप्त, सुलझाई गई और लंबित शिकायतों की संख्या।

तालिका संख्या 3.18: वित्त वर्ष 2021–22 के लिए प्राप्त, सुलझाई गई और लंबित शिकायतों की संख्या।

क्र. सं.	क्षेत्र		
	सीजी/सीएबी	एसजी/एसएबी	यूओएस
वि.व. 2021–22 के अंत तक लंबित शिकायतों की संख्या	2	3	1
प्राप्त की गई शिकायतों की संख्या	2	12	6
सुलझाई गई शिकायतों की संख्या	4	16	6
लंबित शिकायतों की संख्या	0	1	1

टिप्पणी : *वित्त वर्ष 2020–21 के लिए अन्य क्षेत्रों के लिए अर्थात् एनपीएस–लाइट, स्वावलंबन और एपीवाई के लिए, कोई अपील प्राप्त नहीं हुई।

3.5.2 वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान लोकपाल कार्यालय को राज्यवार प्राप्त शिकायते

तालिका संख्या 3.19: वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान लोकपाल कार्यालय को राज्यवार प्राप्त शिकायतें

क्र. सं	राज्य का नाम	राज्यवार प्राप्त की गई शिकायतों की संख्या
1	कर्नाटक	1
2	महाराष्ट्र	1
3	तेलंगाना	1
4	तमिलनाडु	1
5	उत्तर प्रदेश	2
6	अंडमान निकोबार द्वीपसमूह	1

क्र. सं	राज्य का नाम	राज्यवार प्राप्त की गई शिकायतों की संख्या
7	आंध्रप्रदेश	1
8	पश्चिम बंगाल	1
9	दिल्ली	10
10	हरियाणा	1
11	चंडीगढ़	1
	कुल	**21**

3.5.3 पीएफआरडीए द्वारा उठाए गए कदम

क. लोकपाल को अपील दर्ज करने के लिए ऑनलाइन प्रणाली का विकास

वर्तमान में, लोकपाल कार्यालय में भौतिक प्रपत्र के माध्यम से अपील प्राप्त की जाती है। लोकपाल के साथ एक ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से अपील दर्ज करने के लिए पीएफआरडीए की वेबसाइट पर एक वेब पोर्टल विकसित किया जा रहा है, जिसमें पीड़ित अभिदाता जिसकी संबंधित मध्यस्थ इकाई के विरूद्ध शिकायत का समाधान निर्दिष्ट समय के भीतर भी नहीं किया गया है, ऑनलाइन रूप से अपील करने का विकल्प चुन सकता है।

ख. लोकपाल पर अधिकांश पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यूज़)

पीएफआरडीए द्वारा लोकपाल को अपील दर्ज करने की प्रक्रिया के विषय में अभिदाताओं को जागरूक करने के लिए एफएक्यू जारी किए हैं। यह पीएफआरडीए की वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं।

31 मार्च 2022 तक के अनुसार सीजीएमएस में प्राप्त शिकायतों की स्थिति निम्न तालिका में प्रदान की गई है:

तालिका संख्या 3.20: 1 अप्रैल 2021 से 31 मार्च, 2022 तक के अनुसार वर्ष के दौरान सीजीएमएस में लंबित, प्राप्त और निपटाई गई शिकायतों की स्थिति निम्नलिखित तालिका में प्रदान की गई है:

क्र. सं	क्षेत्र	31 मार्च 2021 तक के अनुसार लंबित	31 मार्च 2022 तक प्राप्त	31 मार्च 2022 तक सुलझाई गई	31 मार्च 2022 तक लंबित प्रतिशत
1	एनपीएस नियमित #	3148	175175	175512	1.60
2	एनपीएस लाइट	173	2345	2409	4.65
3	एपीवाई	695	57015	56833	1.54
	कुल	**4016**	**234535**	**234754**	**1.62**
टिप्पणी: # एनपीएस नियमित में सीजी/एसजी/एसएबी/सीएबी/कोर्पोरेट और सर्व नागरिक क्षेत्र सम्मिलित हैं।					

31 मार्च, 2022 तक के अनुसार विभिन्न मध्यस्थ इकाईयों को प्राप्त शिकायतों की स्थिति निम्न तालिका में प्रदान की गई है:

तालिका संख्या 3.20: 1 अप्रैल 2021 से 31 मार्च, 2022 तक के अनुसार वर्ष के दौरान सीजीएमएस में लंबित, प्राप्त और निपटाई गई शिकायतों की स्थिति निम्नलिखित तालिका में प्रदान की गई है:

क्र. सं	क्षेत्र	31 मार्च 2021 तक के अनुसार लंबित	31 मार्च 2022 तक प्राप्त	31 मार्च 2022 तक सुलझाई गई	31 मार्च 2022 तक लंबित प्रतिशत
1	केंद्र सरकार	488	5052	5200	340
2	राज्य सरकार	492	6,491	6233	750
3	पीओपी	471	29,966	29,716	721
4	कोर्पोरेट	1	55	53	3
5	न्यासी बैंक	200	50	166	84
6	एनपीएस लाइट	637	41,284	41,103	818
7	एपीवाई (एपीवाई-एसपी)	155	714	771	98

क्र. सं	क्षेत्र	31 मार्च 2021 तक के अनुसार लंबित	31 मार्च 2022 तक प्राप्त	31 मार्च 2022 तक सुलझाई गई	31 मार्च 2022 तक लंबित प्रतिशत
8	ईएनपीएस	395	21,608	21,849	154
9	सीआरए	1,131	126,918	127,584	465
10	एनपीएस न्यास	46	2,397	2,079	364
	कुल	**4016**	**234535**	**234754**	**3797**

स्रोत : सीआरए

प्राप्त की गई प्रमुख शिकायतें– लेनदेन विवरण, खाते में प्रदर्शित न होने वाली अंशदान राशि, प्रान कार्ड संबंधी, अनुपयुक्त अभिदाता विवरण प्रसंस्करण, अंशदान राशि की अपलोडिंग में विलंब आदि से संबंधित थी। अभिदाताओं द्वारा शिकायतें सीजीएमएस में दर्ज की गई और आवश्यक कार्रवाई के लिए सीधे संबंधित मध्यस्थ इकाई को बढ़ाई गई । अतः यह संबंधित मध्यस्थ इकाई का उत्तरदायित्व है कि सीजीएमएस में शिकायतो, जो उनके विरूद्ध की गई हैं, का समाधान करे और उन्हें निपटाए।

3.6 सेवानिवृत्ति सलाहकारों के लिए प्रमाणन कार्यक्रम

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण एनपीएस के कवरेज को बढाने और एनपीएस के तहत संपत्ति आवंटित करने और पीएफएम चुनने के लिए अभिदाताओं को सलाहकार सेवाएं प्रदान करने के लिए सेवानिवृत्ति सलाहकारों को पंजीकृत कर रहा है। सेवानिवृत्ति सलाहकारों का कार्य और उत्तरदायित्व पेंशन क्षेत्र की क्रमिक वृद्धि सुनिश्चित करना है। पीएफआरडीए ने, पीएफआरडीए (सेवानिवृत्ति सलाहकार) विनियम 2016 के अनुसार सेवानिवृत्ति सलाहकार के रूप में व्यक्तियों को पंजीकरण प्रमाणपत्र देना शुरू कर दिया। पीएफआरडीए ने सेवानिवृत्ति सलाहकार प्रमाणन जांच के प्रमाणन के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट (एनआईएसएम) को मान्यता दी है। मार्च 2021 तक, कुल 743 उम्मीदवार सेवानिवृत्ति सलाहकार प्रमाणन परीक्षा में प्रमाणित थे। वित्त वर्ष 2021–22 में, 19 नए सेवानिवृत्ति सलाहकार (आरए), व्यक्तिगत श्रेणी में, 04 व्यक्तिगत सेवानिवृत्ति सलाहकार नवीनीकृत श्रेणी और व्यक्तिगत श्रेणी से भिन्न श्रेणी में 04 नए सेवानिवृत्ति सलाहकार (आरए) को पीएफआरडीए द्वारा पंजीकृत किया गया। वित्त वर्ष 2020–21 में नामांकित हुए, प्रस्तुत हुए और उत्तीर्ण हुए उमीदवारों का तुलनात्मक तिमाही सार निम्नानुसार है:

तालिका संख्या 3.22: सेवानिवृत्ति सलाहकार प्रमाणन विवरण

एनआईएसएम श्रेणी-XVII: सेवानिवृत्ति सलाहकार प्रमाणन			
माह	नामांकित	प्रस्तुत	उत्तीर्ण
अप्रैल–जून 2021	44	29	19
जुलाई–सितंबर 2021	83	68	45
अक्टूबर–दिसंबर 2021	78	72	56
जनवरी–मार्च 2022	94	71	45
कुल	**299**	**240**	**165**

3.7 प्राधिकरण द्वारा मध्यस्थ इकाईयों के आंकड़े, अध्ययन, अनुसंधान और परियोजनाओं की वचनबद्धता और प्रवर्तन सहित।

जनसांख्यिकी, सेवानिवृत्ति बचत और निवेश के आधार पर एक व्यापक आंकड़ों का संग्रह और संकलन, विभिन्न वित्तीय संगठनों द्वारा जारी किए गए विभिन्न वित्तीय उत्पाद/योजनाएं जो अंतर्निहित अभिदाताओं की वृद्धावस्था आय सुरक्षा को पूरा करने के लिए निर्मित हैं, इनसे उत्पन्न प्रतिफल, अभिदाताओं को प्रदान प्रकटीकरण और सुरक्षा आदि पीएफआरडीए के मौजूदा क्रियाकलापों में शामिल हैं। इस दिशा में, पीएफआरडीए में विभिन्न पेंशन योजनाओं के तहत कवर किए गए लोगों और विभिन्न योजनाओं के तहत पेंशन प्राप्त करने वाले लोगों के बारे में जानकारी

संकलित कर रहा है। पीएफआरडीए देश में अन्य पेंशन प्रदाताओं से जानकारी एकत्रित करने की प्रक्रिया में संलग्न है।

3.8 अभिदाताओं और आम जनता को पेंशन, सेवानिवृत्ति बचत और संबंधित मुद्दों और बिचौलियों के प्रशिक्षण विवरण पर शिक्षित करने के लिए उठाए गए कदम

3.8.1 पेंशन से संबंधित वित्तीय साक्षरताः

वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद् (एफएसडीसी) के सदस्य के रूप में पीएफआरडीए, इसकी उप–समिति, कार्य समूहों और विभिन्न अंतर–नियामक फोरम अर्थात् इंटर रेगुलेटरी टेक्निकल ग्रुप (आईआर एंड टीजी), फाइनेंषियल इनक्लूजन एंड फाइनेंशियल लिटरेसी (टीजीएफआईएफएल) पर टेक्निकल ग्रुप, इंटर रेगुलेटरी फोरम फॉर मॉनीटरिंग फाइनेंशियल कांग्लोमेरेट्स (आईआरएफ–एफसी), वर्किंग ग्रुप ऑन रेज़ोल्यूशन रेजाइम फॉर फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस पर कार्यसमूह वाली इन समितियों/समूहों/मंचों के उद्देश्य को आगे बढ़ाने में सक्रिय रूप से योगदान देता है।

पीएफआरडीए ने धन, वित्तीय नियोजन, सेवानिवृत्ति योजना, निवेश मूल्यांकन और वार्षिकी से संबंधित मूलभूत तत्वों और अवधारणाओं पर जागरूकता फैलाने और अभिदाताओं और आम जनता को शिक्षित करने के लिए वेबसाइट *www.pensionsanchay.org.in* निर्मित की है। वेबसाइट धन और वित्तीय नियोजन और सेवानिवृत्ति योजना से संबंधित विषयों और मौलिक तत्वों और अवधारणाओं के संदर्भ प्रदान करती है और एक ब्लॉग अनुभाग की सुविधा देती है जिसमें पेंशन, बचत और निवेश, सेवानिवृत्ति योजना, धन और वित्त के बुनियादी ढांचे और सेवानिवृत्ति योजना के पहलुओं से संबंधित विषयों पर चर्चा होती है। वेबसाइट में बिहेवियरल एस्पेक्ट्स ऑफ रिटायरमेंट प्लानिंग, धन और वित्त के मूलभूत तत्व, सेवानिवृत्ति नियोजन, बचत और निवेश, पर एक ब्लॉग अनुभाग भी है। ब्लॉग भाग में 72 लेख हैं, जिनमे से 9 लेख वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान पेश किए गए हैं, और यह देशभर के लेखकों द्वारा भेजे गए हैं। वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान, पेंशन संचय वेबसाइट पर कुल आगंतुकों की संख्या 3,39,001 थी।

3.8.2 वित्तीय अभिकरणों और अन्य अभिकरणों के साथ समन्वय के लिए कार्यक्रम

पीएफआरडीए, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई),भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (आईआरडीएआई) के साथ नेशनल सेंटर फॉर फाइनेंशियल एजुकेशन (एनसीएफई) के साथ धारा 8 (नॉट फॉर प्रॉफिट) को बढ़ावा दे रहा है। पीएफआरडीए ने 100 करोड़ की शेयर पूंजी से 10 करोड़ का योगदान दिया है, जबकि आरबीआई, सेबी और आईआरडीएआई प्रत्येक ने रु.30 करोड़ का योगदान दिया है। एनसीएफई का लक्ष्य, उपभोक्ता संरक्षण और शिकायत निवारण के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी मशीनरी के साथ विनियमित संस्थाओं के माध्यम से उचित वित्तीय उत्पादों और सेवाओं को उपलब्ध कराते हुए लोगों को पैसे का प्रबंधन और अधिक प्रभावी ढंग से वित्तीय कल्याण प्राप्त करने में मदद करने के लिए बड़े पैमाने पर वित्तीय शिक्षा अभियान शुरू करना है ।

एनसीएफई का उद्देश्य भारत में सभी वर्गों के लिए फाइनेंशियल स्टेबिलिटी एंड डेवलपमेंट काउंसिल की वित्तीय शिक्षा पर राष्ट्रीय रणनीति के अनुसार वित्तीय शिक्षा का प्रचार करना और जनसंख्या के सभी वर्गों के लिए से वित्तीय शिक्षा अभियानों के माध्यम से सेमिनार, वर्कशॉप, सम्मेलनों, प्रशिक्षण, कार्यक्रम , अभियान, चर्चा मंचों के माध्यम से वित्तीय रूप से जागरूक और सशक्त बनाना है या संस्थानों, संगठनों की सहायता से और वित्तीय शिक्षा में प्रशिक्षण प्रदान करने और इलेक्ट्रॉनिक या गैर–इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप, वर्कबुक, में वित्तीय शिक्षा सामग्री बनाने के लिए जनसंख्या कार्यपत्रकों, साहित्य, पैम्फलेट, पुस्तिका, फ्लायर, तकनीकी सहायता और वित्तीय साक्षरता में सुधार के लिए वित्तीय बाजारों और वित्तीय डिजिटल मोड पर लक्ष्य आधारित दर्शकों के लिए उपयुक्त वित्तीय साहित्य तैयार करना है ताकि वित्त में उनके ज्ञान, समझ, कौशल और क्षमता में सुधार हो सके।

एपीवाई को एनसीएफई मॉड्यूल में शामिल किया गया है, जो न्यूनतम पेंशन की गारंटी देने वाली सरकारी योजनाओं में से एक है। इसके अलावा, एनपीएस को भी सेवानिवृत्ति आवश्यकताओं के समाधान के रूप में एनसीएफई मॉड्यूल में भी शामिल किया गया है।

भारत सरकार के लिए वित्तीय शिक्षा के लिए राष्ट्रीय रणनीति (एनएसएफईः 2020.25) भारतीयों को वित्तीय कल्याण प्राप्त करने के लिए एक बहु–हितधारक दृष्टिकोण अपनाने की सिफारिश करती है। एनएसएफई 2020–25 की कार्य योजना के तहत नीतिगत लक्ष्य के अनुसार, कक्षा VI से XII के छात्रों के लिए स्कूली पाठ्यक्रम में वित्तीय शिक्षा की सामग्री को सभी क्षेत्र नियामकों के समन्वय से तैयार किया गया है।

इसके अलावा, पीएफआरडीए द्वारा एनएसएफई और अन्य विनियामकों के समन्वय एवं समायोजन से सफलतापूर्वक वित्तीय साक्षरता सप्ताह (एफएलडब्ल्यू 2022) 14 फरवरी से 18 फरवरी, 2022 तक आयोजित किया गया है। 16 फरवरी 2022 को "Transforming India's Pension System Through Digitisation-Scope and Way Forward" राष्ट्रिय स्तर का वेबिनार आयोजित किया गया, जो कि पीएफआरडीए के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा संबोधित किया गया।

उपर्युक्त के अतिरिक्त पीएफआरडीए ने ग्लोबल मनी वीक (जीएमडब्ल्यू) के दौरान सक्रिय रूप से भाग लिया, जो एक वार्शिक अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा जागरूकता अभियान है, जिसे बच्चों और युवाओं को पैसे के मामलों, आजीविका और उद्यमिता के बारे में जानने के लिए प्रेरित करने के लिए हितधारकों की एक विस्तृत श्रृंखला को प्रोत्साहित करने के लिए परिकल्पित किया गया है। सेबी भारत में जीएमडब्लयू अभियान के राश्ट्रीय समन्वयक के रूप में था और जीएमडब्लयू का आयोजन 21 मार्च 2022 से 27 मार्च, 2022 के दौरान किया गया था। पीएफआरडीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 24 मार्च, 2022 को जीएमडब्लयू में अतिथि वक्ता के रूप में "सेवानिवृत्ति के लिए स्मार्ट तरीके से योजना बनाने" पर एक राष्ट्रीय स्तर के वेबिनार को भी संबोधित किया।

3.8.3 मीडिया और संचार पर पीएफआरडीए के प्रयास और एनपीएस/ एपीवाई जागरूकता

'भारत को एक पेंशनयुक्त समाज' बनाने के दृष्टिकोण के साथ पीएफआरडीए ने पेंशन और सेवानिवृत्ति योजना पर जागरूकता निर्माण करने के निरंतर प्रयास को जारी

रखा है। इस पृष्ठभूमि में, प्राधिकरण द्वारा विभिन्न चैनल या संचार के माध्यम अर्थात् सोशल मीडिया, डिजिटल मार्ग, इलैक्ट्रानिक मीडिया (श्रव्य और दृश्य) और प्रिंट मीडिया को वित्तीय एवं पेंशन साक्षरता पर शिक्षित करने और इसे बढ़ाने के लिए और एनपीएस/एपीवाई के गुण और लाभ, विशेष रूप से एनपीएस के लिए 18–65 वर्ष के आयु समूह और एपीवाई के लिए 18–40 के आयु समूह वाले नागरिकों को स्पष्ट करने के लिए अपनाया गया। सभी मीडिया क्रियाकलाप विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय (डीएवीपी) और प्रसार भारती (एआईआर और दूरदर्शन) द्वारा व्यवस्थाएं करते हुए किए जाएंगे । एनपीएस के विषय में वेबीनार/सेमीनार/ऑनलाइन कार्यशालाओं/ई–सम्मेलन आदि द्वारा सूचना प्रदान करने और जागरूक करने के लिए डिजिटल मंचों को तैयार किया गया था।

वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान, एनपीएस प्रिंट अभियान यह सूचित करने के लिए चलाए गए थे कि एनपीएस क्या है, इसमें कौन शामिल हो सकता है, नियोक्ता को इससे प्राप्त होने वाले लाभ, कर प्रोत्साहन और प्रिंट विज्ञापन डिजाइन क्यूआर कोड के साथ अंकित किए गए थे, जिससे उपयोगकर्ता एनपीएस के विषय में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए एनपीएस न्यास के वेबपेजों पर जा सकते हैं। देश भर में कवरेज के साथ हिंदी, अंग्रेजी और 11 क्षेत्रीय भाशाओं के 155 समाचार पत्रों में प्रिंट विज्ञापन किए गए। पूरे भारत को शामिल करते हुए 342 रेडियो स्टेशनों के माध्यम से आम जनता को सूचित करने के लिए एनपीएस रेडियो अभियान शुरू किए गए थे। वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही में डीडी न्यूज और दूरदर्शन के 28 क्षेत्रीय केंद्रों के माध्यम से एनपीएस के कर लाभों पर बल देते हुए एनपीएस के लिए टीवी स्क्रॉल अभियान चलाए गए। फेसबुक, ट्विटर और लिंक्डइन जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पेड मैसेज पोस्ट करके नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य से पूरे साल डिजिटल/सोशल मीडिया अभियान भी चलाए गए, जिसमें एनपीएस की सदस्यता लेने के लाभ शामिल थे।

1 अक्टूबर 2021 को इन गतिविधियों – 'एनपीएस दिवस' पर प्रेस मीट आयोजित की गई जो कि विभिन्न मीडिया माध्यमों पर इसके प्रचार के साथ– 'पीएफआरडीए द्वारा एनपीएस दिवस की घोषणा' के लिए प्रेस विज्ञप्ति, रेडियो जॉकी द्वारा घोषणा (विज्ञापन लाइव) –, समाचार प्रसारण के दौरान 15 बार बग फ्लैष (10 सेकंड) , टीवी स्पॉट (30 सेकंड) – 5 बार, पीआर एजेंसी के माध्यम से सोशल मीडिया अभियान, ट्विटर ट्रेंड, अध्यक्ष टीवी साक्षात्कार 15 मिनट के लिए (डीडी के माध्यम से हिंदी और अंग्रेजी), अध्यक्ष रेडियो साक्षात्कार 15 मिनट (एआईआर के माध्यम से हिंदी और अंग्रेजी), एनपीएस दिवस द्वारा प्रायोजित 01 मिनट

का वीडियो (04 प्रकार 24 बार चलाया गया) जी न्यूज, समाचार पत्र विज्ञापन (एनपीएस दिवस), पीओपी के सहयोग से सशुल्क एनपीएस दिवस विज्ञापन– के साथ एनपीएस दिवस मनाया गया।

एपीवाई के 3 अद्वितीय लाभों का संदेश देने के लिए **एपीवाई प्रिंट अभियान** चलाया गया था और विज्ञापन न केवल उत्पाद पेशकशों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए बनाए गए थे बल्कि संभावित अभिदाताओं को यह सूचित करके योजना में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करते थे कि 3 करोड़ से अधिक अभिदाता पहले ही शामिल हो चुके हैं। एपीवाई योजना के प्रिंट विज्ञापन डिजाइन देश भर के 210 समाचार पत्रों में जारी किए गए थे।

नागरिकों और अभिदाताओं को उनके आर्थिक और सामाजिक कल्याण के लिए हानिकारक धोखाधड़ी गतिविधियों के बारे में जागरूक और सतर्क रखने के लिए, पीएफआरडीए/एनपीएस के नाम पर धोखाधड़ी और जालसाजी की रोकथाम के लिए सूचना का प्रसार करने के लिए प्राधिकरण द्वारा अपने सोशल मीडिल हैंडल पर टेक्स्ट और ग्राफिकल संदेश पोस्ट किए गए, 288 समाचार



पत्रों को कवर करने वाले प्रिंट मीडिया में आवधिक अंतराल पर सार्वजनिक नोटिस जारी किए गए, पीएफआरडीए वेबसाइट में शामिल स्क्रॉलिंग संदेश और पेंशन संचय वेबसाइट में वीडियो संदेश शामिल किए गए ।

3.8.4 सेवानिवृत्ति सलाहकारों के लिए प्रमाणन कार्यक्रम

पारंपरिक मीडिया की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए और आम तौर पर इसे जनता के लिए एकतरफा संचार के रूप में अंकित करते हुए, सोशल मीडिया मंच लक्षित दर्शकों से प्रतिक्रिया प्राप्त करने के साथ लक्षित दर्शकों के लिए संचार और संदेश के वितरण का एक बहु–आयामी चैनल प्रदान करता है। सोशल मीडिया जनता के साथ संपर्क और जुड़ाव के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और पीएफआरडीए अभिदाताओं के साथ संपर्क बनाए रखने और जुड़े रहने की दिशा में एनपीएस और एपीवाई के लिए फेसबुक, ट्विटर, लिंक्डइन, यूट्यूब पर अपने खाते को सक्रिय रूप से बनाए हुए है ।

पीएफआरडीए के सोशल मीडिया हैंडल के फॉलोअर्स हैं: एपीवाई फेसबुक पेज–72159, एनपीएस फेसबुक–40008, ट्विटर–8347 और वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान कुल 677 फेसबुक पोस्ट, 785 ट्वीट और लिंक्डइन पर 363 पोस्ट किए गए, जो महत्वपूर्ण सूचना और अद्यतन नीतिगत परिवर्तनों को प्रसारित करने और लक्षित वर्ग/दर्शकों को शामिल करने के उद्देश्य से साझा किए गए थे।

3.8.5 जनसंपर्क और संचार

प्राधिकरण जागरूकता बढ़ाने और वृद्धावस्था आय सुरक्षा को बढ़ावा देने और अभिदाता हितों की रक्षा के लिए अपनी नीतियों, गतिविधियों और योजनाओं के बारे में जानकारी प्रसारित करने के उद्देश्य से विभिन्न जनसंपर्क गतिविधियां/संचार करता है। वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान, पीएफआरडीए ने 02 प्रेस बैठकें, 54 मीडिया साक्षात्कार/बातचीत का आयोजन किया और 27 प्रेस विज्ञप्तियां जारी की गई, जिसमें प्रिंट, श्रव्य, ऑनलाइन और दृश्य मीडिया चैनलों पर प्रकाशन के लिए नीतिगत परिवर्तनों और विकासों को संप्रेषित किया गया और 438 समाचार पत्रों और 561 ऑनलाइन समाचार मंचों में कवरेज किया गया। सेवानिवृत्ति योजना, पेंशन और वृद्धावस्था आय सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों के विभिन्न पहलुओं को प्रिंट और ऑनलाइन मीडिया में 07 विशेष लेखों के माध्यम से प्रसारित किया गया था।

3.8.6 प्रशिक्षण

पीएफआरडीए ने पिछले 05 वित्तीय वर्षों में 2.26 लाख से अधिक प्रतिभागियों को प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से एनपीएस/एपीवाई पर जानकारी प्रसारित की थी। इन प्रशिक्षण सत्रों के प्रतिभागियों को एनपीएस/एपीवाई की मुख्य विशेषताओं, योजनाओं में शामिल होने की प्रक्रिया, निधि प्रबंधक के चयन के लिए उपलब्ध विकल्प, परिसंपत्ति आवंटन, वार्षिकी योजना, शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया आदि के बारे में जानकारी दी गई। वर्तमान में, पीएफआरडीए द्वारा विभिन्न हितधारकों जैसे–सरकारी क्षेत्र नोडल कार्यालय, कोर्पोरेट, उपस्थिति अस्तित्वों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए 04 प्रशिक्षण अभिकरण सूचीबद्ध किए गए हैं । हीरो माइंडमाइन लिमिटेड नामक नियुक्त प्रशिक्षण एजेंसी ने 01/10/2021 से 31/03/2022 तक अपने कार्यकाल के दौरान देशभर में कुल 40520 प्रतिभागियों के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए थे।

तालिका संख्या 3.23: एनपीएस के तहत प्रशिक्षण सत्रों और प्रतिभागियों की संख्या पर क्षेत्रवार वितरण

